RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 34 ■ अंक 16 ■ मुंबई, सोमवार 11 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



संसद में बहस से अधिक हंगामा!

पेज-4



रक्षाबंधन के मौके पर CO अनुज चौधरी को मिला प्रमोशन

पेज-6



'महेंद्र सिंह धोनी से आगे निकल जाएंगे ऋषभ पंत'

पेज-9



जॉन अब्राहम ने की मलयालम सिनेमा की तारीफ

पेज-10

## Short News एक नजर

### रिवाइज इनकम टैक्स बिल आज संसद में पेश होगा

**नई दिल्ली।** संसद में आज सोमवार, 11 अगस्त को रिवाइज इनकम टैक्स बिल 2025 पेश किया जाएगा। 31 सदस्यों वाली सिलेक्ट कमेटी की ओर से बदलाव के सुझावों के बाद शुक्रवार (8 अगस्त) को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न्यू इनकम टैक्स बिल 2025 को वापस ले लिया था।

### उपराष्ट्रपति चुनाव: विपक्ष ने कसी कमर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष ने भी तैयारी शुरू कर दी है। विपक्षी गठबंधन का साझा उम्मीदवार उतारने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का नाम तलाशने और आम सहमति बनाने के लिए गठबंधन के सहयोगी दलों से संपर्क कर रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया का मानना है कि वे चुनाव में अपने दमदार प्रदर्शन के जरिए सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

### चीन के भावी विदेश मंत्री हिरासत में



**बीजिंग।** चीन में पुलिस ने वरिष्ठ राजनयिक लियू जियानचाओ को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जियानचाओ चीन के अगले विदेश मंत्री बनने की रेस में सबसे आगे थे। जियानचाओ को जुलाई के अंत में विदेश यात्रा से बीजिंग लौटने के बाद हिरासत में लिया गया है। हालांकि, चीन ने इस मामले पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। चीनी सरकार के लिए मीडिया संबंधी प्रश्नों का जवाब देने वाली संस्था राज्य परिषद सूचना कार्यालय और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अंतर्राष्ट्रीय संपर्क विभाग ने इस मामले पर कोई भी टिप्पणी करने से इंकार किया है।

### पुतिन-ट्रम्प 15 अगस्त को अलास्का में मिलेंगे



**वॉशिंगटन डीसी/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प 15 अगस्त को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करेंगे। इसका मकसद यूक्रेन में साढ़े तीन साल से चल रही जंग को खत्म करना है। ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात होती है तो यह पहली बार होगा जब दोनों नेता अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। रूस ने पहले पुतिन और ट्रम्प की मुलाकात के लिए UAE का सुझाव दिया था। हालांकि बाद में ट्रम्प ने बैठक के लिए अलास्का को चुना। अलास्का उत्तरी ध्रुव के नजदीक कनाडा से सटी वो जगह है जो कभी रूस का हिस्सा हुआ करती थी। 158 साल पहले रूस ने इसे अमेरिका को सिर्फ 45 करोड़ रुपए में बेच दिया था।

# 'दुनिया ने नए भारत का चेहरा देखा'

## पीएम मोदी ने बंगलूरू में ऑपरेशन सिंदूर के जिक्र के साथ ट्रंप के बयान भारत 'डेड इकोनॉमी' पर कसा तंज



**महानगर नेटवर्क**

**बंगलूरू**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू का दौरा किया। यहां उन्होंने बंगलूरू को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार बंगलूरू आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई।' पीएम मोदी ने कहा, 'पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बंगलूरू और कर्नाटक के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं।' इससे पहले उन्होंने कहा, 'कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है।'

### 'भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया'

पीएम मोदी ने कहा कि बंगलूरू को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बंगलूरू को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है। बंगलूरू की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है।

### 'शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की दिशा में'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने यह गति कैसे हासिल की? यह हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है। हमने यह गति नेक इरादों और ईमानदार प्रयासों से हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो सिर्फ पांच शहरों तक सीमित थी। अब 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से ज्यादा का नेटवर्क है। 2014 से पहले लगभग 20,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण था। हमने पिछले 11 वर्षों में ही 40,000 किलोमीटर से ज्यादा रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है। 2014 तक भारत में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है। जलमार्गों के आंकड़े भी उतने ही प्रभावशाली हैं। 2014 में सिर्फ 3 राष्ट्रीय जलमार्ग चालू थे। अब ये संख्या बढ़कर 30 हो गई है।

# डबल वोटिंग के दावे पर घिरे राहुल गांधी



- राहुल के सबूत को EC ने बताया फर्जी
- नोटिस भेजकर मांगा जवाब

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कर्नाटक में डबल वोटिंग का दावा अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए कानूनी पचड़ा बन गया है। राहुल गांधी ने अपनी प्रेजेंटेशन में एक डॉक्यूमेंट दिखाते हुए दावा किया था कि यह चुनाव आयोग का रिकॉर्ड है। शगुन रानी नाम की एक महिला के पास दो-दो वोटर आईडी हैं। इसमें पोलिंग बूथ ऑफिसर का टिक मार्क लगा है, जो यह साबित करता है कि शगुन रानी ने दो बार वोट भी किया।

अब यही राहुल गांधी के गले की फांस बन गया है। क्योंकि चुनाव आयोग कह रहा कि पूरी कहानी ही उलटी है। कर्नाटक के चीफ इलेक्शन कमीश्नर ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर दिया है और पूछा है कि जो दावा आपने किया, उसका सबूत तो दीजिए। क्योंकि हमने जो जांच की है, उसके मुताबिक- शगुन रानी नाम की महिला ने दो बार वोट नहीं किया। लेकिन सबसे बड़ा सवाल, अगर राहुल गांधी का दावा गलत पाया गया तो क्या होगा? कहा जा रहा है कि उन पर आर्टिकल 337 के तहत कार्रवाई हो सकती है।

भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 337 एक गंभीर अपराध में लागू होती है। जब भी कोई शख्स सरकारी दस्तावेज या कोर्ट रिकॉर्ड की जालसाजी करता है तो उस पर ये धारा लगाई जा सकती है। माना जा रहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह चुनाव आयोग के डॉक्यूमेंट को गलत तरह से पेश किया, उसमें छेड़छाड़ की गई, वह इस दायरे में आएगी। अगर ऐसा हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। राहुल को 7 साल तक की कठोर कारवास की सजा दी जा सकती है। इतना ही नहीं, उस पर असीमित जुर्माना भी लगाया जा सकता है।



# आर्मी चीफ बोले- अगला युद्ध जल्द हो सकता है

**चेन्नई।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही PAK को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को IIT मद्रास में 'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (IARC) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो आज सामने आया।


# सबके बॉस हम हैं...

## राजनाथ सिंह ने इशारों में ट्रंप को दिया करारा जवाब

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के रायसेन के दशहरा मैदान में देश की पहली रेल और मेट्रो कोच निर्माण इकाई ग्रीनफील्ड रेल कोच निर्माण केंद्र की आधारशिला रखी। इसके बाद उन्होंने यहां पर एक जनसभा को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने इशारों ही इशारों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग अपने आप को दुनिया का बॉस समझते हैं। कुछ लोगों को भारत का विकास रास नहीं आ रहा है। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए



कहा कि कुछ लोग हैं जो भारत की विकास दर से खुश नहीं हैं। उन्हें यह पसंद नहीं आ रहा है। 'सबके बॉस तो हम हैं', भारत इतनी तेजी से कैसे बढ़ रहा है? और कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में बनी चीजें, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया उन्हें न खरीदे। यह कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि अब दुनिया की कोई भी ताकत भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती।

### 'रक्षा के क्षेत्र में भारत का बढ़ रहा निर्यात'

राजनाथ सिंह ने कहा कि जहां तक रक्षा क्षेत्र की बात है, आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की रक्षा वस्तुओं का निर्यात कर रहे हैं। यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है और निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

# कुलगाम के बाद किश्तवाड़ में मुठभेड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दुल इलाके में सुबह से ही सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सेना के मुताबिक, दो आतंकवादी वहां फंसे हुए हैं और उनका एनकाउंटर जारी है। सुबह सेना को खबर मिली कि आतंकवादी इलाके में छिपे हैं, जिसके बाद सेना ने तुरंत कार्रवाई की। अब तक कई राउंड गोलीबारी हो चुकी है। ये मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर में इस वक्त चल रहे कई बड़े आतंकवाद-रोधी अभियानों में से एक है। एक दिन पहले ही दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में एक और ऑपरेशन चल रहा था, जिसे "ऑपरेशन अखल" कहा जाता है।

# दुनिया झुकती है, झुकाने वाला चाहिए

## गडकरी बोले- विश्वगुरु बनना है तो इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट बढ़ाना होगा

**महानगर नेटवर्क**

**नागपुर**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में अभी जिन विषयों पर चर्चा हो रही, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। विश्व में हम अनेक तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि दुनिया झुकती है, बस झुकाने वाला चाहिए। गडकरी शनिवार को नागपुर में स्थित विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (VNIT) के कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

गडकरी ने कहा- सबसे बड़ी राष्ट्रभक्ति यह हो सकती है कि हम इम्पोर्ट को कम करें और एक्सपोर्ट को बढ़ाएं। विश्वगुरु बनने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने बताया कि



दुनिया की सभी समस्याओं का उपाय साइंस, टेक्नोलॉजी और नॉलेज है। अगर हम नॉलेज और पावर का इस्तेमाल करेंगे तो दुनिया के सामने झुकना नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ये बातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के ऐलान के 3 दिन बाद कही हैं। ट्रम्प का 25% अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा।

### कुछ देश दुनिया में दादागिरी कर रहे

गडकरी ने कहा, 'आर्थिक रूप से संपन्न होने की वजह से दुनिया में कुछ देश दादागिरी कर रहे हैं। उनके पास टेक्नोलॉजी है। अगर हमारे पास उनसे अच्छी टेक्नोलॉजी और रिसोर्स आएंगे तो हमें दादागिरी नहीं करनी है। हमारी संस्कृति कहती है कि विश्व का कल्याण हो। हमने कभी नहीं कहा कि अपना कल्याण पहले करो, फिर दुनिया का। गडकरी ने कहा-सभी जिले, राज्य और क्षेत्रों में अलग-अलग बातें हैं। जहां कचरा ज्यादा है, वहां भी अलग तरह का काम हो सकता है। टेक्नोलॉजी और साइंस में हमारे इंस्टीट्यूशन और साइंटिस्ट उस दिशा में काम करेंगे। इससे देश की प्रगति और विकास दर तीन गुना बढ़ जाएगी।

# अमेरिका से मुनीर की भारत पर परमाणु हमले की गीदड़ भभकी

**वॉशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह से मात खाए पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने परमाणु हमले की गीदड़ भभकी दी है। अमेरिका की धरती से मुनीर ने कहा है कि यदि भारत के साथ भविष्य में युद्ध होता है और उससे पाकिस्तान के अस्तित्व पर खतरा मंडराता है तो पूरे क्षेत्र को परमाणु युद्ध में झोंक देंगे। अमेरिका के टाम्पा शहर में बिजनेसमैन अदनान असद द्वारा आयोजित डिनर में मुनीर ने कहा, "हम एक परमाणु राष्ट्र हैं, अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे होंगे तो आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे।" मुनीर ने डिनर के दौरान भारत द्वारा रद्द की गई सिंधु जल संधि पर भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत के इस फैसले से 25 करोड़ लोगों के भुखमरी का खतरा हो सकता है। हम इंतजार कर रहे हैं कि भारत कब बांध बनाता है और जब वह बनाएगा तो हम उसे 10 मिसाइल हमलों से तबाह कर देंगे।" उन्होंने कहा, "सिंधु नदी भारत के लोगों की पारिवारिक संपत्ति नहीं है। हमें मिसाइलों की कमी नहीं है।"

# वाड्रा ने अवैध तरीके से कमाए 58 करोड़ रुपये

## गुरुग्राम भूमि सौदे को लेकर ईडी की चार्जशीट में खुलासा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज हुआ है। यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर में एक जमीन के सौदे में कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। जांच एजेंसी ईडी का कहना है कि इस सौदे से 58 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। इस रकम को बाद में कई संपत्तियों में लगाया गया। यह रकम दो अलग-अलग रास्तों से आई। 5 करोड़ रुपये BBTPL के जरिए और 53 करोड़ रुपये SLHPL के जरिए भेजे गए।

यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग कानून की कई



धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। इसमें आरोपियों के लिए 3 से 7 साल की जेल की सजा और अपराध से हासिल की गई संपत्तियों को जब्त करने की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई PMLA के तहत नामित एक विशेष अदालत करेगी।

रॉबर्ट वाड्रा पर तीन मामले दर्ज हैं। पहला आरोप पत्र 17 जुलाई को दाखिल किया गया था। रॉबर्ट वाड्रा के कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि 'ये कार्यवाही वर्तमान सरकार की ओर से राजनीतिक बदले की कार्रवाई के तहत की जा रही है।' आरोप पत्र में बताया गया है कि यह मामला हरियाणा पुलिस द्वारा सितंबर 2018 में दर्ज की गई FIR से जुड़ा है। इसमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और DLF लिमिटेड का नाम भी शामिल है। आरोपों में धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध शामिल हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, SLHPL ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी। यह जानकारी बिक्री पत्र में दर्ज है।

# अब बिहार डिप्टी सीएम के भी दो वोटर-कार्ड सामने आए

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बाद अब डिप्टी CM विजय सिन्हा के भी दो EPIC नंबर मिले हैं। मतदाता सूची में विजय सिन्हा का लखीसराय और पटना के बांकीपुर विधानसभा के नाम से EPIC नंबर दर्ज है। EPIC नंबर को लेकर ECI की वेबसाइट पर रियलिटी चेक किया गया, जिसमें दो वोटर आईडी पाई गईं। दोनों में एड्रेस और उम्र अलग-अलग है। नाम और पिता का नाम एक ही है, लेकिन एक वोटर आईडी में पिता का नाम स्व. शारदा रमन सिंह लिखा गया है। हालांकि, डिप्टी CM ने 2020 के एफिडेविट में अपनी उम्र-




54 और एड्रेस- एग्जीबिशन रोड, स्थित पुष्प बिहार अपार्टमेंट के बगल में मां भवानी शारदालय, पटना बताया था। ये एड्रेस दोनों ही वोटर आईडी कार्ड पर नहीं है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। तेजस्वी ने कहा- विजय कुमार सिन्हा का दो EPIC नंबर है। वो भी दो विधानसभा क्षेत्रों में, जिनमें उम्र भी अलग-अलग है।'

# ट्रंप को थैंक्यू बोलने में क्या बुराई?

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ को लेकर दोनों देशों में तनाव गहरा गया है। इस बीच भारतीय मूल की अमेरिकी निवेशक और रिपब्लिकन पार्टी की इकलौती भारतीय-अमेरिकी मेगाडोनर आशा जडेजा मोटवानी ने भारत को सलाह दी है कि वह ट्रंप के इरादों और सोच को समझने के लिए उनसे संपर्क करे। मोटवानी ने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने के लिए ट्रंप ने अपने दो मंत्रियों को काम पर लगाया, भले ही नतीजा कुछ भी हो, उन्हें थैंक्यू बोलने में बुराई क्या है? मोटवानी ने सोशल मीडिया पर



लिखा, 'मैं रिपब्लिकन पार्टी की एकमात्र भारतीय-अमेरिकी मेगाडोनर हूं। मैं भारत को मेरी राय लेने की सलाह देती हूं कि ट्रंप के दिमाग में क्या चल रहा है? हो सकता है मैं सौ प्रतिशत सही न रहूं, लेकिन करीब जरूर रहूंगी। फेडरल इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट देखिए, वहां साफ लिखा है कौन कितना फंड दे रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'ट्रंप ने आधिकारिक रूप से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मार्को रुबियो को भारत और पाकिस्तान से बात करने और सीजफ़ायर कराने की अनुमति दी थी। यह प्रयास सफल हुआ या नहीं, यह मुद्दा नहीं है, उनकी नीयत नेक थी। हमें उन्हें एक फूल और अच्छा-सा कार्ड देकर 'थैंक्यू' कहना चाहिए। शायद मैं यह भारत की ओर से कर दूं।'

**ट्रंप से भी अपील**

उन्होंने ट्रंप से भी अपील की कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते को प्राथमिकता दें। उनके मुताबिक, अमेरिका ने जिन अन्य एशियाई देशों से डील की है, उनके चीन और यूरोपीय संघ से भी समझौते हैं, लेकिन भारत के विशाल बाजार तक अमेरिका की विशेष पहुंच है।

# 2030 के बाद नहीं होगी माउस-कीबोर्ड की जरूरत

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट ने हाल ही में एक वीडियो जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि अगले 5 साल में लैपटॉप AI के कारण इतने विकसित हो जाएंगे कि कीबोर्ड और माउस की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। ये आवाज या इशारों से ही काम करेंगे। यह सब AI की मदद से संभव हो पाएगा। दुनिया हाईटेक होती जा रही है, AI के आने के बाद तो गति और बढ़ गई है। क्या आपने कभी कल्पना की है कि बिना कीबोर्ड और माउस के लैपटॉप चला रहे हैं? सुनने में ये थोड़ा अजीब लगता है, लेकिन 5 साल के भीतर ही आपको ये बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

# 4 घंटे में 70 किलोमीटर... जाम में फंसी महिला की हुई मौत

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

पालघर जिले की छाया पुरव की मौत ने पालघर में अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं और एनएच-48 पर यातायात की समस्या को उजागर कर दिया है। घायल महिला को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-48 पर भीषण जाम की वजह से गाड़ी चार घंटे तक जाम में ही फंसी रही, जिसके बाद 49 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

बता दें कि छाया पुरव पालघर के मधुकर नगर स्थित अपने घर के पास एक पेड़ की टहनी गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। उनकी पसलियों, कंधों और सिर में



चोटें आईं। पालघर में ट्रॉमा सेंटर नहीं है, इसलिए एक स्थानीय अस्पताल ने उन्हें मुंबई के हिंदुजा अस्पताल रेफर कर दिया।

100 किलोमीटर की इस यात्रा में आमतौर पर लगभग 2.5 घंटे लगते हैं। पुरव को एनेस्थीसिया दिया गया और लगभग 3 बजे वह अस्पताल के लिए निकलीं। उनके पति भी एम्बुलेंस में उनके बगल में बैठे थे। फिर एम्बुलेंस NH-48 पर एक भीषण जाम में फंस गई।

### एम्बुलेंस को नहीं मिला रास्ता

लगभग 6 बजे, यानी तीन घंटे से भी ज्यादा समय बाद एम्बुलेंस ने केवल आधी दूरी ही तय की थी। एनेस्थीसिया का असर कम होने लगा और पुरव को असहनीय दर्द हो रहा था। उनकी हालत बिगड़ने पर, एम्बुलेंस लगभग 7 बजे मीरा रोड स्थित ऑर्बिट अस्पताल पहुंची।

### डॉक्टरों ने जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया

जब वह अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने उनकी जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके पति कौशिक को बताया गया कि अगर वे 30 मिनट पहले अस्पताल पहुंच जाते तो उनकी जान बच सकती थी। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें चार घंटे तक असहनीय दर्द में तड़पते देखा। अंत में उन्हें न बचा पाने का पश्चाताप है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिखाई नागपुर-पुणे वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी

## ट्रेन नागपुर से पुणे की दूरी 12 घंटे में तय करेगी

महानगर संवाददाता
मुंबई

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नागपुर (अजनी)-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नागपुर के मध्यवर्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक आठ पर आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ किया। इनमें अजनी-पुणे, बेंगलुरु-बेलगावी और कटरा-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। नागपुर (अजनी)-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से नागपुर से पुणे की दूरी लगभग बारह घंटे में तय करना संभव होगा, जिससे पहले लगने वाला अधिक यात्रा समय बचेगा। अजनी-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ी नागपुर से पुणे की यात्रा के दौरान वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर और दौंड स्टेशनों पर रुकते हुए दौंड कॉर्डलाइन मार्ग से पुणे पहुंचेगी।

इस अवसर पर नागपुर रेलवे स्टेशन परिसर को फूलमालाओं, तोरण, पताकाओं और फूलों से सजाया गया था। मुख्यमंत्री और अन्य उपस्थित अधिकारियों ने यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यार्थी, यात्री और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्मवीर मीणा, मंडल रेल प्रबंधक विनायक गर्ग सहित मध्य रेलवे के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**अहिल्यानगर-पुणे रेल मार्ग के लिए प्रयासः फडणवीस**

इस कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विदर्भ से पुणे जाने वालों की संख्या अधिक है और वर्तमान में यात्रियों को महंगा टिकट लेकर निजी गाड़ियों से यात्रा करनी पड़ती है,साथ ही इसमें अधिक समय भी लगता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने रेल मंत्री से नागपुर-पुणे रेल गाड़ी शुरू करने का अनुरोध किया था,जिसके सकारात्मक प्रतिसाद से यह सेवा शुरू हुई। नागपुर-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस देश की सभी वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ियों में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली गाड़ी है। वर्तमान में अहिल्यानगर-दौंड मार्ग से पुणे जाने वाली गाड़ी को 100 से 125 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। इसका समाधान करने के लिए रेल मंत्रालय को सुझाव दिया गया है कि अहिल्यानगर से पुणे के बीच सीधा मार्ग बनाया जाए,जिससे यात्रा की दूरी और समय दोनों कम होंगे।

### दिल्ली यात्राओं से महायुति गठबंधन को कोई परेशानी नहीं

# मैं दिल्ली राज्य के लोगों का काम करने जाता हूं: शिंदे

महानगर संवाददाता
मुंबई



उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा है कि उनकी दिल्ली यात्राओं से महायुति गठबंधन (बीजेपी और एनसीपी) को कोई परेशानी नहीं है। लेकिन विपक्षी दल जरूर बेचैन हो जाते हैं। शिंदे ने यह बात एक इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली महाराष्ट्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर बात करने, शिवसेना सांसदों से मिलने और दूसरे राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग करने के लिए जाते हैं। शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बिना काम के दिल्ली नहीं जाते,बल्कि महाराष्ट्र के लोगों के लिए काम करने जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष को यह समझना चाहिए कि उन्होंने उन लोगों से हाथ मिला लिया है, जिन्होंने बालासाहेब ठाकरे को मताधिकार से वंचित रखकर उनका अपमान किया था। दरअसल विपक्षी दल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और कांग्रेस शिंदे की दिल्ली दौरे को लेकर अक्सर उन पर निशाना साधते रहे हैं। वे दावा करते आए हैं कि शिंदे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। शिवसेना प्रमुख ने कहा कि क्या उन लोगों से मिलना गलत है, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाकर बालासाहेब ठाकरे के सपनों को साकार किया?

## ठाणे में विदेशी मुद्रा निवेश के नाम पर 4.11 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** ठाणे के मानपाडा इलाके में रहने वाले 42 वर्षीय गारमेंट व्यापारी को ऑनलाइन विदेशी मुद्रा और ऑप्शन ट्रेडिंग में निवेश का लालच देकर 4.11 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार बना दिया गया। पुलिस के अनुसार,आरोपियों ने खुद को "मेटाक्सोशन" नामक ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ा बताते हुए मार्च से जुलाई के बीच व्यापारी से अलग-अलग चरणों में यह रकम वसूल ली। उन्होंने उच्च मुनाफे और तेजी से लाभ दिलाने का झांसा देकर व्यापारी को बड़े पैमाने पर निवेश करने को तैयार किया, लेकिन रकम जमा होने के बाद न तो कोई लाभ दिया गया और न ही निवेश वापस किया गया। पीड़ित के लगातार संपर्क करने पर




आरोपियों ने बातचीत बंद कर दी और सभी ऑनलाइन माध्यमों से उसे ब्लॉक कर दिया। ठाणे साइबर पुलिस ने ट्रेसी क्लर्क ,पॉल जे टुडोर, ब्रेन कैमरॉन, बेंजामिन जडोरे और मेटाक्सोशन कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी संभवतः विदेश में छिपे हुए हैं और मामले की जांच के लिए बैंक ट्रांज़ैक्शन तथा तकनीकी विश्लेषण जारी है। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# फर्जी कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़

**नाशिक/ मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नाशिक में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने इगतपुरी से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी में शामिल 5 आरोपी पकड़े हैं। इनके पास से 44 लैपटॉप,71 मोबाइल फोन, सोना,लग्जरी कारें और भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है।



**अमेजन सपोर्ट का फर्जी कॉल सेंटर**

सीबीआई ने प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि एजेंसी ने 8 अगस्त को साइबर फ्रॉड मामले में मुंबई के 6 आरोपियों के साथ-साथ कुछ अज्ञात निजी व्यक्तियों और बैंक अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एफआईआर में आरोप है कि आरोपियों ने आपस में और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ आपराधिक साजिश रची। उन्होंने अमेजन सपोर्ट सर्विसेज कॉल सेंटर के रूप में एक फर्जी कॉल सेंटर बनाया। इसके बाद पिशिंग कॉल और भ्रामक कॉल करके लोगों से वित्तीय धोखाधड़ी की।

**अमेरिका, कनाडा समेत अन्य देशों के लोगों से करते थे ठगी**

यह आरोपी अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों के लोगों को धोखा दे रहे थे। आरोपियों ने इन नागरिकों से गिफ्ट काड्र्स और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से अवैध धन प्राप्त किया। यह कॉल सेंटर महाराष्ट्र के नासिक के इगतपुरी में स्थित है। आरोपियों ने लगभग 60 ऑपरेटर्स को भर्ती किया था। इनमें डायलर्स, वेरीफायर्स और क्लोजर्स शामिल थे। जो इस अवैध कॉल सेंटर को चलाने में लगे थे।

**1.20 करोड़ रुपए की अवैध नकदी समेत बड़ी बरामदगी**

सीबीआई की जांच में 44 लैपटॉप, 71 मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं। साथ ही 1.20 करोड़ रुपए की अवैध नकदी, 500 ग्राम सोना और लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की 7 लक्जरी कारें भी जब्त की गई हैं। जांच में लगभग 5000 यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी (लगभग 5 लाख रुपए) और 2000 कनाडाई डॉलर के गिफ्ट वाउचर (लगभग 1.26 लाख रुपए) के लेन-देन का पता चला है।

## अगस्त के अंत तक तय हो जाएगा समुद्र के पानी को मीठा करने का ठेका

**मुंबई।** मनोरी में प्रस्तावित 200 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले समुद्र के पानी को मीठा करने के प्रोजेक्ट का ठेका इस माह के अंत तक तय होने की संभावना है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14 अगस्त थी,जिसे 19 अगस्त तक बढ़ाया जा सकता है। मई महीने में जारी किए गए टेंडर में 20 बोलीदाताओं ने रुचि दिखाई और लगभग 260 प्रश्न भेजे थे। जिनके उत्तर मनपा ने करीब 15 दिन पहले दे दिए हैं।

मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि मई के अंत में निविदा जारी की गई थी। जिसके बाद जून में हुई प्री-बिड बैठक में 260 तकनीकी प्रश्न आए। इनमें से कई में निविदा जमा करने की तिथि तीन माह बढ़ाने और पात्रता मानकों में बदलाव की मांग की गई थी। कुछ ने कहा कि टनलिंग एक विशेष कार्य है और ऐसे योग्य ठेकेदार सीमित हैं। जिसके चलते ठेकेदारों ने मनपा से एक प्रोजेक्ट को पूरा करने वाले ठेकेदार को मान्य किया जाए। सुझाव दिया गया कि डिसैलिनेशन और टनलिंग के अनुभव मानदंड अलग किए जाएं ताकि योग्य डिसैलिनेशन एजेंसियां टनलिंग विशेषज्ञों के साथ संयुक्त अनुबंध के माध्यम से भाग ले सकें। अनुभव मानकों को लेकर भी सवाल उठाए गए। बोलीदाताओं का कहना था कि शर्तें ऐसी हों कि या तो बोलीदाता के पास आवश्यक अनुभव हो या तकनीकी प्रदाता से साझेदारी हो।

## शिंदे गुट के कई पदाधिकारी और शिवसैनिक भाजपा में शामिल



**मुंबई।** बीते विधानसभा चुनाव की तर्ज पर मुंबई मनपा और स्थानीय चुनाव में जीत हासिल करने के लिए शिवसेना पूरी ताकत से साथ चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। एक के बाद एक उद्धव सेना के करीब 75 से ज्यादा पूर्व नगरसेवक एकनाथ शिंदे की पार्टी में शामिल हो चुके हैं, लेकिन रविवार को इसके उलट एकनाथ शिंदे की सहयोगी भाजपा ने ही झटका दिया है। शिवसेना के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और शिवसैनिक भाजपा में शामिल हो गए हैं। मुंबई मागाठाणे विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी सुभाष येरुणकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हो गए हैं। शिवसेना शिंदे गुट के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सुभाष येरूणकर शिवसेना विधायक प्रकाश सुर्वे के बेहद खास माने जाते हैं। मागाठाणे विधानसभा सीट से प्रकाश सुर्वे तीन बार से लगातार विधायक हैं साल 2017 के मनपा चुनाव में इस क्षेत्र में सबसे अधिक नगरसेवक शिवसेना के चुनकर आए थे।

## मनपा पर कार्रवाई करने भाजपा नेता ने लिया बाल हक्क संरक्षण का सहारा

**मुंबई।** कुलाबा में मनपा द्वारा संचालित स्कूल की दो इमारतों को जर्जर घोषित कर लगभग 1,500 छात्रों को ऑनलाइन क्लास लेने के लिए मजबूर किया गया। भाजपा के पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने महाराष्ट्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने छात्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था और इस समस्या के समाधान के लिए मनपा को नोटिस जारी करने की मांग की है। स्कूल बंद करने की मनपा की प्रक्रिया की जांच कर लापरवाही बरतने




वाले वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

नार्वेकर ने पत्र में बताया कि छात्र ए.एम. सावंत मार्ग कुलाबा स्थित मुंबई पब्लिक स्कूल के हैं जिनकी संख्या 1,500 से अधिक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब छात्रों को इस निर्णय से परेशानी हो रही है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आयोग से अपील की कि मनपा की इस प्रक्रिया की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। नार्वेकर ने आरोप लगाया कि मनपा ने छात्रों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की, जिससे उन्हें ऑनलाइन पढ़ाई के लिए मजबूर होना पड़ा। स्मार्टफोन की कमी, खराब नेटवर्क और तंग घरों की वजह से कई छात्रों ने पढ़ाई छोड़ दी है। जबकि झोपड़ पट्टी में रहने वाले कई छात्रों का पढ़ाई पर ध्यान लगाना मुश्किल हो गया है।

## भिवंडी क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई 53 लाख का प्रतिबंधित गुटखा जब्त

**भिवंडी।** महाराष्ट्र में गुटखा व पान मसाले की बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद भिवंडी में तस्करी का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। भिवंडी क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को नारपोली इलाके में कार्रवाई करते हुए 53 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला और सुगंधित सुपारी जब्त की। इस मामले में ट्रक चालक मोहम्मद गनी पटेल (44), निवासी ताड़ोला गांव, जिला बीदर (कर्नाटक) को गिरफ्तार किया गया है।सूत्रों के मुताबिक, क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि शहर में बिक्री के लिए भारी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा लाया जा रहा है। इसके बाद नारपोली में जाल बिछाकर ट्रक को रोका गया।




जांच में पाया गया कि ट्रक में महाराष्ट्र में प्रतिबंधित गुटखा और पान मसाला बड़ी मात्रा में भरा हुआ था। पुलिस कांस्टेबल साबिर शेख की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। भिवंडी तालुका में बड़े-बड़े गोदामों के नेटवर्क के कारण यह इलाका प्रतिबंधित गुटखे की तस्करी का गढ़ बन चुका है।

## श्रावणी उपाकर्म का भव्य आयोजन

**डोंबिवली।** राष्ट्रीय ब्राह्मण विकास संस्था के तत्वावधान में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन न्यू लार्ड विद्यालय, देशमुख होम्स में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्ना मिश्र ने की,जबकि आचार्य शिवमोहन ने विधि-विधान के साथ आयोजन को सम्पन्न कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और धार्मिक वातावरण में श्रावणी उपाकर्म की परंपरा का पालन किया। यह कार्यक्रम अपने दूसरे वर्ष में बड़ी खुशी वातावरण माहौल में सनातन संस्कृति को स्थापित करने में सक्षम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉक्टर विजय पंडित ,शिवकुमार मिश्रा, विश्वनाथ दुबे, महेंद्र त्रिपाठी,गिरजाशंकर मिश्रा,डॉक्टर रमाकांत क्षितिज, रामजीत तिवारी,वीरेंद्र उपाध्यायय,निशाकांत मिश्र,डॉक्टर हेमंत मिश्र,वीरेंद्र तिवारी,मनोज तिवारी,परमानंद पांडेय,दिनेश दुबे,राहुल,श्याम,शशिभूषण,नंदलाल, अवनीश,ओमप्रकाश दुबे आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## कलाकारों ने लिया चोर गोविंदा का आनंद, उमरखाड़ी में नारली पूर्णिमा के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम



**मुंबई।** उमरखड़ी में नारियल पूर्णिमा के अवसर पर पहले से चली आ रही परंपरा के अनुसार चोर गोविंदा का आयोजन किया गया। युवा उमरखड़ी मंडल और शिवसेना युवा सेना मुंबादेवी विधानसभा विभाग संयोजक रूपेश पाटिल और महिला उप-विभाग प्रमुख प्रिया पाटिल द्वारा प्रायोजित चोर गोविंदा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फिल्म उद्योग के कलाकारों ने भाग लिया और चोर गोविंदा का आनंद उठाया। अभिनेत्री लिसा सिंह, नृत्यांगना गौतमी पाटिल, अभिनेता सुशांत शेलार, अभिनेत्री प्राप्ती रेडकर, बिग बॉस फेम दादूस चौधरी, रीलबाज तन्मय पाटेकर,गायक परमेश माली सहित सभी कलाकार मंच पर मौजूद रहे। चोर गोविंदा कार्यक्रम देखने के लिए राजनीतिक दलों के लोग भी शामिल हुए, शिवसेना (शिंदे गुट), भाजपा और राकां (अजित गुट) के नेता भी चोर गोविंदा में शामिल हुए। कार्यक्रम में शिवसेना की उपनेता मीना कांबले, अभिनेता सुशांत शेलार, प्रवक्ता शायना एनसी, नगरसेविका वंदना गवली उपस्थित थी।

**अखिल मुगभाट सार्वजनिक गोविंदा पथक टीम ने जीता कप**

गिरगांव की अखिल मुगभाट सार्वजनिक गोविंदा टीम ने ऊंची दही हांडी को आठ परतों में तोड़कर चोर गोविंदा कप जीता। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 70 से अधिक गोविंदा टीमों ने भाग लिया,जबकि महिला गोविंदाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रत्येक गोविंदा टीम को आकर्षक ट्रॉफी और नकद राशि प्रदान की गई। नृत्यांगना गौतमी पाटिल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और कार्यक्रम में खूब समां बांधा।

## भिवंडी में गड्ढों से बढ़ रही दुर्घटनाएं ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग



**भिवंडी।** भिवंडी-निजामपुर शहर में सड़कों की खराब हालत और गड्ढों के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शेख जाहिद मुख्तार ने ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त और भिवंडी के पुलिस उपायुक्त को लिखित पत्र देकर दोषी ठेकेदारों के सभी लंबित बिलों का भुगतान रोकने और उनके खिलाफ हत्या एवं हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है। जाहिद मुख्तार का आरोप है कि मानसून से पहले और बाद में गड्ढों को भरने व सड़कों की मरम्मत के लिए नगर निगम ने कई निविदाएं जारी कीं,लेकिन संबंधित ठेकेदारों ने कार्य पूरा नहीं किया। इस वजह से शहर की कई सड़कों पर अब भी बड़े-बड़े गड्ढे मौजूद हैं,जो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन हादसों में कई नागरिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कुछ की मौत भी हो चुकी है।उन्होंने एमएमआरडीए द्वारा बनाई गई सड़कों पर भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, इन सड़कों पर न तो ब्रेकर हैं, न ज़ेब्रा क्रॉसिंग, और न ही पर्याप्त लाइटें लगाई गई हैं।

## वसई विरार शहर में अनधिकृत रिक्शा चालकों का कहर

**नालासोपारा।** वसई - विरार जैसे शहरों में 20,000 से अधिक रिक्शा बिना परमिट और जरूरी दस्तावेजों के गैर-कानूनी तरीके से चलाए जा रहे हैं। ये चालक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं,जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने इन अनधिकृत रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**नियमों की धज्जियां उड़ाते चालक**

यातायात पुलिस की लापरवाही के चलते ये रिक्शा चालक बेखौफ होकर कई नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। रिक्शा चालक, खासकर नालासोपारा के पूर्वी हिस्से में, आगे की सीट पर दो और पीछे की सीट पर चार यात्रियों को बैठाते हैं,जो कि



नियमों का सीधा उल्लंघन है।

**वर्दी और बैज का अभाव**

परिवहन विभाग ने रिक्शा चालकों के लिए वर्दी और बैज को अनिवार्य कर रखा है,लेकिन ज्यादातर शहरों में इसका पालन नहीं हो रहा है। सड़कों पर कई पुराने और खस्ताहाल रिक्शे दौड़ रहे हैं, जिनसे भारी मात्रा में धुआं निकलता है और प्रदूषण बढ़ता है।

**कार्रवाई के बावजूद उल्लंघन जारी**

क्षेत्रीय परिवहन विभाग (RTO) ने बताया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले कई रिक्शा चालकों पर जुर्माना लगाया गया है। जनवरी से जुलाई 2025 तक, लगभग 396 से 522 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उनसे कुल 1 करोड़ 5 लाख से ज़्यादा का जुर्माना वसूला गया। इसके बावजूद, नियमों का उल्लंघन लगातार जारी है, जिससे यह साफ होता है कि मौजूदा कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। जहां कई रिक्शा चालक ईमानदारी से अपना काम कर रहे हैं, वहीं पिछले कुछ सालों में और गुंडों प्रवृति जैसे लोगो की संख्या भी इस पेशे में बढ़ी है। ये लोग नियमों की परवाह नहीं करते और लगातार उनका उल्लंघन करते हैं। इस स्थिति ने आम नागरिकों और यात्रियों के बीच चिंता बढ़ा दी है।

### 7 साल बाद मिला न्याय

## दुर्घटनाग्रस्त 62 वर्षीय महिला को 4.17 लाख का मुआवजा

**ठाणे।** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने एक अहम फैसला सुनाते हुए 2018 में मीरा रोड पर मीरा भयंदर नगर परिवहन (एमबीएमसी) की चलती बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई 62 वर्षीय महिला को 4.17 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल की सदस्य आर.वी. मोहेते ने यह आदेश सुनाते हुए बस मालिक और बीमा कंपनी को संयुक्त रूप से राशि चुकाने और उस पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज जोड़ने का निर्देश दिया।



घटना के समय महिला बस पर चढ़ रही थी, तभी चालक ने बिना यह सुनिश्चित किए कि सभी यात्री सुरक्षित रूप से सवार हो चुके हैं,बस चला दी।

महिला का संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ी और पीछे का पहिया उसके बाएं पैर से गुजर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। लंबे समय तक इलाज और ऑपरेशन के बाद पीड़िता ने एमएसीटी में मुआवजे का दावा किया।

## फरार आरोपी को पकड़ने में अपराध शाखा को मिली सफलता

**मीरारोड।** महाराष्ट्र के विभिन्न जिल्हों में सैकड़ों निवेशकों को ठगने वाले आरोपी को अपराध शाखा द्वारा हिरासत में लेने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रदीप रवींद्र गर्ग है। यह आरोपी महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में सैकड़ों लोगों को निवेश के बहाने ठगा चुका है। उसके खिलाफ बेबली, चिपलून , रत्नागिरी , सोलापुर ग्रा. , हिंगोली , शिवाजी नगर लातूर और सातारा शहर पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज हैं। चिपलून पुलिस स्टेशन के एक मामले में आरोपी प्रदीप रवींद्र गर्ग को जमानत मिली थी, लेकिन वह अपनी पहचान छुपाकर जमानत आदेश में दी गई शर्तों का पालन नहीं कर रहा था और न ही संबंधित अदालत के समक्ष पेश हो रहा था।

# सीमा सिंह व श्रेय सिंह ने मनाया बच्चों के बीच रक्षाबंधन त्योहार

**मुंबई ।** रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बांद्रा पश्चिम अल्मेडा पार्क में कल मेघाश्रेय संस्था द्वारा सैकड़ों बच्चों व बच्चियों के बीच रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा सीमा सिंह व श्रेय सिंह ने बच्चों से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व को मनाया इस मौके पर सीमा सिंह ने कहा इतने सारे बच्चों के बीच अपने को पाकर आज मैं काफी खुश हूं। रक्षाबंधन का त्योहार भाई व बहन का पवित्र त्योहार माना जाता है आज हम अपने इन बच्चे एवं बच्चियों के साथ ये त्योहार मना कर इस रिश्ते को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया है । इस अवसर पर सैकड़ों



बच्चियों ने सीमा सिंह तथा श्रेय सिंह को कलाई में राखी बांधकर जहां रक्षाबंधन का त्योहार मनाया, वहीं सीमा सिंह द्वारा भी कई बच्चों को राखी बांध कर उनका दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान कुछ बच्चों द्वारा कोरोना काल में संस्था द्वारा किये गए मदद कार्यों को लेकर एक नाट्य कला का प्रदर्शन किया गया बच्चों द्वारा किये गये इस नाट्य कला को सीमा सिंह ने काफी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों व बच्चियों को गिफ्ट वितरण किया गया।

## दिवा से सीएसएमटी लोकल मामला 14 अगस्त को हाईकोर्ट में सुनवाई

**ठाणे।** दिवा से सीएसएमटी लोकल शुरू करने के लिए कई बार निबेदन, हस्ताक्षर अभियान, मोर्चा, भूख हड़ताल और ढोल बजाओं आंदोलन के बावजूद,रेल प्रशासन मौन है। सामाजिक कार्यकर्ता अश्विनी अमोल केंद्रे ने दिवा स्टेशन के बाहर 29 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना दिया। 24 जुलाई को मध्य रेल प्रबंधक के साथ एक बैठक हुई। जिसमें में सुबह 6 बजे से 11 बजे के बीच लोकल की संख्या बढ़ाने, कल्याण डोंबिवली से चलने वाली तेज़ लोकल को दिवा में स्टापेज देने और दिवा व मुंब्रा स्टेशनों पर एम्बुलेंस सेवा शुरू करने का वादा किया गया,लेकिन जब रेल प्रशासन ने दिवा से सीएसएमटी



लोकल शुरू करने का कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया, तो दिवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक लोकल सेवा शुरू करने के लिए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अमोल धनराज केंद्रे ने भारतीय रेल मंत्रालय, मुख्य सचिव रेल मंत्रालय नई दिल्ली, मध्य रेल प्रबंधक मुंबई, मुंबई रेलवे विकास निगम और महाराष्ट्र सरकार के विरुद्ध याचिका दायर किया है, जिसकी सुनवाई 14 अगस्त को उच्च न्यायालय में होगी।

# पर्यावरण सुरक्षित कर धूमधाम से उत्सव मनाएंगे: शेलार

**गणेशोत्सव को "राज्य महोत्सव" घोषित करने का मिला सौभाग्य**

## मुंबई मनपा चुनाव में भाजपा विकास एजेंडे के साथ उतरेगी

साप्ताहिक साक्षात्कार

■ मनोज दुबे / जितेंद्र मिश्रा

महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य विभाग, आईटी मंत्री और मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार इस बात के लिए खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें गणेश उत्सव को "राज्य महोत्सव" घोषित करने का अवसर मिला। वे गणेश उत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की तैयारियों में लगे हुए हैं। अभी हॉल ही में पीओपी की मूर्तियों पर लगे प्रतिबंध को हटाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई, इससे महाराष्ट्र के लाखों मूर्तिकारों को बड़ी राहत मिली है। सांस्कृतिक कार्य विभाग सहित मुंबई महानगर पालिका चुनाव में भाजपा की तैयारियों को लेकर "हमारा महानगर" ने उनसे बातचीत की। पेश है,बातचीत के प्रमुख अंशः-



**महाराष्ट्र सरकार ने अभी हॉल ही में गणेशोत्सव को "राज्य महोत्सव" घोषित किया है। गणेश उत्सव को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने विभाग की तरफ से क्या तैयारी की जा रही है?**

देखिए, हमने यह योजना इसलिए बनाई है कि महाराष्ट्र में लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव की जो परंपरा शुरू की थी,उसे धार्मिक प्रथा-परंपरा, आध्यात्मिक और सामाजिक जैसे सभी पहलुओं के साथ आगे बढ़ाएं और अभी यह पूरे देश का महोत्सव है। गणेश उत्सव में करोड़ों लोग शामिल होते हैं। अब इसे दुनिया के सामने लेकर जाना है, इसलिए सबसे पहला कदम यह था कि इसे राज्य महोत्सव बनाएं। गणेश उत्सव को "राज्य महोत्सव" घोषित करने का सौभाग्य यदि पहली बार किसी को मिला है, तो हमें मिला है। इस विषय पर हम आगे क्या करने वाले हैं? इसका निर्णय जल्द ही हम घोषित करेंगे। इसमें बहुत सारे पहलू हैं, जैसे ऑनलाइन से लेकर डिजिटल, स्पर्धात्मक, सुशोभीकरण से लेकर कानून-व्यवस्था तक। इसका शासनादेश (जीआर) निकलेगा और सभी स्पष्टता आएगी।

**आपने यह आशंका जताई है कि अर्बन नक्सल उत्सव के दौरान व्यवधान पैदा कर सकते हैं?**

आज तक जो घटनाएं हुई हैं,जैसे नवरात्रि उत्सव, दही काला उत्सव और आप देखिए महाकुंभ में, हिंदू उत्सवों को रोकने के लिए कुछ लोग बार-बार आगे आते हैं। कभी वे एक्टिविस्ट के रूप में सामने आते हैं, हालांकि सभी एक्टिविस्ट ऐसे नहीं है, मैं कुछ की बात कर रहा हूं। कभी याचिकाकर्ता, कभी आंदोलनकारी के रूप में वे सामने आते हैं। उन्हें हिंदू उत्सवों को लेकर ज्यादा तकलीफ है। ये भूमिका वे आहिस्ता-आहिस्ता पैदा कर रहे हैं। उसमें अर्बन नक्सल लोग शामिल हैं। जैसे गणपति के विषय में मंडप की परमिशन ना मिले, इसके लिए लोग अदालत में चले गए, वह लड़ाई मैंने देवेंद्र जी के साथ लड़ी और जीती। फिर वे कोर्ट में पहुंचे कि साउंड की परमिशन मत दो, ध्वनि की एक सीमा या कम डेसिबल की बात ठीक है, लेकिन अनुमति ही मत दो, इसकी लड़ाई भी हमने लड़ी, उसके बाद गणेश उत्सव की परमिशन कौन सी जगह पर देनी चाहिए, इस बारे में लड़ाई लड़ी। फिर पीओपी की मूर्तियां की लड़ाई हम जीते, फिर मूर्तियों के विसर्जन की बात आई, वह भी हम जीते, कहने की बात यह है कि ये लोग ऐसा माहौल खड़ा करते हैं, इसके पीछे अर्बन नक्सल हो सकते हैं, यह बात मैंने कही है।

**पीओपी मूर्तियां को लेकर आपने एक बड़ी जंग जीती है,आपने आरोप लगाया कि पीओपी बैन करने के पीछे कांग्रेस की साजिश थी?**

मैं यह बात आज भी कह रहा हूं। वर्ष 2003 में जनहित मंच ने कोर्ट में पिटीशन दाखिल की। इसमें दावा था कि नदियों में जल प्रदूषण को कम किया जाए। ये सही बात है और हम इसके पक्ष में हैं। पिटीशन में अंतिम संस्कार को रोकना, डुबकी मारना, अंतिम संस्कार करना, कुंभ करना, इनको रोकने की बात कही गई, हम इसके समर्थन में नहीं हैं। लेकिन उस पिटीशन में महाराष्ट्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार की तरफ से एफिडेविट दिया गया कि मूर्तियों से भी प्रदूषण होता है,जबकि विषय मूर्तियों का था ही नहीं। गणपति,नवरात्रि की मूर्तियों का विषय जब कोर्ट में था ही नहीं,तो कांग्रेस ने यह मामला क्यों उठाया?

**पीओपी की मूर्तियों के विषय का पूरी तरह समाधान हो गया है?**

हम इस विषय का पूरी तरह समाधान करेंगे रहेंगे। पर्यावरण पूरक निर्णय करेंगे,जैसे अभी 6 फीट से कम ऊंचाई की घरेलू मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में होगा,जबकि 6 फीट से ऊंची मूर्तियों का विसर्जन प्रथा-परंपरा के अनुसार समुद्र में किया जाएगा। साथ ही समुद्र को साफ किया जाए। ये सभी निर्णय हमने लिए हैं। हम पर्यावरण की चिंता भी करेंगे और उत्सवों को भी धूमधाम से मनाएंगे।

**फिल्म 'खालिद का शिवाजी' विषय पर विवाद बढ़ता जा रहा है?**

इतिहास का विकृतीकरण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। फिल्म के संबंध में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने इस फिल्म के तत्काल पुनः परीक्षण की मांग केंद्र सरकार से की है। फिल्म प्रमाणन बोर्ड केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस फिल्म के पुनः परीक्षण के संबंध में केंद्र सरकार से तत्काल पत्राचार करने के निर्देश प्रशासन को दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर संबंधित केंद्रीय मंत्री और अधिकारियों से भी चर्चा की जाएगी। राज्य सरकार को इस फिल्म के खिलाफ बड़ी संख्या में निवेदन और शिकायतें प्राप्त हुई हैं,जिनमें आरोप लगाया गया है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में गलत और विकृत जानकारी प्रस्तुत की गई है। फिल्म के कई संवादों पर इतिहासकारों और शिव प्रेमियों ने कड़ा ऐतराज दर्ज किया है।

**मराठी फिल्मों को मल्टीप्लेक्स थियेटर में प्राइम टाइम में जगह नहीं मिल पाती है, इसे लेकर एक बैठक का भी आयोजन किया गया था?**

ये मांग योग्य और उचित है कि मराठी फिल्मों को मल्टीप्लेक्स थियेटर में प्राइम टाइम में जगह मिलनी चाहिए। मराठी फिल्मों को दिन और स्क्रीन भी मिलनी चाहिए। इस बारे में थियेटर मालिकों का भी कुछ कहना है। उन सभी को बुलाकर हमने मराठी फिल्मों के आग्रह का विषय रखा है और इस पर एक कमेटी भी बनाई है। कमेटी को एक माह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

**अभी पुण्य श्लोक अहिल्या देवी पर बहुभाषिक बायोपिक बनाने के लिए सरकार ने पहले चरण में तकरीबन 22 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया है, यह फिल्म कब तक बनकर तैयार हो जाएगी?**

यह फिल्म अभी प्रक्रिया में है। इस साल फिल्म का प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा।

**फरवरी माह में आपने देश की पहली एआई यूनिवर्सिटी स्थापित करने की बात कही थी, इसका काम कहां तक आगे बढ़ा है? उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्नाव में देश की पहली एआई यूनिवर्सिटी शुरू कर दी है?**

उत्तर प्रदेश में एआई यूनिवर्सिटी शुरू हुई, इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है, लेकिन महाराष्ट्र में जो एआई यूनिवर्सिटी बनेगी, वह स्टेट ऑफ आर्ट्स होगी। उनको हमारी शुभकामनाएं, हमारी होगी, वह अच्छी होगी। एआई यूनिवर्सिटी को लेकर जो टास्क फोर्स बनाई थी, उसकी रिपोर्ट आ गई है। उसका जीआर भी निकला है, वह अंतिम स्वरूप में है। मुंबई विश्वविद्यालय के पास काफी जमीन है, वहां एआई यूनिवर्सिटी शुरू करेंगे।

**आने वाले समय में मुंबई मनपा के चुनाव होने वाले हैं, इसे लेकर भाजपा की क्या तैयारियां हैं?**

हर वार्ड में चुनाव जीतने के लिए महायुति के नाते वार्ड का विश्लेषण, बूथ का विश्लेषण, पोलिंग स्टेशन का विश्लेषण, सभी स्थानों पर मतदाताओं से संपर्क की योजना, सबका साथ- सबका विकास, मुंबई के विकास का ब्लू प्रिंट लेकर हमने योजना बनाई है, उसी दिशा में हम काम पर लग गए हैं।

**मनपा चुनाव में युति रहेगी?**

मनपा चुनाव में हम महायुति के रूप में भी लड़ेंगे। चुनाव में हम सभी को साथ लेकर चलेंगे।

**मनपा चुनाव में शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे के साथ आने की चर्चा है? इससे भाजपा पर कोई असर पड़ेगा?**

मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा, पहले उन्हें निर्णय तो करने दीजिए। जब इस बारे में स्पष्ट चित्र सामने आएगा, तब चर्चा की जाएगी।

**मनपा चुनाव में भाजपा कौन से मुद्दे लेकर उतरेगी?**

हम विकास का मुद्दा लेकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। मुंबई में विकास, मुंबई वासियों का विकास, मुंबईकरों के लिए काम, मुंबई के मराठी मतदाताओं के लिए मेहनत और मुंबई के मराठी-गैर मराठियों का विकास, ये हमारा एजेंडा रहेगा।

**क्या मुंबई मनपा का चुनाव आपके नेतृत्व में लड़ा जाएगा?**

मेरा टर्म तो खत्म हो चुका है। इस बारे में हमारी पार्टी उचित निर्णय लेगी।

# सोशल मीडिया पर किसी भी प्रलोभन में न आएं

## फडणवीस का प्रदेश नागरिकों से आव्हान

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में साइबर आर्थिक अपराध को कम करने के लिए गरुड़ दृष्टि' टूल्स अहम भूमिका निभा रहे हैं। कुछ समाज विरोधी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर जातीय द्वेष फैलाने वाली उकसाऊ सामग्री डालने के कारण दंगे भड़काने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए अब महाराष्ट्र के पास दुनिया की सर्वोत्तम प्रणाली और तकनीक उपलब्ध है। रविवार को नागपुर पुलिस विभाग की ओर से पुलिस भवन में 'गरुड़ दृष्टि' सोशल मीडिया मॉनिटरिंग व साइबर इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट पर प्रस्तुति और विभिन्न साइबर आर्थिक अपराधों की जांच से प्राप्त कुल 10 करोड़ रुपए की राशि के वितरण समारोह में वे बोल रहे थे। इस अवसर पर साइबर आर्थिक अपराध और



धोखाधड़ी के शिकार हुए पीड़ितों को वापस राशि दी गई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त रवींद्रकुमार सिंगल, सह-पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वसंत परदेशी, राजेंद्र दाभाडे, शिवाजी राठौड़ और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने विचार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग अच्छा है, लेकिन कुछ समाज विरोधी प्रवृत्तियां नफरत फैलाने, धमकी देने, हेट स्पीच, फेक न्यूज और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए इन प्लेटफार्म का उपयोग करती हैं। इनमें आर्थिक धोखाधड़ी वाले प्लेटफार्म अधिकतर विदेशी ऑपरेटर चलाते हैं, इसलिए सभी को सावधान रहना चाहिए। मोबाइल पर आने वाले किसी भी प्रकार के ऑफर्स आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बिछाया गया जाल है, यह लोगों को समझना चाहिए। यदि किसी को लगे कि उसके साथ आर्थिक धोखाधड़ी हुई है तो जल्द से जल्द 1930 और 1945 इन नंबरों पर संपर्क करें। फडणवीस ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए 'गरुड़ दृष्टि' प्रणाली विकसित की गई है।

## 'नए ट्रैक्टर नियम किसानों की कमर तोड़ देंगे'

**मुंबई।** विधानपरिषद में कांग्रेस दल के नेता सतेज पाटिल ने कहा कि केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी नए मसौदा अधिसूचना से देशभर के करोड़ों किसान और छोटे ट्रैक्टर मालिक संकट में फंस सकते हैं। इस अधिसूचना में ट्रैक्टरों में जीपीएस ब्लैक बॉक्स जैसी डिवाइस अनिवार्य रूप से लगाने का प्रावधान है। पाटिल ने कहा कि यह अधिसूचना सीधे किसान की जेब पर डाका डालने जैसी है। कोल्हापुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पाटिल ने कहा कि इन नए नियमों के कारण ट्रैक्टर मालिकों पर 30,000 रुपए से अधिक का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेती के लिए इस्तेमाल होने वाले ट्रैक्टरों के लिए ऐसी तकनीकी डिवाइस पूरी तरह अनावश्यक हैं।

## गाडी पर कबूतरों को खाना खिलाना पड़ा मंहगा, पुलिस ने जब्त की कार




**मुंबई।** शिवाजी पार्क पुलिस ने शनिवार को लालबाग निवासी 55 वर्षीय महेंद्र संकलेचा के खिलाफ कबूतरों को दाना खिलाने के मामले में केस दर्ज किया। संकलेचा ने अपनी कार की छत पर अनाज से भरी थाली रखकर दादर कबूतरखाने के पास कबूतरों को खिलाया था। पुलिस ने उनकी कार जब्त कर ली है और जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया है। मनपा जी-नॉर्थ वार्ड के जूनियर सुपरवाइजर संदेश माटकर ने एफआईआर दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार शनिवार सुबह 7:30 बजे संकलेचा कार लेकर आए और उसकी छत पर दाना भरी थाली रखकर कबूतरों को खिलाने लगे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके पास एक वीडियो है जिसमें संकलेचा अपना नाम बताते हुए कह रहे हैं कि वह 12 और कारें लाकर कबूतरों को खिलाएंगे।

# महाराष्ट्र की नौ पार्टियों का रजिस्ट्रेशन रद्द

## सभी पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दल

**मुंबई।** भारत चुनाव आयोग ने चुनाव व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मुहिम के तहत कार्रवाई करते हुए 334 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया है। इसमें महाराष्ट्र की 9 पार्टियां शामिल हैं। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र की जिन नौ पार्टियों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया है,उनमें अवामी विकास पार्टी, बहुजन रयत पार्टी, भारतीय संग्राम परिषद, इंडियन मिलन पार्टी ऑफ इंडिया, नवभारत डेमोक्रेटिक पार्टी, नवबहुजन समाज परिवर्तन पार्टी, पीपल्स गार्डियन, दि लोक पार्टी ऑफ इंडिया और युवा शक्ति संगठन शामिल हैं। फिलहाल देश में 6 राष्ट्रीय दल, 67 प्रादेशिक दल और 2854 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) हैं। जनप्रतिनिधि




कानून 1951 की धारा 29-ए के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करते समय पार्टी का नाम, पता, पदाधिकारियों की जानकारी देनी होती है। साथ ही लगातार 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ने वाले दल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का अधिकार चुनाव आयोग के पास है। जून 2025 में भारत चुनाव आयोग ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को 345 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की जांच करने का निर्देश दिया था। जांच के दौरान संबंधित दलों को नोटिस भेजकर प्रत्यक्ष सुनवाई का अवसर दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार 334 दलों ने आवश्यक शर्तों का पालन नहीं किया। शेष मामलों को पुनः सत्यापन के लिए वापस भेज दिया गया है। परिणामस्वरूप देश में आरयूपीपी की संख्या 2,854 से घटकर 2,520 हो गई है।

**क्या है आरयूपीपी?**

ऐसी पार्टियां जो राज्य स्तरीय पार्टी बनने के लिए चुनाव में पर्याप्त प्रतिशत वोट हासिल नहीं कर पाते या जिन्होंने पंजीकृत होने के बाद से कभी चुनाव नहीं लड़ा है, उन्हें गैर-मान्यता प्राप्त दल (आरयूपीपी) माना जाता है। ऐसे दलों को मान्यता प्राप्त दलों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता है।

## ठाणे में मेट्रो सेवा दिसंबर से शुरू होने की उम्मीद : एकनाथ शिंदे



महानगर संवाददाता

ठाणे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की है कि ठाणे में सितंबर माह में मेट्रो का ट्रायल शुरू होगा और दिसंबर के अंत तक मेट्रो सेवा शुरू होने की संभावना है। रविवार को ठाणे महानगरपालिका की ओर से आयोजित मैराथन प्रतियोगिता के दौरान पत्रकारों से बातचीत में शिंदे ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र में मेट्रो नेटवर्क को सशक्त बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मेट्रो शुरू होने के बाद नागरिक निजी वाहनों की बजाय सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देंगे। वडाला-घाटकोपर-कासारवडवली मुख्य मेट्रो मार्गिका ठाणे से होकर गुजरेगी, जिसे आंतरिक मेट्रो से जोड़ा जाएगा, जिससे ठाणेकरों को बड़ी राहत मिलेगी। राजनीतिक तेवर दिखाते हुए शिंदे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी बेबुनियाद आरोप लगाने में लगे हैं, जबकि यह जनता के फैसले का अपमान है। शिंदे ने दावा किया कि हमारी सरकार ने विकास और कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया है, जो महाराष्ट्र ने पहले कभी नहीं देखा।

# मालाड और एंटॉपहिल में निकली तिरंगा यात्रा



महानगर संवाददाता

मुंबई

मालाड के स्थानीय देशभक्त नागरिकों की ओर से रविवार को देश के स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों के राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और त्याग के सम्मान में भव्य तिरंगा पद यात्रा का आयोजन किया। शाम पांच बजे महाराणा प्रताप क्रीडांगण, मिकाजी के सामने,मालाड मेट्रो स्टेशन, लिंक रोड, मालाड पश्चिम से शुरू होकर भुजावले तालाब के पास यह भव्य तिरंगा पद यात्रा समाप्त हुई। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस भव्य तिरंगा पद यात्रा में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गणेश खनकर, पूर्व नगरसेविका जया सतनाम सिंग तिवाना,भाजयुमो मुंबई अध्यक्ष तेजिंदर सिंग तिवाना सहित क्षेत्र के प्रमुख नागरिक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मिलित होकर देश के वीर जवानों को नमन किया।



**भाजपा विधायक तमिल सेलवन ने भी निकली तिरंगा यात्रा**

इसी तरह भाजपा विधायक तमिल सेलवन ने भी एंटॉपहिल में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा विजय नगर से शुरू होकर अम्बेडकर नगर,म्हाडा चाल,एमजीआर चौक ,मक्कावाड़ी जंक्शन,कोलीवाड़ा जंक्शन,हनुमान मंदिर, सायन अस्पताल गांधी मार्केट और माटुंगा सर्कल तक सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान वन्देमातरम और भारत माता की जय के घोषणा से पूरा परिसर गूंज रहा था। इस यात्रा में भाजपा उपाध्यक्ष रविराजा ,मंडल अध्यक्ष ,वार्ड अध्यक्ष,स्थनीय भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

**'मुख्यमंत्री लाडली बहन'**

## ठाणे की हज़ारों महिलाओं के आवेदन रद्द



**ठाणे।** रक्षाबंधन के मौके पर 'मुख्यमंत्री मेरी प्यारी बहन' योजना के तहत पात्र महिलाओं के खातों में राशि जमा कर दी गई है। कई लाभार्थी बहनों को देरी से दो महीने की 3,000 रुपये की किस्त मिली है। लेकिन इस बार एक ही परिवार की तिथि और चौथी पर मिलने वाली राशि बंद कर दी गई है। जांच में सामने आया है कि एक ही परिवार की तीन-चार महिलाएं योजना का लाभ ले रही थीं, जो नियमों के खिलाफ है। जिले में इस तरह के अधिकतर मामले पाए गए हैं, हालांकि जिला कार्यालय को अभी इस पर आधिकारिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। बता दें कि मुख्यमंत्री की लाडली योजना के तहत पात्रता के लिए लाभार्थी महिला के पास पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि, चार पहिया वाहन या सरकारी नौकरी नहीं होनी चाहिए तथा उसकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। लेकिन जांच में पाया गया कि कई मामलों में इन मानदंडों का पालन नहीं किया गया। आश्चर्यजनक रूप से कुछ जिलों में पुरुषों को भी योजना का लाभ मिल रहा था।

**बाबा सिद्दीकी हत्या कांड**

## संदिग्ध हथियार तस्कर सलीम पिस्टल नेपाल से गिरफ्तार

**मुंबई।** पूर्व मंत्री और NCP नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में नई अहम अपडेट सामने आई है। इस मामले में संदिग्ध हथियार तस्कर शेख सलीम उर्फ 'सलीम पिस्टल' को नेपाल से गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और नेपाल पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन के जरिए संभव हुई है। सलीम पिस्टल पर आरोप है कि वो पाकिस्तान, ISIS और दाऊद की D-कंपनी से जुड़ा है और लॉरेंस बिश्नोई, हाशिम बाबा जैसे गैंगस्टरों के लिए हथियार सप्लाई करने वाले प्रमुख



नेटवर्क का हिस्सा है।

**'सलीम पिस्टल' का आपराधिक इतिहास जानें :** सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले में भी उसका नाम एक ऑपरेटर के रूप में सामने आया था. सलीम की गिरफ्तारी से मुसेवाला केस में अहम लीड मिलेगी. जांच एजेंसियों के मुताबिक, सलीम का आपराधिक करियर दशकों पुराना है. दिल्ली के सलेमपुरी में वर्ष 2000 में एक गुप्ता नाम के चोर के साथ वाहन चोरी के काम से शुरू होकर, 2011 में हाई-प्रोफाइल हथियारों की डकैती और 2018 में हथियारों की सप्लाई को लेकर पहली गिरफ्तारी जैसी घटनाओं में ये शामिल है। 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा पूर्व में तीन अज्ञात हमलावरों ने NCP नेता बाबा सिद्दिकी की गोली मारकर हत्या कर दी थी. हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी. हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक शिव कुमार गौतम सहित कई आरोपी गिरफ्तार किए गए थे और अब इस मामले में 'सलीम पिस्टल' की गिरफ्तारी से जांच में नया मोड़ आ गया है।

## प्रभाग रचना में राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप

**भिवंडी।** मिनी विधानसभा के रूप में प्रसिद्ध जिला परिषद के चुनाव विगुल बज चुका हैं। इसके लिए नई वार्ड संरचना बनाई जा रही है और भिवंडी तालुका की वार्ड संरचना को ठाणे जिला परिषद के अंतर्गत करते समय,चुनाव आयोग द्वारा आदर्श वार्ड संरचना संबंधी निर्देशों की अनदेखी की गई है। ऐसा संगीन आरोप शिकायतकर्ता सुजीत भोईर और शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के विभाग प्रमुख शरद पाटिल ने लगाया है।कोंकण विभागीय आयुक्त से इस शिकायत के संबंध में उचित न्याय प्रदान करने की अपेक्षा करते हैं, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के तालुका प्रमुख करसन ठाकरे ने चेतावनी दिया है कि अगर उचित न्याय नहीं मिला तो वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। सरकारी निर्णय के अनुसार, जिला परिषद समूहों और पंचायत समिति गणों की वार्ड संरचना जनसंख्या के आधार पर निर्धारित की जानी थी।


महाराष्ट्र शासन

**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**

**कार्यकारी अभियंता, आदिवासी (सा.बां.) विभाग कळवण यांचे कार्यालय**

ईमेल पत्ता- kalwan.ee@mahapwd.gov.in

**निविदा सुचना क्रमांक ०१ - सन २०२५-२६. (निविदा सुचना)**

कार्यकारी अभियंता, **आदिवासी (सा.बां.) विभाग कळवण** महाराष्ट्र शासन हे खालील प्रकारच्या सार्वजनिक बांधकाम विभागातील कामाचा पुर्वानुभव असलेल्या कंत्राटदाराकडुन / संस्थाकडुन खालील कामाकरीता बी-१ नमुन्यातील निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे कार्यकारी अभियंता, **आदिवासी (सा.बां.) विभाग कळवण** या कार्यालयात उपलब्ध होतील तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, आदिवासी (सा.बां.) विभाग कळवण यांनी राखुन ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अक्र | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रुपये | इसारा रक्कम रुपये | सुरक्षा ठेव रुपये | काम पुर्ण करण्याचा कालावधी | मुल्य रुपये |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १) | कार्यकारी अभियंता, आदिवासी (सा.बां.) विभाग कळवण या विभागा कडील विविध वाहनांच्या परीचालनासाठी वाहनचालक यांची सेवा बाह्य अभिकरणाद्वारे घेणे. | ७,७९,६८८/- (वस्तु व सेवा कर वगळून) | ७८००/- | १५६००/- | ६ महिने | मुख्य निविदा कागदपत्रे रुपये ५९०/- + G.S.T. सहीत |

**निवीदेचे वेळापत्रक :-**

| | | |
|---|---|---|
| १ | को-या निवीदा दस्तऐवज वितरण कालावधी | दि.१२.०८.२०२५ सकाळी ११.०० पासुन ते दि. २०.०८.२०२५ संध्या. ०५.३० वाजेपर्यत |
| २ | सीलबंद निवीदा दाखल करण्याची अंतीम दिनांक व वेळ | दि.२५.०८.२०२५ संध्याकाळी ०५.३० वाजेपर्यत |
| ३ | निवीदा तांत्रिक देकार उघडण्याचे ठिकाण, दिनांक व वेळ | कार्यकारी अभियंता, आदिवासी (सा.बां.) विभाग कळवण यांचे कार्यालयात दि. २५.०८.२०२५ संध्याकाळी ०५.३० वाजता उघडण्यात येतील. (शक्य झाल्यास) |

**नियम व अटी -**

को-या निवीदा दस्तऐवज मागविणेसाठी कंत्राटदाराने खालील अटी बंधनकारक आहे.

१) कंत्राटदाराचा / संस्थेचा मागील वरील प्रकारच्या कामाचा सार्वजनिक बांधकाम विभागाचा संबधीत कामे केल्याचा अद्ययावत दाखला सादर करणे/जोडणे आवश्यक आहे.

२) कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालयात नोटीस बोर्डावर सविस्तर नोटीस पहावयास मिळेल. को-या निविदा अर्जाची किंमत रोखीने विहित मुदतीत प्राप्त झाल्यास स्विकारणेत येईल. निविदा अर्जाची किंमत पोस्टल ऑर्डर किंवा डिमांड ड्राफ्टव्दारे स्विकारण्यात येणार नाही.

३) जर निवीदा पोस्टाने मागविल्यास मोहोरबंध निवीदा देवाण घेवाण करण्यात खराब झाल्यास किंवा निवीदा अर्ज मिळण्यास कोणताही विलंब झाल्यास हे कार्यालय जबाबदार राहणार नाही.

४) कोणतेही कारण न देता निविदेतील एखादी बाब किंवा सर्व निवीदा नाकारण्याचा हक्क कार्यकारी अभियंता यांनी राखून ठेवला आहे.

५) निवीदेतील दर हे निवीदा उघडल्यापासून ६० दिवसांपर्यंत बंधनकारक राहिल.

जा. क्र. जिमाका-नाशिक १२५/२०२५-२६
जिल्हा माहिती कार्यालय, वकीलवाडी, नाशिक
दिनांक :- ८/८/२०२५

सही/-
कार्यकारी अभियंता
आदिवासी (सा.बां.) विभाग कळवण

# बाल मन में राष्ट्रीय चेतना का जागरण

79वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत की एकता, अखण्डता को अक्षुण रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों, पूरे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी वैज्ञानिकों, शिक्षकों, सांस्कृतिक राजदूत साहित्यकारों को श्रद्धा से नमन करना कर्मकांड नहीं अपितु हम सब का कर्तव्य है। स्वाभाविक रूप से संपूर्ण राष्ट्र अपने इस कर्तव्य का पालन करेगा। इस अवसर पर देश की भावी पीढ़ी के बाल मन में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के अभियान को गति देना आवश्यक है। प्रत्येक बालक को अपनी मातृभूमि और श्रेष्ठ सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक एक स्वर में बताते हैं कि श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करने का 'सही समय' बचपन ही हो सकता है। केवल भारत ही नहीं, दुनिया का हर विवेकशील राष्ट्र अपने भावी कर्णधारों को स्कूली शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति के गुणों से भी समृद्ध करने का प्रयास करता है। जापान का वह प्रसंग सर्वविदित है जब स्वामी रामतीर्थ वहां के एक विद्यालय में गए। स्वामी जी ने एक विद्यार्थी से पूछा, 'बच्चे, तुम किस धर्म को मानते हो? छात्र का उत्तर था, 'बौद्ध धर्म।' स्वामी जी ने फिर पूछा, 'बुद्ध के विषय में तुम्हारे क्या विचार हैं?' विद्यार्थी ने उत्तर दिया, 'हर रिश्ते नाते में प्रथम बुद्ध हमारे भगवान हैं।' इतना कह कर उसने अपने देश की प्रथा के अनुसार भगवान बुद्ध को सम्मान के साथ प्रणाम किया। अनेक प्रश्नों के अंत में स्वामी जी ने पूछा, 'बेटा, अगर किसी दूसरे देश से जापान को जीतने के लिए एक भारी सेना आए और उसके सेनापति बुद्ध हों तो उस समय तुम क्या करोगे?' इतना सुनते ही छात्र का चेहरा क्रोध से तमतमा उठा। अपनी लाल-लाल आंखों से स्वामी रामतीर्थ को घूरते हुए उसने जोश से कहा, 'तब मैं अपनी तलवार से बुद्ध का सिर काट दूंगा।' समाज और राष्ट्र के भावी स्वरूप की पृष्ठभूमि तैयार करने में श्रेष्ठ बाल साहित्य और शैक्षिक पाठ्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार ने शिक्षा नीति में अनेक महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं लेकिन स्कूली पाठ्यक्रम में देश प्रेम और संस्कृति के प्रति जागृत करने वाली सामग्री का अभाव दिखाई देता है। बदलते परिवेश में समाज- परिवार भी अपने बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार और विचार रूपी खाद प्रदान करने के प्रति बहुत सजग नहीं है। इसी कारण परिस्थितियां हमारे बच्चों को मोबाइल, इंटरनेट गेम आदि की ओर धकेल रही हैं। दुर्भाग्य की बात यह है कि परिवारों में साहित्य और संस्कृति से संबंधित साहित्य का पठन-पाठन लगभग बंद हो गया है। ऐसे में हमारे बच्चे भी बाल साहित्य की पत्रिकाओं से दूर गेम डाउनलोड करने अथवा यू-ट्यूब पर वह सब देख-सुन रहे हैं जो इस आयु में उनसे दूर होना चाहिए था। ऐसा नहीं है कि इन परिस्थितियों और उनके विस्फोटक परिणाम की जानकारी न हो। परंतु न जाने क्यों अभिभावक, शिक्षक, समाज, सरकार सब लगभग मौन हैं। कटु सत्य तो यह कि कुछ पत्रिकाओं को छोड़ अधिकांश साहित्यकार भी देश प्रेम और संस्कृति से संबंधित सरस रचनाएं लिखना भूल दिखावटी प्रेम और तथाकथित आधुनिकता के रंग में रंगा भ्रमित है। ऐसे में जापान जैसी भावना हमारे छात्र में भला कैसे संभव है? उसके लिए तो अपने स्कूली पाठ्यक्रम से बाल-साहित्य, लोक-व्यवहार, खेलों, गीतों, फिल्मों, टीवी चैनलों पर प्रसारित किये जा रहे कार्यक्रमों को राष्ट्रीय चेतना से समृद्ध करना होगा। राष्ट्रीय चेतना के विकास में बाधक उपसंस्कृति को हतोत्साहित करना होगा। ज्ञातव्य है कि महात्मा गांधी भी बच्चों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के प्रबल पक्षधर थे इसलिए उन्होंने बच्चों के लिए धार्मिक संदेशों व शिक्षा पर आधारित बाल पोथी और नीति धर्म नामक पुस्तकें तैयार की। आश्चर्य है कि हम पश्चिम की तरफ भाग रहे हैं लेकिन पश्चिम भारत के श्रेष्ठ गुणों को धारण करने की दिशा में अग्रसर है। एक विद्यार्थी के रूप में मुझे विश्व के अनेक देशों में जाने का अवसर मिला। लगभग हर देश में मुझे सम्मान से भारतीय (इण्डियन) के रूप में पहचान 'नमस्ते इण्डिया' सुनने को मिला। विश्व फैशन नगरी मिलान (इटली) के अनुभव ने गौरवांवित होने का अवसर प्रदान किया। सात समुद्र पार, अपने देश की सीमाओं से हजारों मील दूर एक अनजान व्यक्ति के मुख से भारत का गौरव गान सुनना रोमांचित करने वाला क्षण था। वह हमारे भारत की माटी, हमारे पूर्वज ऋषियों और उनके द्वारा विकसित संस्कृति का अभिषेक था। भारत की गुरुता के प्रमाण रूपी ऐसे एक नहीं, हजारों बल्कि लाखों-करोड़ों उदाहरण यत्र-तत्र बिखरे हुए हैं। तब हमारे युवा पीढ़ी को इस गौरव गाथा की जानकारी क्यों नहीं होनी चाहिए? एक घटना का उल्लेख करना आवश्यक समझता हूं जिसके स्मरण मात्र से दशकों बाद आज भी मन-मस्तिष्क को असीमित उत्साह और ऊर्जा मिलती है। एक बार सर्वत्र मांसाहारी भोजन के कारण बहुत समस्या हो गई तो किसी ने लगभग 10 किमी दूर इण्डियन रेस्टोरेंट की राह दिखाई जहां भारतीय भोजन उपलब्ध था। हम प्रतिदिन शाम को वहां जाते। अपने प्रवास की समाप्ति पर रेस्टोरेंट के स्वामी के मिलने पर यह जानना आश्चर्य हुआ कि वह भारत नहीं, पाकिस्तान से था। 'आपने अपने प्रतिष्ठान का नाम इण्डियन की बजाय पाकिस्तानी रेस्टोरेंट क्यों नहीं रखा?' के जवाब में उसका कहना था, 'तब यहां कौन आएगा!' उसके ये चार शब्द मेरे देश, मेरी जन्मभूमि की यशोगाथा है। भारत से हजार युद्ध करने का उद्घोष करने वाले सर्वत्र प्रतिष्ठित भारत ब्रांड से अपनी रोजी-रोटी चल रहे हैं। परंतु यदा-कदा जब जब अपने ही देश में कुछ लोगों के मुख से इस महान धरा को काटने अथवा बांटने की बात सुनता हूं तो मन आक्रोश से भर उठता है। समाजशास्त्रियों की विवेचना के अनुसार 'आत्मगौरव विहीन इन लोगों को यदि 'सही समय' अर्थात बाल्य काल में ही राष्ट्रीय चेतना से परिचित कराया जाता तो वे भ्रामक प्रचार के शिकार नहीं होते।'

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*इतने दिन तक कुछ नहीं, बोले शरद पवार*
*मुंह खोले तो लग गया,झूठों का अंबार*
*झूठों का अंबार, तार पप्पू से जोड़ा*
*गदहा को इस बार,समझ बैठे वह घोड़ा*
*कह सुरेश कविराय झूठ बोलोगे कितने*
*सुर तुम रहे मिलाय, गिरो मत साहब इतने*

# संसद में बहस से अधिक हंगामा!

> लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए। संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बर्बादी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं।



बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरुआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, "संसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है।" चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए। संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बर्बादी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था-संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है।' लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए, तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मर्यादा मिले। संसद की गरिमा केवल आसनों से नहीं, आचरण से बनती है। संसद में वही नेता दिशा दे सकते हैं, जो अपने निजी या दलगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की सोच रखते हैं। जब तक संसद के सदस्य यह नहीं समझेंगे कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं, न कि अपने दल के प्रचारक, तब तक दिशा भटकती रहेगी।

**- ललित गर्ग**

# फांसी के फंदे को चूमकर शहीद हो गए खुदीराम बोस



आज की तारीख में आम तौर पर उन्नीस साल से कम उम्र के किसी युवक के भीतर देश और लोगों की तकलीफों, और जरुरतों की समझ कम ही होती है लेकिन खुदीराम बोस ने जिस उम्र में इन तकलीफों के खात्मे के खिलाफ आवाज बुलंद की, वह मिसाल है जिसका वर्णन इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। इससे ज्यादा हैरान करने वाली बात और क्या हो सकती है कि जिस उम्र में कोई बच्चा खेलने-कूदने और पढ़ने में खुद को झोंक देता है, उस उम्र में खुदीराम बोस यह समझते थे कि देश का गुलाम होना क्या होता है और कैसे या किस रास्ते से देश को इस हालत से बाहर लाया जा सकता है। इसे कम उम्र का उत्साह कहा जा सकता है लेकिन खुदीराम बोस का वह उत्साह आज भारत में ब्रिटिश राज के खिलाफ आंदोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है तो इसका मतलब यह है कि वह केवल उत्साह नहीं था बल्कि गुलामी थोपने वाली किसी सत्ता की जड़ें हिला देने वाली भूमिका थी। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि महज उन्नीस साल से भी कम उम्र में उसी हौसले की वजह से खुदीराम बोस को फांसी की सजा दे दी गई लेकिन यही से शुरू हुए सफर ने ब्रिटिश राज के खिलाफ क्रांतिकारी आंदोलन की ऐसी नींव रखी कि आखिर कार अंग्रेजों को इस देश पर जमे अपने कब्जे को छोड़ कर जाना ही पड़ा। बंगाल के मिदनापुर जिले के हबीबपुर गांव में त्रैलोक्य नाथ बोस के घर 3 दिसंबर 1889 को खुदीराम बोस का जन्म हुआ था लेकिन बहुत ही कम उम्र में उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया। माता-पिता के निधन के बाद उनकी बड़ी बहन ने मां-पिता की भूमिका निभाई और खुदीराम का लालन-पालन किया था। इतना तय है कि उनके पलने-बढ़ने के दौरान ही उनमें प्रतिरोध की चेतना भी विकसित हो रही थी। दिलचस्प बात यह है कि खुदीराम ने अपनी स्कूली जिंदगी में ही राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। तब वे प्रतिरोध जुलूसों में शामिल होकर ब्रिटिश सत्ता के साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाते थे, अपने उत्साह से सबको चकित कर देते थे। यही वजह है कि किशोरावस्था में ही खुदीराम बोस ने अपने भीतर के हौसले को उड़ान देने के लिए सत्येन बोस को खोज लिया और उनके नेतृत्व में अंग्रेजों के विरुद्ध मैदान में कूद पड़े थे। तब 1905 में बंगाल विभाजन के बाद उथल-पुथल का दौर चल रहा था। उनकी दीवानगी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने नौवीं कक्षा की पढ़ाई भी बीच में ही छोड़ दी और अंग्रेजों के खिलाफ मैदान में कूद पड़े। तब रिवोल्यूशनरी पार्टी अपना अभियान जोर-शोर से चला रही थी और खुदीराम को भी एक ठौर चाहिए था जहां से यह लड़ाई ठोस तरीके से लड़ी जाए। खुदीराम बोस ने डर को कभी अपने पास फटकने नहीं दिया, 28 फरवरी 1906 को वे सोनार बांग्ला नाम का एक इश्तिहार बांटते हुए पकड़े गए लेकिन उसके बाद वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। 16 मई 1906 को पुलिस ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर लिया लेकिन इस बार उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इसके पीछे वजह शायद यह रही होगी कि इतनी कम उम्र का बच्चा किसी बहकावे में आकर ऐसा कर रहा होगा लेकिन यह ब्रिटिश पुलिस के आकलन की चूक थी। खुदीराम उस उम्र में भी जानते थे कि उन्हें क्या करना है और क्यों करना है। अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ उनका जुनून बढ़ता गया और 6 दिसंबर 1907 को बंगाल के नारायणगढ़ रेलवे स्टेशन पर आंदोलनकारियों के जिस छोटे से समूह ने बम विस्फोट की घटना को अंजाम दिया, उसमें खुदीराम प्रमुख थे। इतिहास में दर्ज है कि तब कलकत्ता में किंग्सफोर्ड चीफ प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट को बहुत ही सख्त और बेरहम अधिकारी के तौर पर जाना जाता था। वह ब्रिटिश राज के खिलाफ खड़े होने वाले लोगों पर बहुत जुल्म ढाता था। उसके यातना देने के तरीके बेहद बर्बर थे जो आखिरकार किसी क्रांतिकारी की जान लेने पर ही खत्म होते थे। बंगाल विभाजन के बाद उभरे जनाक्रोश के दौरान लाखों लोग सड़कों पर उतर गए और तब बहुत सारे भारतीयों को मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड ने क्रूर सजाएं सुनाईं। इसके बदले ब्रिटिश हुकूमत ने उसकी पदोन्नति कर दी और मुजफ्फरपुर जिले में सत्र न्यायाधीश बना दिया। उसके अत्याचारों से तंग जनता के बीच काफी आक्रोश फैल गया था। इसीलिए युगांतर क्रांतिकारी दल के नेता वीरेंद्र कुमार घोष ने किंग्सफोर्ड मुजफ्फरपुर में मार डालने की योजना बनाई और इस काम की जिम्मेदारी खुदीराम और प्रफुल्ल चाकी को दी गई। तब तक बंगाल के इस वीर खुदीराम को लोग अपना आदर्श मानने लगे थे। बहरहाल, खुदीराम और प्रफुल्ल, दोनों ने किंग्सफोर्ड की समूची गतिविधियों, दिनचर्या, आने-जाने की जगहों की पहले रेकी की और अपनी योजना को पुख्ता आधार दिया। उस योजना के मुताबिक दोनों ने किंग्सफोर्ड की बग्घी पर बम से हमला भी किया लेकिन उस बग्घी में किंग्सफोर्ड की पत्नी और बेटी बैठी थी और वही हमले का शिकार बनीं और मारी गईं। इधर खुदीराम और प्रफुल्ल हमले को सफल मान कर वहां से भाग निकले लेकिन जब बाद में उन्हें पता चला कि उनके हमले में किंग्सफोर्ड नहीं, दो महिलाएं मारी गईं तो दोनों को इसका बहुत अफसोस हुआ लेकिन फिर भी उन्हें भागना था और वे बचते-बढ़ते चले जा रहे थे। प्यास लगने पर एक दुकान वाले से खुदीराम बोस ने पानी मांगा जहां मौजूद पुलिस को उनपर शक हुआ और खुदीराम को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन प्रफुल्ल चाकी ने खुद को गोली मार ली। बम विस्फोट और उसमें दो यूरोपीय महिलाओं के मारे जाने के बाद ब्रिटिश हुकूमत के भीतर जैसी हलचल मची थी, उसमें गिरफ्तारी के बाद फैसला भी लगभग तय था। खुदीराम ने अपने बचाव में साफ तौर पर कहा कि उन्होंने किंग्सफोर्ड को सजा देने के लिए ही बम फेंका था। जाहिर है, ब्रिटिश राज के खिलाफ ऐसे सिर उठाने वालों के प्रति अंग्रेजी राज का रुख स्पष्ट था, लिहाजा खुदीराम के लिए फांसी की सजा तय हुई।

**- कुमार कृष्णन**

# गंदगी और बंदगी एक साथ कैसे?

विगत दिनों एक समाचार पढ़ा- साढ़े चार करोड़ कांवड़ यात्री धर्मनगरी में छोड़ गए 10 हजार मीट्रिक टन कूड़ा। यह समाचार हाल ही में संपन्न हुई कांवड़ यात्रा के संबंध में था। समाचार के विश्लेषण में आगे लिखा था- 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा विधिवत रूप से शुरू हुई थी। यात्रा का आधा पड़ाव पूरा होने के बाद कांवड़ यात्रियों ने खाद्य पदार्थ,प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स और गुटके के रैपर्स, पॉलिथीन की थैलियां, पुराने कपड़े, जूते- चप्पल आदि सामान कूड़ेदान में डालने के बजाय सड़क और गंगा घाटों पर ही फेंक दिया। हर की पैड़ी के संपूर्ण क्षेत्र में गंदगी फैली है। मालवीय घाट, सुभाष घाट, महिला घाट, रोड़ी बेलवाला,पंतद्वीप, कनखल, भूपतवाला, ऋषिकुल मैदान, बैरागी कैंप आदि क्षेत्रों में गंदगी पसरी है। गौरतलब यह भी है कि हरिद्वार में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी कांवड़ यात्रा के दौरान पॉलीथिन और प्लास्टिक का कारोबार जमकर हुआ। क्या यह प्रशासन की मिलीभगत नहीं है? संयोग से इस दौरान मुझे भी हरिद्वार और ऋषिकेश गंगा स्नान एवं दर्शन के लिए जाने का सौभाग्य मिला। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती के समय प्रतिदिन की भांति पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी उन दिनों भी विशेष रूप से अपने उद्बोधन में कह रहे थे- घाटों पर गंदगी न करें, कूड़ा कूड़ेदान में डालें, प्लास्टिक का प्रयोग न करें, मां गंगा में पुरानी कांवड़ और पुराने कपड़े आदि न फेंके। प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग न हो, इसके लिए उन्होंने एक विशेष अभियान के अंतर्गत कपड़े के लाखों थैले बंटवाए। जगह-जगह स्वच्छ पेयजल हेतु व्यवस्थाएं की। तदुपरांत भी गंगा घाटों पर गंदे कपड़े, कूड़ा और प्लास्टिक की बोतलें सहजता से इधर-उधर पड़ी दिखाई दे रही थी। यहां समझने की आवश्यकता है कि गंदगी न करना, स्वच्छता रखना, प्रकृति- पर्यावरण, नदी और जल स्रोतों को दूषित न करना अपने आप में एक बड़ी भक्ति अथवा बंदगी है। अनेक स्थानों पर लोग भंडारे और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन करते हैं, जिसमें प्लास्टिक की प्लेट, चम्मच, गिलास आदि के रूप में ढेर कूड़ा दाएं बाएं बिखरा पड़ा रहता है। भंडारा करना और अन्य धार्मिक आयोजन हर्षोल्लास से करना बहुत अच्छी बात है लेकिन गंदगी के लिए भी सजग होना पड़ेगा। एक नागरिक के रूप में हमें यूज एंड थ्रो की संस्कृति को छोड़ना होगा। तीर्थ स्थानों पर अथवा कहीं भी गंदगी फैलाना हमें बंदगी की भावना से दूर करता है। विगत दिनों प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन हुआ। मेले में प्रतिदिन सैकड़ों मीट्रिक टन कूड़ा निकलता था, लेकिन प्रशासन की समुचित योजना और सजगता होने से मेला क्षेत्र लगातार स्वच्छ रहा। कुछ ही स्थानों पर प्लास्टिक की थैलियां, बोतलें और कूड़ा दिखाई दिया। भारत विविधताओं का देश है। यहां विभिन्न जातियां, मत- संप्रदाय एवं पर्व- उत्सव हैं। समूचे देश में विभिन्न नदियों एवं स्थानों पर अनेक तीर्थ हैं। जहां प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु एवं तीर्थयात्री पहुंचते हैं। क्या अपनी इन पवित्र यात्राओं पर जाते समय हम प्रकृति-पर्यावरण और तीर्थों को गंदा न करने और स्वच्छ रखने का संकल्प नहीं ले सकते?

**- डॉ. वेदप्रकाश**

आज का कार्टून

साभार




# क्या राहुल गांधी एक जिम्मेदार राजनीतिज्ञ?

क्या राहुल गांधी एक गैर जिम्मेदार राजनीतिज्ञ हैं। अब जब 2022 की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी की इस बात पर कि चीन ने भारत की 2000 कि.मी. जमीन कब्जा ली, सर्वोच्च न्यायालय ने तीखी टिप्पणी करते हुये कहा कि इस बात का क्या सबूत है। अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो ऐसी बाते नहीं कर सकते। इस तरह से अनेको बातें है जिससे यह पता चलता है, कि उनका रवैया सदैव ही एक गैर जिम्मेदाराना राजनीतिज्ञ का रहा है। वह चाहे राफेल का मामला हो, चाहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वीर सावरकर या पैगोसेस का मामला हो, सभी मामलों में वह झूठे और गलत साबित हुये हैं। अब प्रियंका वाड्रा भले ही यह कहे कि यह जज तय नहीं कर सकते कि सच्चा भारतीय कौन है? पर लाख टके की बात यह है कि यदि देशका सर्वोच्च न्यायालय यह तय नहीं करेगा तो कौन करेगा? क्या यह एक खानदान विशेष करेगा? इसी तरह से आये दिन राहुल गांधी चुनाव आयोग पर बेसिर-पैर के हमले करते रहते हैं, उस पर वोट चोरी करने और देख लेने की धमकी देते हैं। उस पर जब कर्नाटक चुनाव आयोग ने राहुल से शपथ-पत्र माँग लिया तो साय-पटाय बकने लगे कि वह नेता है और जो सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं, वही शपथ-पत्र है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प जब अपने निहित स्वार्थों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था को डेड/मृत बताते हैं, तो लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी उस पर पूरी तरह सहमति व्यक्त करते हैं। परीक्षण करने का विषय है कि क्या इसमें कुछ सच्चाई है। अन्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक की रिपोर्ट यह कहती है कि भारत की अर्थव्यवस्था राकेट बनी हुई है। वर्तमान में भारत की विकास दर जहाँ 6.4 प्रतिशत है वहीं चीन की 4.8 प्रतिशत, अमेरिका 1.9 प्रतिशत, यू.के. की 1.2 प्रतिशत, जर्मनी 0.1 प्रतिशत, जापान 0.7 प्रतिशत फ्रांस 0.6 प्रतिशत विकास दर है। कुल मिलाकर भारत विश्व की सबसे ज्यादा बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। वर्ष 2015 में भारत की अर्थव्यवस्था जहाँ 2.1 ट्रिलियन डालर की थीं, वहीं 2025 में दुगुने से ज्यादा 4.3 ट्रिलियन डालर की हो चुकी है। विनिर्माण क्षेत्र में भारत की स्थिति जहाँ 57.4 प्रतिशत की है, चीन जहाँ 50.4 प्रतिशत है, वहीं अमेरिका 40.1 प्रतिशत में ही अटका हुआ है। कहने का आशय यह कि दुनिया की नम्बर 1 और नम्बर 2 दोनों ही अर्थव्यवस्थाओं से भारत विनिर्माण क्षेत्र में आगे है। आज दुनिया का प्रत्येक देश भारत से ज्यादा से ज्यादा व्यापार करने के तत्पर है। 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ पर देश का शेयर मार्केट धड़ाम हो जाना चाहिए था पर इसका बहुत हल्का असर हुआ। यदि तुलनात्मक दृष्टि से देखा जाये तो वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक यूपीए शासन के दौर में महगाई की दर 8.2 प्रतिशत वार्षिक थी जबकि मोदी शासन में यह 5.5 से ऊपर कभी नहीं गई। यूपीए शासन में एफडीआई के माध्यम से जहाँ मात्र 305 करोड़ रूपये आये, वहीं मोदी शासन में 595 करोड़ रूपये का निवेश हुआ। जी.एस.टी. का कलेक्शन जुलाई 2025 में 1.96 लाख करोड़ रूपये है जो पिछले वर्ष से 7.5 प्रतिशत ज्यादा है। ऐसी स्थिति में भारत की अर्थव्यवस्था को डेड कहना एक सफेदपोश झूठ और ट्रम्प का फ्रस्टेशन ही कहा जा सकता है। यद्यपि इस मामले में राहुल के रवैये को लेकर उनकी ही पार्टी के नेताओं जैसे राजीव शुक्ला एवं शशि थरूर ने ही असहमति जताते हुये राहुल गांधी को आईना दिखाया। राजीव शुक्ला ने कहा कि हमारी इकोनामी बहुत मजबूत है तो शिवसेना उद्धव गुट की प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इस मामले में अपनी असहमति जताई। इसी अर्थव्यवस्था के तहत राहुल गांधी ने म्यूचल फंड एवं शेयर मार्केट के माध्यम से स्वतः भारी कमाई की है। 2014 के बाद जहाँ म्यूचल फंड से वह 3.8 करोड़ और शेयर मार्केट से 4.87 करोड़ अर्जित कर चुके हैं। वर्ष 2014 में राहुल गांधी ने शेयर मार्केट में 83 लाख रूपये का निवेश किया जो 2019 में 5 करोड़ और 2024 में 8 करोड़ रूपये हो गया। राहुल गांधी ने पिछले 5 महीनें में 66 लाख 49 हजार का मुनाफा कमाया। यही स्थिति उनकी माँ सोनिया गांधी और बहन प्रियंका वाड्रा की भी है। बड़ी सच्चाई यह कि ट्रम्प ने 2014 के पश्चात भारत में स्वतः निवेश किया है। ट्रम्प स्वतः कह चुके हैं कि निवेश की दृष्टि से भारत अच्छी जगह है। ट्रम्प टावर्स के कार्य मुम्बई, पुणे, गुरूग्राम जैसे शहरों में तेजी से फैले हैं तो नोयडा, हैदराबाद, बेंगलुरू जैसी जगहों में 15000 करोड़ के निवेश ट्रम्प रियल स्टेट में कर चुके हैं। वर्तमान में भारत में ट्रम्प का कारोबार 29 लाख करोड़ रूपये का है। ट्रम्प के बेटे स्वतः भारत आकर कई परियोजनाओं की शुरूआत करने वाले हैं।

**- वीरेन्द्र सिंह परिहार**

# भागलपुर में गंगा में समाया घर, समस्तीपुर में स्कूल डूबा

## उफान पर 10 नदियां, बाढ़ से 11 मौतें

**महानगर संवाददाता**

**भागलपुर**

बिहार में मानसून की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई है। पटना, सुपौल समेत 4 जिलों में तेज बारिश हुई। कई जिलों में सुबह से बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के 17 जिलों के लिए बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले एक हफ्ते तक प्रदेश में बारिश की संभावना है। जिन जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है,वहां भारी बारिश और कहीं-कहीं बिजली गिरने के साथ 40KM प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक मानसून सीजन में बिहार में 573 MM बारिश होनी चाहिए थी,लेकिन अब तक केवल 431 MM बारिश हुई है। जो सामान्य से 25 MM कम है। इधर, गंगा समेत बिहार की बिहार की दस नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जिससे, भागलपुर, वैशाली, मुंगेर, बेगूसराय समेत 7 जिलों में बाढ़



की स्थित की बनी हुई है। बाढ़ के पानी में डूबने से अलग-अलग जिलों में 8 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा भागलपुर में 4 की मौत हुई है। वहीं, बेगूसराय में 3, जबकि वैशाली में 1 की जान चली गई। बाढ़ के चलते बिहार में 10 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। भागलपुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही कटाव शुरू हो गया है। जिले के रंगरा प्रखंड के तीनटंगा ज्ञानी दास टोला में कटाव की वजह से कई घर गंगा में समा गए।

### 11 से 13 अगस्त के बीच भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग की माने तो 13 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम और उसके सटे पश्चिमी भाग में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इस सिस्टम के सक्रिय होने के बाद बिहार में बारिश की गतिविधियां और तेज हो जाएंगी। इसका असर खासकर उत्तर बिहार के जिलों पर ज्यादा होगा, जहां 11 से 13 अगस्त के दौरान कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की जा सकती है।

### ज्ञानी दास टोला में भीषण कटाव हो रहा

भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तीनटंगा ज्ञानी दास टोला में भीषण कटाव हो रहा है। इससे कई घर देखते ही देखते गंगा की तेज धारा में समा गए हैं। स्थानीय बलराम यादव का भी पक्का मकान कुछ ही सेकेंड में गंगा में समा गया।

### भागलपुर में बाढ़ पीड़ितों पर घड़ियाल का हमला

भागलपुर जिले के नाथनगर प्रखंड क्षेत्र की सात पंचायतों में बाढ़ ने तबाही मचा दी है। लोग पलायन कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को विवश है। इस दौरान घड़ियाल के हमले से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह नौ बजे नगर निगम वार्ड-1 स्थित लालूचक और बुद्धूचक के दर्जनों बाढ़ पीड़ित लोग पानी में डूबकर सुरक्षित जगह महाशय ड्योढी स्थित बाढ़ राहत शिविर में जा रहे थे।

# रक्षाबंधन मनाकर लौट रहे देवर-भाभी की मौत

**कैमूर में वाहन ने बाइक को रौंदा**



**कैमूर।** कैमूर जिले के मोहनियां में रक्षाबंधन पर दर्दनाक हादसा हुआ। जब सड़क दुर्घटना में देवर-भाभी की मौत हो गई। घटना दुर्गावती थाना क्षेत्र के कर्मनाशा चांद नहर पथ के पिपरी गांव के पास की है। मृतकों की पहचान ऋषिकेश राय और उसकी भाभी लक्ष्मीना देवी के तौर पर हुई है। मृतक के बड़े भाई लक्की राय ने बताया कि रक्षाबंधन पर लक्ष्मीना देवी अपने छोटे देवर ऋषिकेश को लेकर अपने मायके राखी बांधने गई थीं। वापस लौटते समय चांद नहर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों नहर में गिर गए। ऋषिकेश अपने भाभी को उनके मायके धड़हर गांव से राखी बांधवाकर घर वापस आ रहे थे।

# बिहार में 1 करोड़ 12 लाख लोग हुए मालामाल

## CM नीतीश ने खाते में भेज दी पेंशन

**महानगर संवाददाता**

**पटना**

बिहार में आज 1 करोड़ 12 लाख लोग मालामाल हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि एक करोड़ 12 लाख लाभुकों के खाते में जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को पटना के एक अर्णे मार्ग स्थित अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में एक क्लिक से राशि का भुगतान किया। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी योग्य व्यक्ति इस योजना से छूटे हुए हैं उन सब को इसमें शामिल कराएं।

IPRD बिहार की तरफ से एक्स पर लिखा गया, 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के कर-कमलों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 1 करोड़ 12 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1247 करोड़ 34 लाख का डी.बी.टी के



माध्यम से हस्तांतरण हुआ।' हर लाभुक को 1100-1100 रुपये उनके खाते में दिए जाएंगे। बढ़ी हुई पेंशन राशि की यह दूसरी किस्त है। यहां आपको बता दें कि राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मुख्य तौर से छह तरह के लाभार्थी हैं। इनमें मुख्यमंत्री वृद्धाजन पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, बिहार विकलांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय और विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना शामिल है।

### यह बढ़ोतरी सभी तरह की पेंशन योजनाओं पर लागू

सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सीधे बैंक खाते में भेजे जाने के मौके पर विभिन्न जिलों के प्रखंड, पंचायत, नगर निकाय और आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। खास बात यह भी है कि कार्यक्रम में लाइव वेबकास्टिंग के जरिए लाभुकों ने सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबोधन को सुना है। बिहार सरकार ने इसी साल जून के महीने में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपये बढ़ाकर 1100 रुपये किए जाने का ऐलान किया था। यह बढ़ोतरी सभी तरह की पेंशन योजनाओं पर लागू की गई है।


# भोजपुर में अपहरण के बाद नबालिग की हत्या

**भोजपुर।** भोजपुर में अपहरण के बाद किशोरी की हत्या कर दी गई और लाश को नहर में फेंक दिया गया। नाबालिग 2 दिन से लापता था। किशोर के चचेरे भाई सत्य नारायण के अनुसार 2 दिन पहले मृतक विश्वकर्मा कुमार उर्फ छप्पन का गांव के ही एक ऑटो चालक से झगड़ा हुआ था। ऑटो का शीशा टूट गया था। कुछ देर बाद विश्वकर्मा ने अपने ही मोबाइल से मां को फोन किया था। कह रहा था कि ये लोग मुझे मार रहे हैं। 20 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। जल्दी पैसे लेकर आओ, वरना ये लोग मुझे मार देंगे।इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। आज उसकी लाश मिली है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित नहर के पास की है। मृतक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सबलपुर बेहरा गांव निवासी स्व. रामेश्वर यादव के बेटे विश्वकर्मा कुमार उर्फ छप्पन कुमार के रूप में हुई। परिजन का आरोप है कि किशोर को अगवा कर 20 हजार रुपए की फिरौती मांगी गई थी। पैसे नहीं देने पर उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया।

# लोजपा (R) के 139 नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफा

## सारण में विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को झटका, कहा-कॉर्पोरेट कंपनी की तरह चला रहे चिराग

**सारण।** सारण में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। जिले के 139 पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पूर्व जिला अध्यक्ष और वर्तमान प्रदेश सचिव दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में यह सामूहिक इस्तीफा हुआ है। छपरा शहर के दहियावां टोला स्थित दीपक कुमार सिंह के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में सभी नेताओं ने पार्टी के अंदरूनी रवैये से नाराजगी जताई। इस्तीफा देने वालों में 39 मंडल समिति सदस्य, 16



प्रखंड अध्यक्ष, 30 महिला समिति सदस्य और 40 नगर निकाय समिति से जुड़े लोग शामिल हैं। सभी ने बिहार प्रभारी और जमुई सांसद अरुण भारती और खगड़िया सांसद पवन वर्मा पर उपेक्षा और तानाशाही रवैये का आरोप लगाया है। साथ ही पैसे के लेन-देन का भी गंभीर आरोप लगाया गया है।

**कॉर्पोरेट कंपनी की तरह चला रहे पार्टी**

दीपक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि अरुण भारती पार्टी को कॉर्पोरेट कंपनी की तरह चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के नाम पर सारण जिले से 50 लाख रुपए की अवैध वसूली की गई। विरोध करने पर कार्यकर्ताओं को बेइज्जत किया गया। कार्यकर्ताओं ने चिराग पासवान पर भरोसा जताते हुए अरुण भारती और पवन वर्मा पर पार्टी को भीतर से कमजोर करने का आरोप लगाया। प्रेस वार्ता के दौरान नाराज नेताओं ने दोनों सांसदों के खिलाफ नारेबाजी भी की। दीपक कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि इस्तीफा देने के बाद भी वे एनडीए में बने रहेंगे। जल्द ही सभी नेता एक बैठक कर अपने अगले राजनीतिक कदम का ऐलान करेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले यह सामूहिक इस्तीफा लोजपा (रामविलास) के लिए बड़ा संगठनात्मक झटका माना जा रहा है।

# 'जिसके पास खुद दो वोटर आईडी कार्ड वो क्या...'

## चिराग पासवान ने विपक्ष पर जमकर बोला हमला

**हाजीपुर।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दो-दो वोटर आईडी कार्ड के खुलासे के सवाल पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि चुनाव आयोग चाहे तो जांच कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह खुलासा कौन कर रहा है जिसके पास खुद ही दो-दो वोटर आईडी कार्ड है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने नेता विरोधी दल तेजस्वी प्रसाद यादव से जवाब तलब भी किया है। चुनाव आयोग चाहे तो डिप्टी सीएम से भी जवाब तलब करें और पूरा जांच कर सकते हैं। सीतामढ़ी में बीते दिनों माता सीता के मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में नहीं पहुंचने पर विपक्ष के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि सीतामढ़ी में हम पहुंचे थे। लेकिन मौसम की वजह से कार्यक्रम को पहले किया गया। जब तब तक हम पहुंचे तब तक कार्यक्रम समाप्त हो चुका था।

# डिजनीलैंड मेले में हादसा, ड्रैगन ट्रेन की बोगी टूटी

## भोजपुर में 12 साल की बच्ची की मौत, 2 घायल, अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**भोजपुर।** भोजपुर के जगदीशपुर नगर के संत बराहना महिला कॉलेज के पीछे लगे डिजनीलैंड मेले में बड़ा हादसा हुआ है। ड्रैगन ट्रेन का बोगी टूटकर गिरने से नीचे खड़ी 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद इलाज में देरी और समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल कर्मी फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान खपटहां रोड नट टोला निवासी मंटू नट की पुत्री नैना कुमारी(12) के



तौर पर हुई है। 6वीं क्लास की छात्रा थी। जबकि घायलों में बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा निवासी टिंकू नट की पुत्री ट्विंकल कुमारी(5) और चरपोखरी गांव निवासी दीपू नट की पत्नी रीमा कुमारी(28) समेत अन्य लोग शामिल है।

**राखी बांधने के बाद मेला घूमने गई थी :** मृतका की बहन प्रिया कुमारी ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन मेरी बहन काफी खुश थी। हाथों में मेंहदी, नया कपड़ा पहनकर पहले भाई प्रिंस को राखी बांधी। फिर अपने चचेरे भाइयों को राखी बांधने के बाद हमलोग डिजनीलैंड मेला में घूमने गए थे। ड्रैगन ट्रेन को बाहर खड़ा होकर देख रहे थे। बहन बोल रही थी कि काफी तेज चला रहा है। इसी बीच एक बोगी टूटकर नीचे तीन चार लोगों पर आ गिरा।

# बाइक-टेंपो की टक्कर में युवक की मौत

**एक घायल:मोतिहारी में बुआ के घर से राखी मनाकर लौट रहा था**

**मोतिहारी।** मोतिहारी के बंजरिया थाना क्षेत्र स्थित सिंघिया ओवर ब्रिज पर शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। टेंपो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के बरहरवा कला पश्चिम पंचायत के आदिया गांव निवासी रामदेव प्रसाद के बेटे अभिषेक कुमार(18) के रूप में हुई है। घायल की पहचान तुरकौलिया थाना क्षेत्र के सपही गांव निवासी 14 वर्षीय गोलू कुमार के रूप में हुई है।

**राखी पर बुआ के घर गए थे दोनों**



अभिषेक और गोलू एक अपाचे बाइक पर सवार होकर सपही गांव में अपनी फुआ के घर गए थे। लौटते समय जब उनकी बाइक सिंघिया ओवर ब्रिज पर पहुंची, विपरीत दिशा से आ रहे एक टेंपो से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। गोलू घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही बंजरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# छपरा में युवक ने सरेराह 8 राहगीरों को मारा चाकू

## गुस्साए लोगों ने कर दी पिटाई, हुई मौत

**सारण।** सारण से हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है. यहां एक विक्षिप्त ने एक के बाद एक करीब आठ लोगों को चाकू से वार कर के बुरी तरह से घायल कर दिया गया. घायलों में से दो लोगों की हालत काफी गंभीर है, जिसके चलते उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है. सारण के एसएसपी डॉक्टर कुमार आशीष ने इसकी पुष्टि की है. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने विक्षिप्त की जमकर पिटाई कर डाली. जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, तरैया थाना अंतर्गत डीह छपरा गांव में शनिवार को एक सनकी युवक ने बिना किसी कारण



एक के बाद एक कई लोगों पर चाकू से वार कर दिया. इस सनकी युवक ने महिला, पुरुष के साथ दो मासूम बच्चों को भी चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. इस घटना की जानकारी मिलते ही तरैया थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और सभी जख्मी को तरैया अस्पताल में भर्ती कराया. सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया। गंभीर से घायलों में स्थानीय थाना क्षेत्र के डीह छपरा गांव निवासी लाल बाबू गिरी का पांच वर्षीय पुत्र अनीश गिरी, विकास महतो का छह वर्षीय पुत्र मोगल कुमार, डॉ. विपिन गिरी की 55 वर्षीय पत्नी सुनैना देवी, पंकज महतो की 40 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी, छिगन गिरी की 65 वर्षीय पत्नी सांवरिया देवी एवं सच्चिदानंद गिरी की 45 वर्ष की पत्नी रोमा कुंवर है।

**व्यापार**

# सब्जियों-तेल की महंगाई से किचन बजट बिगड़ा

## कीमतों में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली।** बारिश के कारण सब्जियों की सप्लाई घटने से दिल्ली-एनसीआर में रिटेल बाजार में दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। टमाटर, शिमला मिर्च, गोभी, भिंडी और धनिया समेत कई सब्जियों के रेट आसमान छू रहे हैं। आजादपुर सब्जी मंडी के कारोबारियों का कहना है कि लगातार बारिश से सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं, जिससे मंडी में आवक घट गई है। हालांकि इस हफ्ते कुछ सब्जियों के दाम में हल्की गिरावट आई, लेकिन बारिश जारी रही तो फिर से बढ़ोतरी की आशंका है। केंद्र सरकार के मुताबिक, दिल्ली में टमाटर का औसत भाव 73 रुपए प्रति किलो है, जबकि सरकारी एजेंसियां इसे 47 से 60 रुपए किलो पर बेच रही हैं। उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत में भारी बारिश को इसकी बड़ी वजह बताया गया है, जबकि चेन्नई और मुंबई जैसे शहरों में भाव स्थिर हैं। दूसरी ओर, सरसों तेल की कीमतों में भी तेजी देखी जा रही है। 15 दिन पहले 170 रुपए प्रति लीटर मिलने वाला सरसों तेल अब 195 रुपए का हो गया है और व्यापारियों का अनुमान है कि यह जल्द ही 200 रुपए पार कर सकता है।

# FPI ने अगस्त में बाजार से अब-तक 18,000 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (FPI) ने अगस्त 2025 में भारतीय शेयर बाजार से अब तक करीब 18,000 करोड़ रुपए निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस साल FPI ने इंडियन शेयर मार्केट से अब तक टोटल 1.13 लाख करोड़ रुपए की निकासी की है। आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने (8 अगस्त तक) FPI ने 17,924 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे हैं। जुलाई में विदेशी निवेशकों ने नेट बेसिस पर 17,741 करोड़ रुपए निकाले थे।

इससे पहले मार्च से जून तक यानी तीन महीनों में FPI ने 38,673 करोड़ रुपए का निवेश किया था। लेकिन हालिया व्यापारिक तनाव और कमजोर कॉरपोरेट नतीजों ने बाजार का माहौल बदल दिया।



**शुक्रवार को FPI बायर्स बने रहे**

वहीं बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स और डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी DII नेट बायर्स बने रहे। NSE के डेटा के अनुसार, 8 अगस्त को FPI ने 1,932.81 करोड़ रुपए और DII ने 7,723.66 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं। ट्रेडिंग सेशन के दौरान, DIIs ने 16,682.09 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 8,958.43 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं FII ने 17,682.11 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 15,749.30 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

**अगस्त में FPI की निकासी की वजह :** अगस्त में FPI की निकासी की मुख्य वजहें हैं- भारत-अमेरिका के बीच बढ़ता व्यापारिक तनाव, कॉरपोरेट कंपनियों के पहले तिमाही के निराशाजनक नतीजे और भारतीय रुपए में कमजोरी। एंजल वन के सीनियर फंडामेंटल एनालिस्ट वकरजावेद खान के अनुसार, आने वाले समय में FPI का रुख नाजुक और जोखिम से बचने वाला रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारिक नीतियां और टैरिफ जैसे मुद्दे अगले सप्ताह निवेशकों के लिए अहम होंगे।

# केनस्टार ने भारत से अपनों से दोबारा जुड़ने का अनुरोध किया

**नई दिल्ली।** भारत के स्वतंत्रता दिवस के 78वें वर्ष पर, मशहूर होम अप्लायंस ब्रांड केनस्टार ने एक खास पहल की घोषणा की है। ब्रांड ने देशभर के लोगों से अपील की है कि 15 अगस्त को शाम 6 से 7 बजे तक एक घंटे के लिए अपने मोबाइल फोन को अलग रख दें और यह समय अपने परिवार, दोस्तों और करीबी लोगों के साथ बिताएं। इस कैंपेन को नाम दिया गया है। #NoPhoneHour। इस पहल के ज़रिए केनस्टार हर भारतीय को याद दिलाना चाहता है कि आज़ादी सिर्फ भौगोलिक या राजनीतिक नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया की भागदौड़ से भी थोड़ी दूरी बनाकर अपनों के साथ समय बिताने में भी है। केनस्टार के सीईओ, सुनील जैन ने कहा, "#NoPhoneHour सिर्फ एक सोशल मीडिया कैम्पेन नहीं, बल्कि एक संदेश है – कि हम उन रिश्तों को फिर से समय दें जो हमारे जीवन की असल खुशियों की वजह हैं। आज जहां हम हजारों वर्चुअल फॉलोअर्स के साथ जुड़े हैं, वहीं हकीकत में एक सच्चे रिश्ते की गर्माहट की कमी महसूस करते हैं। यह पहल उसी कमी को भरने की एक छोटी कोशिश है।" #NoPhoneHour (#नोफोनआवर) कैम्पेन भारत के लोगों से एक सार्थक संकल्प लेने का आह्वान करता है, कि वे वर्चुअल दुनिया को एक तरफ रखें और वास्तविक संबंध के एक घंटे को अपनाएं।

# सेबी ने मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए एक्सक्लूसिव ए.आई.एफ. योजनाओं का प्रस्ताव रखा

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक स्पैशल अल्टरनेटिव इन्वैस्टमैंट फंड (ए.आई.एफ.) स्कीम का प्रस्ताव दिया है, जिसमें केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों को ही प्रवेश मिलेगा। सेबी की एक प्रैस रिलीज में कहा गया है कि ऐसी स्पैशल ए.आई.एफ. स्कीम को रैगुलर ए.आई.एफ. की तुलना में अधिक सरल नियामक ढांचे का लाभ मिलेगा। मान्यता प्राप्त निवेशक वे व्यक्ति या व्यवसाय होते हैं जो सेबी द्वारा प्रमाणित संपत्ति, नैट वर्थ और आय मानदंडों



को पूरा करते हैं। मान्यता प्राप्त निवेशक का दर्जा प्राप्त करने के लिए एकल स्वामित्व, एच.यू.एफ. और पारिवारिक ट्रस्टों की न्यूनतम वार्षिक आय 2 करोड़ रुपए या कम से कम 7.5 करोड़ रुपए की नैट वर्थ और 3.75 करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्तियां होनी चाहिए। सेबी द्वारा मान्यता प्राप्त एजैंसी, जैसे स्टॉक एक्सचेंज या डिपॉजिटरी सब्सिडियरी (सी.डी.एस.एल. वैंचर्स लिमिटेड), इन मानदंडों, वित्तीय संपत्तियों और निवेश अनुभव के आधार पर मान्यता प्रदान करती है।

सेबी के लेटैस्ट कंसल्टेशन पेपर में पारंपरिक न्यूनतम प्रतिबद्धता सीमा (वर्तमान में प्रति निवेशक 1 करोड़ रुपए) से बदलकर ए.आई.एफ. में निवेशक की विशेषज्ञता के मापदंड के रूप में केवल मान्यता प्राप्त स्थिति का उपयोग करने का प्रस्ताव दिया गया है।

# क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने बविस्टिन के 50 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाया

**मुंबई।** भारत की अग्रणी अनुसंधान-आधारित कृषि-रसायन कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड (CCPL) ने आज अपने प्रमुख फफूंद नाशक ब्रांड बविस्टिन के 50 वर्षों के गौरवपूर्ण सफर की घोषणा की है। 1975 में लॉन्च हुआ बविस्टिन आज देश का एक सबसे विश्वसनीय और दीर्घकालिक प्रभावी सिस्टमिक फफूंद नाशक बन चुका है। इसकी बहुआयामी रोकथाम और इलाज़ क्षमता ने फसल के हर चरण में बीमारियों से सुरक्षा प्रदान की है, जिससे यह भारतीय किसान का अभिन्न साथी बन गया है। बविस्टिन की सिस्टमिक विशेषता उसे पौधे के अंदर संचारित होने में सक्षम बनाती है।

# BharatPe ने FY25 में किया मुनाफ़ा, 6 करोड़ PBT दर्ज

**मुंबई।** देश की सबसे तेजी से बढ़ती फिनटेक कंपनियों में से एक, BharatPe ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंत मुनाफ़े के साथ किया। ESOP खर्च को छोड़कर कंपनी का Profit before Tax (PBT) 6 करोड़ रहा, जबकि पिछले साल उसे 342 करोड़ का घाटा हुआ था। इस साल कंपनी की कुल आय 1,734 करोड़ पहुँची, जो अब तक का सबसे ऊँचा स्तर है। EBITDA (ESOP खर्च छोड़कर) भी



पिछले साल के 209 करोड़ के घाटे से सुधरकर 141 करोड़ के मुनाफ़े पर पहुंच गया।

भारतपे के CEO नलिन नेगी ने कहा, "PBT में मुनाफ़ा केवल आंकड़ों की बात नहीं है, यह हमारे सफल बदलाव और ज़िम्मेदार विकास का संकेत है। अब हम मजबूत वित्तीय अनुशासन के साथ आगे बढ़ रहे हैं।"

इस साल भारतपे को RBI से ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर काम करने की मंज़ूरी मिली, जिससे कंपनी को अपने व्यापारी नेटवर्क का विस्तार करने और छोटे शहरों में मजबूत पकड़ बनाने में मदद मिलेगी।

कंपनी हर महीने लगभग 450 करोड़ UPI transactions प्रोसेस करती है, जिनका कुल मूल्यांकन करीब 12,000 करोड़ है।

# प्रेस्टीज ग्रुप ने पहली तिमाही में किया 102 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लि. ने आवास परियोजनाओं के निर्माण के लिए चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 102 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है, जिससे कंपनी को से 20,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई होने की संभावना है। बेंगलुरु की इस कंपनी ने जमीन खरीदने के साथ-साथ भू-स्वामियों के साथ साझेदारी भी की है, ताकि अपने आवासीय कारोबार का विस्तार किया जा सके। कंपनी के नवीनतम निवेशक प्रस्तुतिकरण के अनुसार, कंपनी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और मुंबई में कुल 102 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। इन भूखंडों का उपयोग आवासीय परियोजनाओं के विकास के लिए किया जाएगा।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# विधानमंडल मानसून सत्र आज से

## सीएम योगी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक

महानगर संवाददाता

लखनऊ

यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसकी तैयारियों के सिलसिले में रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई। बैठक में विकसित भारत के विजन डाक्यूमेंट पर 24 घंटे की चर्चा के संबंध में रुपरेखा तैयार करने के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

वहीं, विधानसभा मानसून सत्र के संचालन के संबंध में सर्वदलीय बैठक भी हुई जिसकी अध्यक्षता सीएम योगी आदित्यनाथ ने की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, मंत्री संजय निषाद, ओम प्रकाश राजभर, कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा, बसपा विधायक उमाशंकर सिंह, विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भइया' आदि मौजूद रहे। इस बार विधान परिषद और विधानसभा 13 अगस्त को सुबह 11:00 बजे से अगले दिन यानी 14 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे तक अनवरत चलेगी। इस दौरान विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा होगी। यानी इस बार लगातार 27 घंटे तक कार्यवाही चलेगी। बताते चलें कि यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा में एआई की भी पाठशाला लगी। इसमें विधायक अपने कामकाज में स्मार्टनेस लाने के लिए एआई का उपयोग सीखा।





### नवीनीकृत गुम्बद का किया लोकार्पण

बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद का लोकार्पण किया। साथ ही विधान भवन के नवीनीकृत सभा मंडप का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या-15 का उद्घाटन किया। मानसून सत्र को लेकर राजधानी लखनऊ में रविवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। बैठक विधान भवन में की गई। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### जनता की समस्याओं का तुरंत हो निस्तारण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की।लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है।

## चुनाव आयोग पर बोले अखिलेश

# अब चुनाव आयोग से न्याय की अपेक्षा नहीं है

महानगर संवाददाता

इटावा

रक्षाबंधन पर शनिवार को सैफई पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग और भाजपा को लेकर बड़ी बात गए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग वोटों की डकैती डालने में जुटा हुआ है। चुनाव आयोग से न्याय की अपेक्षा नहीं है। हम सभी को सतर्क रहना होगा। चाचा राजपाल यादव के घर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर सपा के वोट काटे गए। इसका वीडियो भी हमारे पास है।

रक्षाबंधन के मौके पर अखिलेश अपने चाचा स्व. राजपाल यादव के घर पहुंचे और चाची प्रेमलता से आशीर्वाद लेने के बाद उनका कुशलक्षेम जाना। यहां पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश चुनाव आयोग पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने वोटों पर डाका डाला था। अयोध्या का चुनाव हो या कुंदरकी का.. सबसे बड़ी वोटों की चोरी फैजाबाद में की गई। ये तय करते हैं कि कौन वोट डालेगा और कौन नहीं। भाजपा के इशारे पर सपा के वोट काटे गए। इसका वीडियो भी है, जिसमें एक-एक आदमी ने छह-छह वोट डाले।




राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोटों की चोरी का आरोप लगाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमेशा चुनाव में यह चिंता रही है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा कि नहीं। लेकिन अब लगता नहीं है कि न्याय मिलेगा इसलिए हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने कहा कि अगली बार आप लोगों से मिलूंगा तो पूछूंगा कि इटावा के टॉप-10 अपराधी कौन हैं? प्रदेश के हर जिले से इस तरह की सूची मांगूंगा और उससे साफ हो जाएगा कि आखिर प्रदेश में माफिया और टॉप टेन की सूची में कौन लोग शामिल हैं। सपा प्रमुख ने अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत पर टैरिफ लगाने पर कहा कि आज भारतीयों को मौका मिला है कि वे अपना उद्योग अपने हाथ में ले लें। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में पहले भी चुनाव अधिकारियों पर सवाल खड़े कर चुके हैं। खासकर बीते विधानसभा उपचुनावों में उन्होंने खुलकर कुछ अधिकारियों के नाम भी लिए थे। उन्होंने मिल्कीपुर और कुन्दरकी उपचुनाव की वीडियो भी मांगी चुनाव आयोग से, लेकिन उनके आरोपों पर चुनाव आयोग का कोई जवाब नहीं मिला।

## सपा नेता पर भड़के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद

# 'एसटी हसन मानसिक रूप से बीमार'

महानगर संवाददाता

सहारनपुर

जिले से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने समाजवादी पार्टी नेता एसटी हसन के उत्तराखंड क्लाउडबर्स्ट पर दिए गए विवादित बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें मानसिक रूप से बीमार करार दिया। मसूद ने कहा कि मानसिक रूप से परेशान लोग ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अल्लाह का डर होना चाहिए।

सपा नेता डॉ एसटी हसन ने उतराखंड और हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं को लेकर कहा था कि इन जगहों पर मुस्लिम धार्मिक इमारतों पर बुल्डोजर चला था। इस कारण ये आपदाएं आ रहीं हैं। इमरान मसूद से जब डॉ




एसटी हसन के बयान को लेकर सवाल किया गया तो वे बेहद नाराज हो उठे और कहा कि पूरी तरह मानसिक रूप से बीमार हैं। ऐसे बयान देकर समाज में नफरत नहीं फैलाना चाहिए। अल्लाह का डर रखिए। समाजवादी पार्टी पूर्व सांसद एसटी हसन ने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अन्य धर्मों का सम्मान न होने की वजह से ऐसी आपदा आई है। उन्होंने आगे कहा था कि जब दुनिया को चलाने वाले का न्याय होता है, तो कोई भी खुद को बचा नहीं सकता।

हसन ने विशेष रूप से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में धार्मिक स्थलों, जैसे दर्गाह और मंदिरों, पर बुलडोजर कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे स्थलों को शांति से खाली कराया जाए न कि बलपूर्वक तोड़ा जाए। सपा नेता डॉ हसन के बयान को लेकर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों में तीखी आलोचना झेलना पड़ा। यही नहीं मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी एसटी हसन की निंदा की। बोले प्राकृतिक आपदाओं पर इस तरह की टिप्पणी बिलकुल शोभनीय नहीं हैं।

## पकड़ा गया बाइक चोरों का इंटरनेशनल गैंग

**बस्ती।** सदर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने अंतरराष्ट्रीय बाइक चोरों के गैंग का भांडाफोड़ किया है। यह गैंग चोरी की बाइक को नेपाल में बेच रहा था। इनके पास से चोरी की 10 बाइक बरामद हुई हैं। यह गैंग पलक झपकते ही बाइक चोरी कर लेता था। इनका नेटवर्क नेपाल तक फैला है। इस गैंग के 5 सदस्यों पर कई थानों में 40 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मूड़घाट पुल के पास से चोरों के गैंग (सुनील, अजीत, ओमप्रकाश, चन्द्र कुमार और विदेशी) को दबोच लिया. BNS की धारा 2(30), 317(2), 317(4), 319(2), 318(2), 338, 336(3), 340(2), 111(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## जहरीली गैस से दम घुटने पर तीन भाइयों की मौत



**बिजनौर।** पंपिंग सेट का पट्टा चढ़ाने के लिए कुएं में उतरे तीन भाइयों की मौत हो गई। मोटर कुएं के ऊपर रखी हुई थी, जबकि पंप नीचे था। पंप से पट्टा उतरा तो एक-एक कर तीनों भाई चढ़ाने के लिए नीचे उतर गए। कुएं में जहरीली गैस होने की वजह से दम घुटकर उनकी मौत हो गई। रविवार को सरकथल निवासी छत्रपाल सिंह, अपने चचेरे भाई हिमांशु और कशिश के साथ ट्यूबवेल पर गया था। छतरपाल मोटर का पट्टा चढ़ाने के लिए कुएं में उतरा था। लगभग 20 फीट गहरे कुएं में नीचे पहुंचा तो बेहोश होकर गिर पड़ा। उसके तुरंत बाद हिमांशु व कशिश उर्फ छोटू एक-एक कर नीचे उतरे और बेहोश होकर गिर गए। वहां मौजूद धर्मवीर सिंह ने शोर मचा दिया, जिससे वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। भीड़ में शामिल गांव का ही चेतन साहस कर मुंह पर भीगा हुआ कपड़ा लपेटकर कुएं में उतरा और किसी तरह से तीनों को रस्सी में बांधा। इसके बाद भीड़ ने रस्सी के सहारे तीनों को बाहर निकाल लिया। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## प्रदेश के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार



### उफान पर यमुना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बारिश और बाढ़ ने जनजीवन पर खासा असर डाला है, मौसम विभाग की ताजा अपडेट के मुताबिक यूपी के लोगों को बारिश से राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की ओर से पूर्वानुमान जारी किया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान लगाया है।

आईएमडी लखनऊ की तरफ से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ के बौछारे पड़ने की संभावना है। बारिश और बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत नजर नहीं आ रही है।

**यमुना ने पार किया खतरे का निशान**

उत्तराखंड में भारी बारिश से ब्रज में कालिंदी उफान पर है। आधी रात को यहां पर यमुना का जलस्तर चेतावनी चिह्न को भी पार कर गया है। इससे आगरा-मथुरा के आस-पास के गांवों में बाढ़ के हालात हो गए। पिछले कई दिनों से यमुना का जलस्तर पर 165.20 मीटर के चेतवनी निशान के नीचे ही बह रहा था। लेकिन रात में यमुना खतरे के बिंदु को पार कर गई।

### इन जिलों में आज साफ रहेगा मौसम

मौसम विभाग की तरफ से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अमेठी, रायबरेली, फतेहपुर, बांदा, महोबा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, संत रविदास नगर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र और बलिया का मौसम साफ रहेगा. इसके अलावा अन्य जिलों में बारिश होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में इस साल मानसून के सक्रिय होने के बाद प्रदेश के अगल-अलग हिस्सों से बाढ़ की भयावह तस्वीर सामने आई हैं, प्रदेश के कई जिले बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है. प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर सहित कई शहरों बाढ़ से हालात बिगड़े हुए हैं।

## आत्मविश्वेश्वर मंदिर में लगी आग में 7 लोग झुलसे

**वाराणसी।** जिले में शनिवार की रात (9 अगस्त) को बड़ा हादसा हो गया। वाराणसी के चौक स्थित आत्मविश्वेश्वर मंदिर में अचानक बड़ी आग लग गई, जिसकी चपेट में कई लोग आ गए। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, करीब 7 लोग इस आग में झुलस गए हैं, जिन्हें पास में महमूरगंज स्थित GS अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

दरअसल, मंदिर में प्राचीन धर्मस्थल की तर्ज पर सजावट की गई थी। इसी बीच आग लगने से कई चीजें और लोग चपेट में आ गए। प्रथम दृष्टिया मामला शॉट सर्किट का लग रहा है। बताया जा रहा है कि इस हादसे के बाद करीब 7 लोगों का इलाज महमूरगंज स्थित GS अस्पताल में चल रहा है। मौके पर स्थानीय नेता, विधायक, विपक्षी दल के नेता और पुलिस प्रशासन रात में ही पहुंच गया था। गनीमत यह है कि इस हादसे में घायल होने वाले सभी लोग खतरे से बाहर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाराणसी के आत्मविश्वेश्वर मंदिर को अमरनाथ की तरह सजाया गया था। रुई से बर्फ बनाकर जगह-जगह लगाया गया था। जब आरती शुरू हुई, तो उसकी लपटें रुई ने पकड़ लीं और आ लग गई। इस दौरान भगदड़ मचने लगी।

## फर्जी विदेशी पुलिस और CBI ब्यूरो का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

नोएडा

नोएडा सेंट्रल जोन पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी पुलिस कार्यालय का भंडाफोड़ किया है। यह कार्यालय 'इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो' के नाम से संचालित किया जा रहा था, जो पूरी तरह से अवैध और भ्रामक निकला। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने फर्जी तरीके से इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों का नकली कार्यालय खोल रखा था और किसी काम की शुरुआत होती उससे पहले ही पुलिस ने इस गैंग को धर दबोचा और आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है।



आपको बता दें यह फर्जी दफ्तर हाल ही में खोला गया था और इसका जाल फैलने से पहले ही पुलिस ने कार्रवाई कर इसे धराशायी कर दिया। इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, पहचान पत्र, पासबुक और चेकबुक बरामद की हैं।

पुलिस के आलाधिकारियों का कहना है कि यह केस गाजियाबाद में संचालित फर्जी दूतावास की तरह का है, जिसमें सरकारी नाम और अधिकारों का गलत इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित किया जाता था। यहां से मिले फर्जी आईडी काड्र्स और आधिकारिक दस्तावेजों से साफ है कि आरोपी आम लोगों से लेकर संस्थानों तक को अपने जाल में फंसाने की योजना बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर की जांच एजेंसी का हिस्सा बताते थे और वेरिफिकेशन या जांच के नाम पर लोगों से संपर्क करते थे. शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि इनके पास नकली स्टैम्प, लेटरहेड और कई सरकारी प्रतीकों की कॉपी मौजूद थी। सेंट्रल जोन पुलिस ने इस मामले को गंभीर मानते हुए आरोपियों के नेटवर्क और वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आगे की कार्यवाही जारी है।

## IG पिता ने कांस्टेबल को किया था बर्खास्त, बेटी ने वापस दिलाई वर्दी

महानगर संवाददाता

बरेली

यूपी के बरेली में चलती ट्रेन में छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में बर्खास्त किए गए जीआरपी के हेड कांस्टेबल तौफीक अहमद को कोर्ट के आदेश पर दोबारा सेवा में बहाल कर दिया गया है। दरसल यह मामला जनवरी 2023 का है, जब प्रयागराज से बरेली आ रही छात्रा के साथ ट्रेन में अभद्रता हुई थी। जांच में दोषी पाए जाने पर तत्कालीन आईजी डॉक्टर राकेश सिंह ने सिपाही को नौकरी से हटा दिया था, लेकिन बाद में सिपाही की ओर से हाईकोर्ट में याचिका



दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी गई. सिपाही के केस को खुद आईजी की बेटी ने लड़ा और उसकी वर्दी को वापस दिलाया। घटना के अनुसार, 12 जनवरी 2023 को पीलीभीत निवासी छात्रा त्रिवेणी एक्सप्रेस से बरेली आ रही थी। दोपहर करीब 2:11 बजे बरेली जंक्शन पहुंचने पर अधिकतर यात्री ट्रेन से उतर गए।

### कोर्ट ने रद्द किया बर्खास्तगी का आदेश

घटना के बाद सिपाही को आईजी ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया था जिसके बाद सिपाही ने आईजी की वकील बेटी को अपना केस सौंपा और कोर्ट में वकील ने दलीलें पेश की जिसमें उन्होंने कहा कि जांच में खामियां पाई गई हैं। सिपाही के पक्ष में पेश हुईं अधिवक्ता अनुरा सिंह ने कोर्ट में दलील दी कि जांच प्रक्रिया में खामियां रहीं और बर्खास्तगी का आदेश अनुचित था।

## तलाक देने को लेकर पति-पत्नी में विवाद, प्राइवेट पार्ट काटा

**अमेठी।** जनपद में जगदीशपुर क्षेत्र के कचनाव गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां दूसरी पत्नी नाज़नीन बानो ने पति अंसार अहमद पर नशीला पदार्थ खिलाकर चाकू से हमला किया और उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया।

गंभीर रूप से घायल अंसार को जगदीशपुर ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया गया। घटना के बाद फरार नाज़नीन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है। उधर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक अंसार अहमद ने 14 साल पहले सबीतुल से शादी की थी, लेकिन बच्चा न होने के कारण पहली पत्नी के कहने पर इस साल मार्च में नाज़नीन से दूसरी शादी की। नाज़नीन पहली पत्नी को तलाक देने के लिए दबाव डाल रही थी, जिसका अंसार ने विरोध किया। देर रात विवाद बढ़ने पर नाज़नीन ने नशीला पदार्थ खिलाकर अंसार पर हमला किया। बेहोशी की हालत में अंसार के प्राइवेट पार्ट को काटने के बाद वह फरार हो गई। परिजनों ने उसका पीछा किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आई। घटना के वक्त पहली पत्नी अपने मायके में ही थी।

## रक्षाबंधन के मौके पर CO अनुज चौधरी को मिला प्रमोशन

### अब मिली ASP की जिम्मेदारी

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने संभल में तैनात सीओ अनुज चौधरी को बड़ा प्रमोशन देते हुए उन्हें एडिशनल एसपी (ASP) नियुक्त किया है। 2012 बैच के पीपीएस अधिकारी अनुज चौधरी अब स्पोर्ट्स कोटे से इस पद तक पहुंचने वाले यूपी के पहले पुलिस अधिकारी बन गए हैं। इससे पहले स्पोर्ट्स कोटे से कोई भी अधिकारी एडिशनल एसपी के पद तक नहीं पहुंचा था। एसपी एसपी केके बिश्नोई और एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने अनुज चौधरी की वर्दी पर अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें सम्मानित किया।



अनुज चौधरी मूल रूप से मुजफ्फरनगर के बहेड़ी गांव से हैं। पुलिस में आने से पहले वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान रहे हैं। उन्होंने 1997 से 2014 तक लगातार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और 2002 व 2010 के नेशनल गेम्स में रजत पदक जीते। 2005-2009 की एशियाई चैंपियनशिप में भी पदक हासिल किए। 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत और 2004 एथेंस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व उनके करियर की ऊंचाइयां हैं। बीते साल संभल मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद अनुज चौधरी चर्चा में आए। उन पर एकपक्षीय बयान और कार्रवाई का आरोप लगा। यही नहीं उन्होंने होली पर भी एक ऐसा बयान दिया जो देश भर में सुर्खियां बना। यही नहीं वर्दी में धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने पर भी उनकी आलोचना हुई थी। अब उन्हें एडिशनल एसपी पद पर सरकार ने प्रमोशन दिया है।

## डंपर ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की मौत

**गोरखपुर।** यूनिवर्सिटी चौराहे के पास रविवार की सुबह 11:30 बजे के करीब एक डंपर ने स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मार दी। इसमें महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वह पति हरिशंकर प्रजापति के साथ इलाज के लिए जा रही थी। पति पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी है। उसे भी हल्की चोट आई है। हादसे के बाद चौराहे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने रास्ते को खुलवाया। हादसे के बाद लोगों के बीच डंपर को लेकर खासी चर्चा हो रही थी। लोगों का कहना था कि ये ट्रैफिक और पुलिस विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ है। किसी भी शहर में डंपर के प्रवेश का समय शहर और यातायात नियमों पर निर्भर करता है। आमतौर पर, भारी वाहनों, जैसे डंपर, को शहर में सुबह 7:00 बजे से 10:30 बजे तक और शाम 5:00 बजे से 11:00 बजे तक प्रवेश की अनुमति नहीं होती है।

## खाद के लिए लाइन में खड़े किसान को दुकानदार ने पीटा

महानगर संवाददाता

महराजगंज

यूपी में खाद के लिए परेशान किसानों की समस्या खत्म होती नजर नहीं आ रही है। प्रशासन की ओर से खाद के साथ अन्य सामग्री देने के लिए बाध्य न करने के साफ आदेश के बाद भी कतिपय दुकानदार बाज नहीं आ रहे हैं। रविवार को महराजगंज के बृजमनगंज क्षेत्र के ग्राम फुलमनहा के लेहड़ा बाजार स्थित एक दुकान पर खाद लेने पहुंचे किसान ने जब जिंक लेने से मना किया तो आरोप है कि किसान पर दुकानदार ने चप्पल चला दिया। किसान की पिटाई कर दी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि



नहीं करता है। वहीं पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्रशासन दुकान का लाइसेंस निरस्त करने के मूड में है। लेहड़ा ग्राम सभा के मुरादपुर टोले का एक किसान ब्रह्मदेव खाद लेने के लिए लेहड़ा बाजार स्थित एक दुकान पर पहुंचा था। किसान के अनुसार काफी देर तक लाइन में खड़े रहने के बाद भी दुकानदार ने एक बोरा यूरिया साथ मेवाड़ी जिंक के लिए 550 रुपए मांगे। किसान के अनुसार उसने कहा कि उसके पास केवल 300 रुपये है और उसे केवल एक बोरी खाद ही लेनी है। इस पर दुकानदार ने किसान को खाद देने से मना कर दिया। किसान ने आपत्ति जताते हुए खाद देने की बात कही तो दुकानदार भड़क उठा और उसने किसान को पहले लात से मारा और फिर चप्पल से पिटाई कर दी।

## खुद को नौसेना में अफसर बता छात्रा से रेप की कोशिश

**मेरठ।** दिल्ली के युवक ने खुद को नौसेना में अफसर बताकर यूपी के मेरठ में रहने वाली पीएचडी की छात्रा से 5.36 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। छात्रा ने आरोपी से पैसे मांगे तो आरोपी व उसके परिवार ने छात्रा को धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर साइबर थाने में ठगी और दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बुलंदशहर हाल पता शास्त्रीनगर निवासी छात्रा मेरठ में पीएचडी कर रही है। 14 मार्च को मेट्रीमोनियल वेबसाइट पर उसकी मुलाकात दिल्ली के युवक से हुई। आरोपी ने खुद को नौसेना में अफसर बताया। आरोपी ने अपने वर्दी के फोटो व फर्जी आईडी कार्ड भी दिखाए। पीड़िता के अनुसार 24 मार्च को आरोपी ऋषिकेश में सरकारी काम से जाने की बात कहकर उसे साथ ले गया। आरोप है होटल के कमरे में छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी ने अपनी गलती मान ली। इसी बीच आरोपी ने छात्रा की मुलाकात अपने दोस्त से कराई। दोस्त को भी नौसेना में अधिकारी बताया। आरोपी ने बहन की शादी की बात कह पीड़िता से कई बार में 5.36 लाख रुपये लिए। पीड़िता को पता चला आरोपी नौसेना में नहीं है।

## पत्नी के मायके जाने से नाराज युवक नदी में कूदा, लापता

**गोरखपुर।** पीपीगंज के भरवल गांव निवासी एक ऑटो चालक ने शनिवार दोपहर करीब एक बजे अकटहवा पुल से रोहिन नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पीपीगंज पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। नदी में उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल सका था। वार्ड नंबर 15 मुंशी प्रेमचंद नगर भरवल गांव निवासी संजय प्रजापति (35) ने रक्षाबंधन पर आ रही बहनों के घर आने के बाद ही पत्नी को मायके जाने के लिए कहा। लेकिन पत्नी उसकी बात नजरअंदाज कर सुबह ही मायके चली गई। इससे नाराज संजय अपना ऑटो सेनुरी चैराहे पर खड़ा कर रोहिन नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल और चप्पल कब्जे में लेकर खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। नदी में कूदे संजय के दो भाई दो बहन हैं। उसके पिता की मौत छह वर्ष पहले हो गई है।

# अरब सागर में आमने-सामने होंगे भारत-पाक




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अरब सागर में भारत और पाकिस्तान 11-12 अगस्त को एक-दूसरे के समुद्री क्षेत्रों के निकट अलग-अलग नौसैनिक अभ्यास करने वाले हैं। एक दूसरे से लगभग 60 समुद्री मील की दूरी पर आयोजित यह अभ्यास दोनों देशों के बीच बढ़ी हुई नौसैनिक उपस्थिति और रणनीतिक स्थिति को रेखांकित करता है। दोनों नौसेना बलों ने अरब सागर में फायरिंग अभ्यास के लिए अलग-अलग अधिसूचनाएं भी जारी की हैं। भारतीय नौसेना ने गुजरात के पोरबंदर और ओखा तट के पास 11 और 12 अगस्त को फायरिंग अभ्यास की योजना बनाई है। इस दौरान नौसेना के युद्धपोत और अन्य समुद्री संसाधन अपनी ताकत और परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने भी अपने समुद्री क्षेत्र में उसी समय फायरिंग ड्रिल की घोषणा की है। दोनों देशों ने इस अभ्यास के लिए नेविगेशनल एरिया वॉर्निंग (NAVAREA) जारी की है, जिसमें समुद्री यातायात को इन क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

**जारी हुआ नोटिस**

भारत की ओर से जारी अधिसूचनाओं में ओखा तट के पास 11 अगस्त को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और पोरबंदर तट के पास 12 अगस्त को रात 12:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक अभ्यास का समय निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, मोरमुगाओ तट के पास 13 अगस्त को भी एक अभ्यास की योजना है। पाकिस्तान ने भी अपने अभ्यास के लिए 11 अगस्त सुबह 4 बजे से 12 अगस्त शाम 4 बजे तक की अवधि तय की है।

हालांकि इस तरह के सैन्य अभ्यास दोनों देशों के लिए नियमित हैं, लेकिन इन अभ्यासों के समय और निकटता ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते तनाव के बीच ध्यान आकर्षित किया है. पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सैन्य हमला जिसमें 22 अप्रैल को 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी. जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए इस अभियान में सेना, वायुसेना और नौसेना की समन्वित कार्रवाई शामिल थी।

### नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे उदयगिरि-हिमगिरि

भारतीय नौसेना के बेड़े में 26 अगस्त को एक साथ दो बेहद आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट्स (रडार को चकमा देने वाले युद्धपोत) उदयगिरि (एफ35) और हिमगिरि (एफ34) शामिल होंगे। यह पहली बार होगा। जब देश के दो बड़े शिपयार्ड में बने इस तरह के युद्धपोत एक साथ नौसेना में शामिल किए जाएंगे। बता दें कि उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने बनाया गया है, जबकि हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने तैयार किया है। खास बात यह है कि उदयगिरि नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो का 100वां डिजाइन किया गया जहाज है। करीब 6700 टन वजनी ये जहाज शिवालिक क्लास से बड़े और ज्यादा उन्नत हैं। इनका डिजाइन ऐसा है कि ये रडार को चकमा देने में सक्षम हैं। इनमें डीजल इंजन और गैस टर्बाइन दोनों लगे हैं, आधुनिक मिसाइलें, तोप और पनडुब्बी रोधी हथियार भी हैं। दोनों भारतीय नौसेना के नेक्स्ट-जनरेशन स्टील्थ वॉरशिप हैं, जो प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाए गए हैं। इन युद्धपोत के निर्माण में 200 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे 4,000 से ज्यादा लोगों को सीधी और 10,000 से ज्यादा को अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलीं। 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' का जलावतरण जहाज डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नौसेना इसके बाद अन्य स्वदेशी पोतों जैसे विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि, पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्नाला और डाइविंग सपोर्ट वेसल आईएनएस निस्तार का जलावतरण 2025 में करेगी।

# 'हम पाकिस्तान के हर कोने तक पहुंच सकते हैं'

## अधिकारी का दावा- ऑपरेशन सिंदूर ने दुश्मन को दिया तिगुना झटका

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**




भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया और सीमा पार दुश्मन के कई अहम सैन्य प्रतिष्ठानों को जमींदोज कर दिया। वहीं भारतीय वायुसेना प्रमुख के हालिया खुलासे के बीच एक एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'इतनी दूरी से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से ऐसे विमान को गिराने का कोई सार्वजनिक रिकॉर्ड दुनिया में पहले नहीं है। यह दिखाता है कि हम पाकिस्तान के हर कोने तक पहुंच सकते हैं।' भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने खुलासा किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान का एक बड़ा सैन्य विमान लगभग 300 किलोमीटर दूर से मार गिराया। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, यह वायु शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन था, जिसने पाकिस्तान को भारी मानसिक और रणनीतिक झटका दिया। एयर चीफ ने बताया कि यह विमान या तो ELINT (इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस) या AEW\&C (एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एंड कंट्रोल) प्रकार का था।

### ऑपरेशन सिंदूर में S-400 का अहम रोल

इस सफलता का बड़ा श्रेय रूस से मिले S-400 एयर डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है, जो लंबी दूरी (450 किमी तक) पर कई हवाई खतरों को एक साथ निशाना बना सकता है। भारत ने 2018 में 5.43 अरब डॉलर की डील के तहत पांच स्क्वॉड्रन मंगाए थे, जिनमें से तीन मिल चुके हैं और बाकी दो अगले एक साल में आ जाएंगे। 2019 के बालाकोट हमलों के समय भारतीय वायुसेना को पाकिस्तानी जवाबी हमले का सामना करना पड़ा था और उसकी हवाई प्रभुत्व क्षमता पर सवाल उठे थे। लेकिन इस बार, वायुसेना ने न केवल पाकिस्तान के कई ठिकाने नष्ट किए, बल्कि उसकी संचार व्यवस्था भी जाम कर दी और सबूत भी पेश किए।



# चीन की सेना खो रही जिनपिंग का भरोसा ?

**महानगर नेटवर्क**
**बीजिंग**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने देश की सेना को लेकर काफी परेशान हैं। बाहरी तौर पर देखा जाए तो चीन की सेना कभी इतनी मजबूत नहीं रही। नेवी से लेकर हथियार बनाने तक में सेना काफी आगे है। लेकिन अंदरूनी तौर पर कई चीजें हैं जो हाथ से छूटती नजर आ रही हैं। इनमें से एक है चीनी सेना में लगातार बढ़ता भ्रष्टाचार। इस पर लगाम के लिए जिनपिंग लगातार ऐक्शन में हैं, लेकिन अभी भी चीजें कंट्रोल में आती नजर नहीं आ रही हैं।

चीन की सबसे बड़ी चिंता शीर्ष स्तर पर लगातार अधिकारियों का कम होते जाना है। सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में कुल सात सीटें हैं, जिनमें से तीन फिलहाल खाली हैं। इन पदों पर जो अधिकारी थे वह या तो गायब हो गए हैं या फिर गिरफ्तार कर लिए गए हैं। विडंबना यह है कि यह सब तब हो रहा है जब खुद राष्ट्रपति शी जिनपिंग सेना में भ्रष्ट्राचार पर लगाम कसने में लगे हुए हैं। जिनपिंग ने सेना के अत्याधुनिकरण के लिए 2027 का लक्ष्य तय किया है। कुछ अमेरिकी अधिकारी तो यहां तक भी कहते हैं कि चीन खुद को ताइवान पर कब्जा करने में सक्षम बनाना चाहता है। गौरतलब है कि चीन लगातार ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है।

चीन के लिए यह समस्या इसलिए भी गंभीर हो जाती है क्योंकि जो सैन्य अधिकारी भ्रष्टाचार में पकड़े गए हैं, वह जिनपिंग के करीबी रहे हैं। ऐसे में जब यही सैन्य अधिकारी गलतियां करते हुए पकड़े जा रहे हैं तो जिनपिंग का गुस्सा बढ़ना भी लाजिमी है। जो अधिकारी गायब हुए हैं उनमें जनरल वीडांग का नाम प्रमुख है। वह चीन के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। वीडांग काफी अरसे से गायब हैं, जो दिखाता है कि वह जांच के दायरे में हैं। इसी तरह एक अन्य शीर्ष कमांडर एडमिरल मिआवो हुआ भी अनुशासन का उल्लंघन करने के लिए जांच के दायरे में हैं। शी जिनपिंग साल 2027 में चौथी बार कम्यूनिस्ट पार्टी के लीडर बनेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर पर IAF चीफ के बयान के बाद बरसे रिजिजू

# 'राहुल जी आप हर समय झूठ क्यों बोलते हैं?'

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



ऑपरेशन सिंदूर पर शनिवार को वायु सेना प्रमुख ने कई बड़े खुलासे किए। वायु सेना प्रमुख एअर मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट सहित 6 विमान मार गिराए। वायुसेना प्रमुख एअर मार्शल एपी सिंह के बयान के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है।

दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए किरेन रिजिजू ने लिखा कि मैं राहुल गांधी जी से अनुरोध करता हूं कि भारत की संसद की मर्यादा बनाए रखे। इस दौरान किरेन रिजिजू ने एक क्लिप भी पोस्ट की, जिसमें राहुल गांधी का बयान और वायु सेना प्रमुख का बयान सुना जा सकता है।

अपने एक्स पोस्ट में किरेन रिजिजू ने लिखा कि मैंने कई विपक्ष के नेताओं को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए देखा है। राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपना कद गिराया है, बल्कि भारत की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंचाई है। जानकारी दें कि संसद में बोलते हुए राहुल गांधी ने दावा किया था कि सरकार ने सेना पर प्रतिबंध लगा दिए। हालांकि, वायु सेना प्रमुख एअर मार्शल चीफ एपी सिंह ने इन बातों का खंडन किया। एक कार्यक्रम के दौरान एअर मार्शल चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों को दी गई खुली छूट को दिया।

वायु सेना प्रमुख एअर मार्शल चीफ एपी सिंह ने कहा कि मैं बैठकों में मौजूद था। राजनीतिक इच्छाशक्ति बहुत ही स्पष्ट थी और कोई प्रतिबंध नहीं लगाए गए थे। अगर कोई प्रतिबंध थे भी, तो वे रक्षा बलों द्वारा स्वयं लगाए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि सेना को आतंकवादी ठिकानों और पाकिस्तानी हवाई अड्डों पर हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने की पूरी आजादी थी। उन्होंने थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच समन्वय के साथ-साथ सीडीएस तथा एनएसए की भूमिका की भी सराहना की।

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दावा किया था कि सरकार ने सेना के हाथ बांध दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आप पाकिस्तान गए और हमारे पायलटों से कहा कि वे उनकी वायु रक्षा प्रणाली पर हमला ना करें। आपने हमारे पायलटों के हाथ बांध दिए थे।

# जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा की चार सीटें खाली

**जम्मू।** उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा की 4 सीटें खाली रहेंगी। 17वें उपराष्ट्रपति का चुनाव 15 सितंबर को होगा। केंद्र शासित प्रदेश की चार सीट रिक्त हैं, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने के लगभग 10 महीने बाद भी रिक्तियों को भरने के लिए चुनाव नहीं कराए हैं। विधायक अपने-अपने राज्यों के राज्यसभा सदस्यों का चुनाव करते हैं। केंद्र शासित प्रदेश का संसद के उच्च सदन में 15 फरवरी, 2021 से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, जिस दिन गुलाम नबी आजाद और नजीर अहमद लावे ने अपना कार्यकाल पूरा किया था। दो अन्य सदस्यों-फयाज अहमद मीर और शमशीर सिंह मन्हास ने उसी वर्ष 10 फरवरी को अपना कार्यकाल पूरा किया था। वर्ष 2022 में उपराष्ट्रपति चुने गए जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया था। उनका कार्यकाल अगस्त 2027 तक था। उपराष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की ओर से किया जाता है। साथ ही, उच्च सदन के मनोनीत सदस्य भी मतदान के पात्र होते हैं। फिलहाल, लोकसभा में कोई मनोनीत सदस्य नहीं है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में 6 रिक्तियां हैं। राज्यसभा की छह रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक-एक पंजाब व झारखंड से हैं।

### सुधांशु त्रिवेदी का पलटवार


# 'सत्ता खोने की हताशा में झूठे और बेबुनियाद बयान दे रहे राहुल गांधी'



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग (ईसी) पर लगाए गए आरोपों को लेकर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 'भारतीय राजनीति के 'सदाबहार युवा' लगातार देश की संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब करने में लगे हैं।' सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी की तुलना नाजी जर्मनी के प्रचार मंत्री गोएबल्स से करते हुए आरोप लगाया कि वह सत्ता खोने की हताशा में झूठे और बेबुनियाद बयान दे रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के बंगलूरू सेंट्रल सीट के बयान पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'अगर यह आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, तो राहुल गांधी को 1 लाख फर्जी वोटरों की जानकारी कहां से मिली? उन्होंने सिर्फ उन्हीं इलाकों की बात क्यों की जहां भाजपा आगे थी? उन्होंने चामराजपेट और शिवाजीनगर जैसे इलाकों का जिक्र क्यों नहीं किया, जहां कांग्रेस को 60% से ज्यादा वोट मिले?' भाजपा सांसद ने कहा कि जब कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, तो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पहले से ही विदेशी, राष्ट्रविरोधी ताकतों से मिलीभगत के शक के घेरे में हैं।

# झारखंड चुनाव में मुझे फंसाने की साजिश की गई : सीएम सरमा

**महानगर नेटवर्क**
**गुवाहाटी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पास ऐसे सबूत हैं जो यह साबित करते हैं कि पिछले साल झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें फंसाने की साजिश रची गई थी। सरमा ने दावा किया कि यह साजिश झारखंड के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रची थी। उस समय सरमा झारखंड चुनाव में भाजपा के सह-प्रभारी थे। बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि एक पुलिस अधिकारी ने किसी व्यक्ति को पैसे देकर दिल्ली और गुवाहाटी भेजा, ताकि सरमा को झारखंड चुनाव के दौरान फंसाया जा सके। मरांडी ने कहा कि उनके पास इस संबंध में ठोस सबूत मौजूद हैं और वह जल्द ही इस मामले का खुलासा करेंगे। मरांडी के आरोप 'हनी-ट्रैप' के प्रयास की ओर इशारा करते हैं। बकसा जिले में एक कार्यक्रम के दौरान सरमा ने कहा कि मैंने मरांडी जी से बात की है। उन्होंने कहा कि उनके पास सबूत हैं, मैंने जवाब दिया कि ठीक है। सरमा ने कहा कि वह अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे थे और यदि कोई उनके खिलाफ साजिश करता है तो भी उन्हें कहने के लिए कुछ नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि यह हमारी संस्कृति नहीं है, लेकिन चूंकि मरांडी जी ने इसे उजागर किया है, इसलिए वह जो सबूत बताएंगे, उसी के आधार पर सच सामने आएगा। सरमा ने बताया कि पिछले साल दो महिलाएं उनके कार्यालय आई थीं, जिनमें से एक असम की रहने वाली थी। उन्होंने कहा कि वे संदिग्ध तरीके से बातें कर रही थीं, लेकिन मैंने उन्हें आम जनता की तरह ही व्यवहार किया और भेज दिया।

# डा. अभिनीत गुप्ता से 10 लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज

**महानगर नेटवर्क**
**भोपाल**




मध्य प्रदेश के एक डॉक्टर के साथ बिग बॉस में एंट्री दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी हुई है। बिल्कुल फिल्मी स्टाइल में बिग बॉस में एंट्री करवाने के नाम पर डॉक्टर अभिनीत से मुंबई के जालसाज ने दस लाख रुपये की ठगी की। अब इसकी एफआईआर दर्ज हुई है और पुलिस धोखेबाज की तलाश में लगी है।

डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. अभिनीत गुप्ता ने अपने साथ हुई धोखेबाजी की पूरी कहानी पुलिस को बताई है। अभिनीत गुप्ता ने बताया कि 2022 में करण सिंह भोपाल ऑडिशन के लिए आए थे जहां उनसे मेरी मुलाकात हुई और उन्होंने कहा कि आप बिग बॉस में ट्राइ क्यों नहीं करते। उन्होने कहा कि उनकी बिग बॉस में अच्छी पहचान है और वह मेरी बैकडोर एंट्री करवा देंगे। उन्होंने एक करोड़ रुपये देने की बात कही, मैंने कहा कि मेरे पास उतने पैसे नहीं है। फिर वह मुंबई चले गए और उन्होंने फोन पर मेरी बात अपने सहयोगियों से करवाई। उन्होने मुझसे 60 लाख रुपये देने की बात की और कैश पैसे देने की बात कही। उन्होंने मुझे मुम्बई बुलाया और इंडेमोल कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हरीश शाह से मुलाकात करवाई। बीकेसी में स्थित हरीश शाह के ऑफ़िस में मेरी मीटिंग हुई जहां करण सिंह, सोनू कुंतल, प्रियंका बनर्जी भी थी। मुझे लगा कि मामला भरोसे लायक है। फिर उन्होंने मुझसे पैसे मांगे तो मैंने कहा कि बिग बॉस को प्रोड्यूस करने वाली कंपनी इंडेमोल के बैंक अकाउंट में मैं पैसे ट्रांसफ़र करूंगा लेकिन करण सिंह ने कहा कि नहीं मुझे उन्हें पैसे कैश देने होंगे।

## बुलंदशहर में बाढ़ से भारी तबाही

# चार मंदिर और तीन धर्मशालाएं बहीं

**महानगर नेटवर्क**
**बुलंदशहर**



लगातार बढ़ रहे जलस्तर से अब गंगा रौद्र रूप ले चुकी है। यूपी के बुलंदशहर स्थित सिद्धबाबा घाट पर चार मंदिर व दो धर्मशाला पानी में समा गईं। घाट पर बनी करीब 10 मीटर सीसी सड़क भी बह गई। पानी खेतों से 10 गांवों की ओर बढ़ने के साथ रास्तों पर पहुंच गया, जिससे परेशानी बढ़ गई। नरौरा बैराज पर पानी खतरे के निशान से 62 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। अभी जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। फसलों को लेकर किसान चिंतित हैं। वन विभाग की ओर से गंगा किनारे लगाए गए हजारों पौधे भी पानी में बह गए। प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। बिजनौर बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अहार में रविवार को गंगा ने रौद्र रूप ले लिया। सिद्ध बाबा गंगा घाट के किनारे पर बने गंगा मंदिर, हनुमान मंदिर, गुरु गोरखनाथ मंदिर, जाहरवीर बाबा मंदिर और श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए बनी दो धर्मशालाओं को गंगा ने अपने आगोश में ले लिया। इसके साथ अनेक पेड़ भी गंगा में बह गए। यहां लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए क्षेत्र के लोगों की चिंता बढ़ गई है।

# अमेरिका के दखल से तालिबान विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा रद्द

**महानगर नेटवर्क**
**इस्लामाबाद**



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के ट्रैवल बैन के चलते तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी का प्रस्तावित पाकिस्तान दौरा रद्द हो गया है। पाकिस्तानी अख़बार की रिपोर्ट के अनुसार, मुत्ताकी 4 अगस्त को इस्लामाबाद आने वाले थे, जो पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के अप्रैल में काबुल दौरे के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ती कूटनीतिक बातचीत का हिस्सा था। इस सुलह की पहल में चीन ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।

सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से वह विशेष छूट देने से इनकार कर दिया, जिससे मुत्ताकी पाकिस्तान यात्रा कर पाते। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के तहत मुत्ताकी को विदेश यात्रा के लिए UNSC प्रतिबंध समिति से मंजूरी लेनी पड़ती है। माना जा रहा है कि अमेरिका ने यह कदम तालिबान सरकार के चीन से बढ़ते नज़दीकी रिश्तों को लेकर उठाया। UNSC के 1988 प्रतिबंध समिति में अमेरिका का महत्वपूर्ण प्रभाव है, जो तालिबान से जुड़े व्यक्तियों और संगठनों पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति फ्रीज और हथियारों की आपूर्ति रोकने जैसे कदम लागू करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका, चीन और रूस के साथ इस समिति में अक्सर टकराव में रहता है, क्योंकि बीजिंग और मॉस्को तालिबान नेताओं को ज्यादा छूट देने के पक्ष में रहते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा, "हम अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं देते।"

# कांग्रेस करेगी 2019 लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची की जांच

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस ने 2019 लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं की जांच करने का ऐलान किया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह ऑडिट खासतौर पर उन 48 सीटों पर होगा, जहां इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार 50 हजार से कम वोटों से हारे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही जनादेश से सत्ता में नहीं आए, बल्कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करके जीत हासिल की गई। वेणुगोपाल ने अलप्पुझा में पत्रकारों से कहा कि इन 48 सीटों पर मतदाता सूची का गहराई से ऑडिट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो 'चुनावी धोखाधड़ी' के सबूत पेश किए हैं, उससे साफ है कि चुनाव में गंभीर गड़बड़ियां हुईं। गांधी ने कर्नाटक की एक सीट का उदाहरण देकर आरोप लगाया था कि यह 'संविधान के खिलाफ अपराध' है। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी से उन मतदाताओं के नाम और हलफनामा मांगा है, जिनके नाम गलत तरीके से मतदाता सूची में जोड़े या हटाए गए थे। लेकिन वेणुगोपाल का आरोप है कि ईसी कार्रवाई करने के बजाय कांग्रेस को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें डराने की कोशिश मत करो, हम लड़ाई जारी रखेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि केरल में भी फर्जी मतदाताओं को सूची में शामिल किया गया, खासकर त्रिशूर और अलप्पुझा सीटों पर।

# पाक में हिंदू और ईसाई बच्चे जबरन धर्मांतरण और बाल श्रम का शिकार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग (एनसीआरसी) की एक रिपोर्ट ने इस्लामी गणराज्य में अल्पसंख्यक बच्चों, खासकर ईसाइयों और हिंदुओं के साथ व्यापक भेदभाव को दिखाया है। यह रिपोर्ट अल्पसंख्यक धर्मों के बच्चों की स्थिति के बारे में जानकारी और वहां उनके हालात को पेश करती है। यह रिपोर्ट सरकारी हस्तक्षेप की मांग करती है। क्रिश्चियन डेली इंटरनेशनल के अनुसार, ये रिपोर्ट धार्मिक अल्पसंख्यक बच्चों के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों की ओर इशारा करती है, जो एक व्यापक समस्या है। जबरन धर्मांतरण, बाल विवाह और बाल श्रम, खासकर बंधुआ मजदूरी, हजारों ईसाई और हिंदू बच्चों के लिए समस्या बन गई है।

नाबालिग लड़कियों का धर्म परिवर्तन क्रिश्चियन डेली इंटरनेशनल की एनसीआरसी रिपोर्ट में सबसे गंभीर खुलासों में से एक अल्पसंख्यक समुदायों की नाबालिग लड़कियों का अपहरण और उनका जबरन धर्म परिवर्तन कर उन्हें बड़े मुस्लिम मर्दों से शादी कराने की परंपरा है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि संस्थागत पूर्वाग्रह, कानून प्रवर्तन की कमी और भारी जन दबाव के कारण पीड़ितों के पास कानूनी सहायता के लिए कोई रास्ता मौजूद नहीं है, जो मानवाधिकार के लिए बड़ा संकट है।

एनसीआरसी के अनुसार, अप्रैल 2023 से दिसंबर 2024 तक हत्या, अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और नाबालिग विवाह से जुड़ी कुल 27 शिकायतें मिलीं, जिसमें अल्पसंख्यक बच्चों को निशाना बनाया गया और ये केवल दर्ज मामले हैं।

## दिल्ली में ट्रिपल मर्डर

# पति ने बीवी और दो बेटियों को मारा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में ट्रिपल मर्डर की घटना सामने आई। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चियों का कत्ल कर दिया। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने आरोपी को बाद में गिरफ्तार कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर स्थित शहीद भगत सिंह कालोनी में रक्षा बंधन के दिन ही एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी जयश्री (28), बेटी इशिका (7) और अंटू (5) को मार डाला। सूचना मिलते ही पुलिस महिला के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

# क्लोरीन गैस रिसाव के कारण 600 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती



**इराक।** इराक में एक जल शोधन केंद्र में क्लोरिन गैस रिसाव के कारण 600 से ज्यादा तीर्थयात्रियों को को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना इराक के मध्य और दक्षिण में स्थित दो शिया पवित्र शहरों नजफ और कर्बला के बीच के मार्ग पर शनिवार रात में हुई। इस साल लाखों शिया मुस्लिम तीर्थयात्रियों के कर्बला जाने की उम्मीद है। यहां पर इमाम हुसैन और उनके भाई अब्बास की दरगाहें स्थित हैं। इराक के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि कर्बला में क्लोरीन गैस रिसाव के बाद दम घुटने के 621 मामले दर्ज किए गए हैं। सभी को आवश्यक देखभाल प्रदान की गई और वे स्वस्थ होकर अस्पताल से छुट्टी भी मिल रही है। इस बीच तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा बलों ने कहा कि यह घटना कर्बला-नजफ मार्ग पर स्थित एक जल स्टेशन से क्लोरीन रिसाव के कारण हुई। बता दें कि दशकों के संघर्ष और भ्रष्टाचार के कारण इराक का अधिकांश बुनियादी ढांचा जर्जर हो चुका है। जुलाई में पूर्वी शहर कुट के एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने से 60 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

# दान करना सबसे पुण्य का कार्य



व्यक्ति बड़ी मेहनत से पैसे कमाता है और उस पैसे से परिवार समेत अपना जीवन यापन करता है। शास्त्रों में मेहनत से कमाए हुए धन को परिवार और अपने जीवन यापन पर खर्च करना तो बताया ही गया है। इसी के साथ उस पैसों से दान कर के पुण्य कैसे कमाया जाए यह भी बताया गया है। कुछ लोग मेहनत से धन तो कमाते हैं। परंतु उस कमाए हुए धन से एक भी दान नहीं करते हैं और ढेर सारा पैसा कमाने के बाद भी धन की कमी का आभास करते हैं। धन अर्जित करने के बाद भी इन लोगों के पास पैसा नहीं रुकता है या अनावश्यक कार्यों में पैसा खर्च हो जाता है। आइए आज हम आपको बता रहे हैं कि शास्त्र में मेहनत से कमाई हुई पूंजी को शुभ कार्यों में कितना अंश दान करने से धन की बरकत होती है।

### दान देने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

▶▶| शास्त्रों में बताया गया है कि मनुष्य को न्यायपूर्वक ढंग से अर्जित किए हुए धन के 10वें भाग को दान करना चाहिए। यदि आप अपनी कमाई का 10वां अंश शुभ कार्यों या मंदिर में दान करते हैं तो यह दान परिवार का भरण पोषण करने के बाद ही दान दें। परिवार की इच्छा और उनको कष्ट देकर यदि आप दान देते हैं तो यह दान फलित नहीं माना जाता है। इसलिए पत्नी, पुत्र और परिवार को कष्ट पहुंचा कर दान नहीं देना चाहिए।

▶▶|दान देने के लिए श्रद्धा होनी चाहिए। मान्यता है की वही दान फलित होता है जो स्वयं जाकर भेंट किया जाए। किसी को घर पर बुलाकर दिया हुआ दान उत्तम श्रेणी का दान नहीं माना जाता है। उसका फल मिलता तो हैं परंतु मध्यम श्रेणी के अनुसार उसका पुण्य एकत्रित होता है। किसी को भी दान करें तो उसके द्वार जाकर ही दान देना चाहिए ऐसा शास्त्रों में बताया गया है।

▶▶|दान करते समय यदि उस व्यक्ति के कोई कान भरता है या फिर उसे दान जैसे पुण्य कर्म करने से रोकता है तो वह व्यक्ति शीघ्र ही कंगाल हो जाता है।



ब्राह्मणों, असहाय लोगों और गौओं की सेवा में दी गई कमाई का दान महादान कहलाया जाता है। यदि इनकी सेवा में दिए हुए दान को कोई रोकता है या बाधा उत्पन्न करता है तो वह भयांकर दुःख का भोगी होता है।

▶▶|दान की सामग्री को हमेशा दोनों हाथ लगाकर ही सम्मान पूर्वक सामने वाले को दान देना श्रेष्ठ माना जाता है। ब्राह्मण को दान देते समय हमेशा उस दान का सामर्थ अनुसार संकल्प लेना चाहिए। वही दान आपके कर्म में संचित होता है और उसका शुभ फल आपको शीघ्र मिलता है। मान्यता है जो दान हम पूर्ण विधि विधान से देते हैं वही फल हमें आगे चल कर मिलता है।

▶▶|पितृ के निमित्त दिया दान तिल को हाथ में रख कर देना चाहिए वहीं देवताओं के निमित्त दिए हुए दान के समय चावल का प्रयोग हाथों में करना चाहिए। तभी वह दान फलित होता है और देव एवं पितृ उसे खुशी से स्वीकार कर आशीर्वाद देते हैं।

▶▶|शास्त्रों में घर, वस्त्र, कन्या, अन्य और गौ माता का दान देने का विधान उत्तम बताया गया है। इन चीजों का दान करते समय परिवार के एक ही व्यक्ति को दान देना चाहिए। जो इन चीजों का दान करते हैं उनकी आय में वृद्धि होती है।

# महिलाओं के लिए सुपरफूड



बढ़ती उम्र के साथ हमें अपनी डाइट और लाइफस्टाल में बदलाव कर लेने चाहिए। खासतौर से महिलाओं को अपनी डाइट का ज्यादा ख्याल रखने की सलाह दी जाती है। ऐसे इसलिए कहा जाता है, क्योंकि 40 साल के बाद महिलाओं के शरीर में काफी हार्मोनल बदलाव आने लगते हैं। जिसका असर उनकी सेहत पर भी होने लगता है। बढ़ती उम्र चेहरे पर दिखने लगती है। शरीर धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। अगर आप लंबे समय तक जवां रहना चाहती हैं और एजिंग को दूर करना चाहती हैं तो डाइट में इन 4 चीजों को जरूर शामिल कर लें।

**आंवला-** महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आंवला बहुत फायदेमंद माना गया है। आयुर्वेदिक दवाओं में आंवला का इस्तेमाल किया जाता है। इसे चिर यौवन फल भी कहा जाता है। यानि आंवला खाने से आपकी बढ़ती उम्र थम जाती है। आंवला शरीर के तीनों दोषों को कंट्रोल करता है। इससे कब्ज, गैस, एसिडिटी और हड्डियों से जुड़ी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। आंवला खाने से त्वचा, बाल और इम्यूनिटी मजबूत बनती है। एजिंग को कम करने के लिए आंवला कमाल का काम करता है।

**अशोका-** अशोका एक आयुर्वेद टॉनिक है जिसे काफी हेल्दी माना जाता है। महिलाओं को के लिए अशोका बहुत फायदेमंद है। इससे फीमेल की फर्टाइल हेल्थ अच्छी रहती है। 40 की उम्र के बाद मेंस्ट्रुअल साइकिल को ठीक बनाए रखने में अशोका से मदद मिलती है। इससे मेनोपॉज के दौरान आने वाली परेशानियों को भी कम किया जा सकता है।

**शतावरी-** ये महिलाओं के लिए एक जादुई जड़ी-बूटी की तरह काम करती है। महिलाओं के हार्मोन्स को बैलेंस करने में शतावरी मदद करती है। इससे दिमाग और शरीर काफी रिलैक्सिंग फील करता है। पीरियड्स, फर्टिलिटी और मेनोपॉज के दौरान शतावरी काफी फायदेमंद साबित होती है। 40 साल के बाद महिलाओं को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

**मोरिंगा-** सुपरफूड मोरिंग किसी वरदान से कम नहीं है। महिलाओं की सेहत के लिए मोरिंगा बहुत फायदेमंद माना गया है। मोरिंग में आयरन, कैल्शियम और भरपूर मिनरल्स पाए जाते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व एजिंग को कम करने में मदद करते हैं। मोरिंगा से वात और कफ को बैलेंस करने और वजन को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है।

# स्वस्थ, सुंदर और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए हेल्दी फूड्स

उम्र बढ़ने के साथ आपको शरीर और त्वचा का खास ख्याल रखने की जरूरत है। खान-पान का असर आपकी सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है, ऐसे में चेहरे पर झुर्रियां दिखने लगती हैं। त्वचा लटकने लगती है या फिर रंगत फीकी पड़ने लगती है। अगर आपको भी ऐसी समस्या हो रही हैं तो आपको अपनी लाइफस्टाइल और भोजन में कुछ बदलाव करने चाहिए। त्वचा को हेल्दी और



लंबे समय तक जवान बनाए रखने के लिए आपको डाइट में कुछ सुपरफूड जरूर शामिल करने चाहिए। ये हैं चमकदार स्किन के लिए 5 सुपरफूड।

### टमाटर

हेल्दी और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए टमाटर बहुतअच्छा विकल्प है। आप खाने में रोज एक टमाटर खाएं इससे शरीर को विटामिन ए, विटामिन सी और पोटैशियम अच्छी मात्रा में मिलेगा। ग्लोइंग स्किन के लिए डाइट में टमाटर ज़रूर शामिल करें।

### पालक

आपके स्वास्थ्य के लिए हरी सब्जियां बहुत फायदे मंद हैं। पालक थकान दूर करने, नींद की कमी पूरा करने, एनीमिया और डार्क सर्कल की समस्या को दूर करने में मदद करता है। पालक से शरीर को भरपूर आयरन, विटामिन के और सी मिलता है।

### नट्स और सीड्स

स्वस्थ त्वचा पाने के लिए आप खाने में नट्स और सीड्स जरूर शामिल करें। डाइट में बादाम, काजू, किशमिश, अखरोट शामिल करने चाहिए। फ्लैक्स सीड्स, कद्दू के बीज, चिया सीड्स को भी अपने आहार का हिस्सा बनाएं। इनसे विटामिन ई मिलता है, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखता है।

### दही और ओटमील

आपको डाइट में विटामिन बी से भरपूर दही और ओट्स जैसी चीजें भी अपनी डाइट में शामिल करनी चाहिए। त्वचा में नमी बरकरार रखने के लिए विटामिन बी बहुत जरूरी है। इसके लिए आप दही जरूर खाएं।

### बेरीज़

त्वचा को हेल्दी रखने के लिए डाइट में खट्टे फल और बेरीज़ जरूर शामिल करनी चाहिए। खट्टे फलों से शरीर को विटामिन सी मिलता है और बैरीज शरीर में कोलेजन की मात्रा बढ़ाने में मदद करते हैं। कोलेजन त्वचा को मुलायम और जवान बनाए रखने में मदद करता है। बेरीज़ में मौजूद एंटीऑक्सीटेंड बढ़ती उम्र को भी कम करते हैं।

# विटामिन और मिनरल का अच्छा सोर्स है बाजरा

आयुर्वेद में कहा गया है कि अगर आपको स्वस्थ रहना है तो सीजन के हिसाब से भोजन करना चाहिए। यानि ऋतु फल, सब्जियां और अन्न को अपने भोजन का हिस्सा बनाएं। ठंड में ऐसे फल सब्जियां आते हैं जो शरीर को गर्म रखते हैं और बीमारियों से बचाते हैं। बाजरा की रोटी खाने में स्वादिष्ट लगती है और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। सर्दियों में बाजरा की रोटी और सरसों का साग खाने को मिल जाए तो मज़ा आ जाता है। पंजाब से लेकर हरियाणा और यूपी में बाजरा काफी खाया जाता है। फाइबर से भरपूर बाजरा प्रोटीन, विटामिन और मिनरल का अच्छा सोर्स है।



### बाजरा में कौन से पोषकतत्व पाए जाते हैं

सबसे पहले जान लें कि बाजरा में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। बाजरा में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। डाइट्री फाइबर, प्रोटीन और विटामिन भी भरपूर होता है। बाजरा आयरन और जिंक का अच्छा सोर्स है। इसके सेवन से शरीर को विटामिन बी3, विटामिन बी6 और विटामिन बी9 मिलता है।

### बाजरा से क्या क्या बनता है

बाजरा से आप कई तरह की डिश बनाकर खा सकते हैं। आप गेहूं के आटे में बाजरा मिक्स करके खाने में शामिल कर सकते हैं। आप सिर्फ बाजरा की ही रोटी बनाकर खा सकते हैं। बाजरा के पराठे और मीठी टिक्की भी बनती है। बाजरा की खिचड़ी भी खाने में बहुत टेस्टी लगती है। आप चाहें तो बाजरा को उबालकर स्पाउट्स की तरह खा सकते हैं।

### बाजरा खाने के फायदे

हार्ट अटैक से बचाए- आजकल हार्ट अटैक के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। खासतौर से सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में दिल के मरीज को बाजरा का सेवन करना चाहिए। इसमें काफी मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है जो हार्ट के लिए अच्छा होता है।

**डायबिटीज को कंट्रोल करे-** डायबिटीज के मरीज को खाने में आटा सोच समझकर खाना चाहिए। डायबिटीज में बाजरा का आटा बहुत फायदेमंद होता है। बाजरे की रोटी खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। क्योंकि इसमें फाइबर काफी होता है। बाजरा खाने से कब्ज से भी राहत मिलती है।

**हाई ब्लड प्रेशर में फायदा-** हाइपरटेंशन के शिकार लोगों को बाजरा की रोटी खानी चाहिए।

**बैड कोलेस्टॉल घटाता है-** फिटनेस फ्रीक लोग बाजरा यानि मिलेट्स का सेवन करने लगे हैं। पहले बाजरा गांव- देहात के लोग ज्यादा खाते थे। यही वजह है कि उनका शरीर बीमारियों से दूर रहता था। बाजरा खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है।

# बादाम खाने का सही तरीका

हेल्दी रहने के लिए डॉक्टर्स नट्स और सीड्स खाने की सलाह देते हैं। सबसे ज्यादा फायदेमंद ड्राईफ्रूट में बादाम का नाम सबसे ऊपर आता है। रोजाना बादाम खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। ज्यादातर लोग सुबह के वक्त ही बादाम खाते हैं। कुछ लोग पानी में भिगोकर बादाम खाते हैं तो कुछ लोग रोस्टेड बादाम खाते हैं।



### बादाम खाने का सही समय

बादाम खाने का सही समय सुबह का वक्त होता है। आप खाली पेट बादाम खाएंगे तो इससे शरीर को तुरंत एनर्जी मिलेगी। आप ठंड में बिना भिगोए भी बादाम खा सकते हैं। वैसे भीगे हुए बादाम सबसे ज्यादा फायदा करते हैं। बादाम में फाइबर भी होता है जिससे पेट भर जाता है। आप चाहें तो शाम को स्नैक्स के रूप में भी रोस्टेड बादाम खा सकते हैं। बच्चों को बादाम का पाउडर बनाकर दूध में डालकर या फिर दलिया और हलवा में मिक्स करके खिला सकते हैं।

### दिन में कितने बादाम खाने चाहिए

मुट्ठी बंद करके जितने बादाम हाथ में आएं आप उतने बादाम एक दिन में खा सकते हैं। यानि आप करीब 8-10 बादाम रोजाना खा सकते हैं। सर्दियों में बादाम की मात्रा थोड़ी बढ़ा सकते हैं। गर्मी के मौसम में आपको भिगोकर ही बादाम खाना चाहिए। भीगे हुए बादाम ज्यादा फायदा करते हैं इन्हें पचाना आसान हो जाता है। बच्चों को 2-3 बादाम खिला सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को 5-6 भीगे बादाम खाने के लिए दे सकते हैं।

### बादाम खाने के फायदे

दिमाग को तेज बनाए- रोजाना बादाम खाने से मैमोरी तेज होती है। बादाम में फाइबर और प्रोटीन अच्छी मात्रा में होता है। जो दिमाग को तेज बनाता है। बच्चों के ब्रेन को शार्प बनाने ते लिए बादाम जरूर खिलाएं। बादाम में विटामिन ई और बी 6 होता है जो अल्ज़ाइमर के खतरे को कम करता है। रोज बादाम खाने से भूलने की बीमारी नहीं होती है।

### खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाए

दिल के मरीज के लिए बादाम बहुत फायदेमंद माना जाता है। बादाम खाने से शरीर को पोटेशियम, मैग्नीशियम और प्लांट प्रोटीन मिलता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। भीगे हुए बादाम में कम कैलोरीज होती हैं जिससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है।

# नसों की बीमारी वाले सोते समय तकिया कहां लगाएं?

आजकल की लाइफस्टाअल और स्ट्रेस लोगों में नसों की बीमारी का कारण बन रही है। स्थिति ये है कि बहुत से लोग साइटिका, सर्वाइकिल और फिर वैरिकोज वेन्स की समस्या से गुजर रहे हैं। ये समस्या ऐसी है कि लोगों को उठने-बैठने और चलने फिरने तक में परेशान करती है। ऐसे में सोने का तरीका या कहें कि तकिया लगाकर आप कैसे सोते हैं ये सब इस समस्या को प्रभावित करता है। ऐसे में जानना जरूरी है कि सोते समय आप तकिया कहां और कैसे लगाएं। तो, जानते हैं इन तमाम चीजों के बारे में विस्तार से।



### साइटिका में कैसे सोएं और तकिया कहां लगाएं?

साइटिका में आपके हिप्स और आपके पैर के पिछले हिस्से में दर्द बहुत होता है। ऐसी स्थिति में सोने से आपकी पीठ के निचले हिस्से और कूल्हों में मरोड़ हो सकती है, जिससे तंत्रिका पर और अधिक दबाव पड़ने से दर्द बढ़ सकता है। ऐसे में अपने घुटनों के बीच तकिया रखकर सोने से आपको अपनी रीढ़ को सीधा रखकर दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है।

### वैरिकोज में कैसे सोएं और तकिया कहां लगाएं?

वैरिकोज मुड़ी हुई नसें होती हैं जो त्वचा के ठीक नीचे होती हैं। ये आमतौर पर पैरों में होते हैं। कभी-कभी वैरिकाज नसें शरीर के अन्य हिस्सों में भी बन जाती हैं। ऐसे में बाईं करवट सोने से वैरिकोज वेन्स और अन्य संवहनी समस्याओं में आराम मिलता है। बाईं करवट सोने से वेना कावा पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव से राहत मिलती है और इससे दर्द कम होता है। ऐसे में तकिया पैरों के नीचे लगाएं ताकि पैर आराम में आएं और नसों का प्रेशर कम हो। तो, अगर आपको इन दोनों समेत नस की कोई भी बीमारी है तो सिर में तकिया लगाने की जगह पैरों मे लगाएं और बाईं करवट सोएं। इससे आराम महसूस करेंगे जिसकी वजह से इसके दर्द से राहत मिलती है।

# विटामिन की कमी पहचानने के सरल तरीके

हमारे शरीर में हर विटामिन की अपनी खास भूमिका है। ये शरीर की अलग-अलग स्थितियों के लिए काम करता है। जहां कभी ये आपके मेटाबोलिक रेट से जुड़ी स्थितियों के लिए काम करता है तो कभी ये ब्रेन से जुड़ी दिक्कतों को दूर करता है। जैसे कि विटामिन ए आपकी आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद है। तो, विटामिन बी आपकी ब्रेन और शरीर के अंदर मैसेजिंग को सही करता है। इसके अलावा विटामिन सी आपको कई प्रकार से संक्रामक रोगों से बचाता है। तो, विटामिन डी डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। लेकिन, जब इनकी कमी होने लगे तो हम इसे कैसे पहचान सकते हैं। जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

### मूड स्विंग्स विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी से मूड स्विंग्स की समस्या ज्यादा हो सकती है। ये डिप्रेशन की भावना दे सकती है। विटामिन डी की कमी वाले लोगों में ये अवसाद का कारण बन सकता है। इससे आप ज्यादा दुखी रह सकते हैं और हर समय चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। तो, अगर आपको मेंटल हेल्थ से जुड़ी कोई समस्या हो रही है तो आपके शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है।

### आंखों की कमजोरी विटामिन ए की कमी

आंखों की कमजोरी का एक बड़ा कारण विटामिन ए की कमी है। दरअसल, ये आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ कॉर्निया की सेहत के लिए जरूरी है। साथ ही ये आपको डिजनरेटिव नुकसानों से भी बचाता है। तो, अगर आपकी आंखें कमजोर हो रही हैं तो ये विटामिन ए की कमी हो सकती है। ऐसे में विटामिन ए से भरपूर फूड्स का सेवन करें।

### बार-बार बीमार पड़ना विटामिन सी की कमी

बार-बार बीमार पड़ना विटामिन सी की कमी से जुड़ा हुआ हो सकता है। दरअसल, विटामिन सी वो विटामिन है जो कि इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार है। ये मौसमी बीमारियों और फ्लू आदि से बचाता है। इसके अलावा ये टी सेल्स को बढ़ावा देता है और आपको कई बीमारियों से बचाव में मदद कर सकता है।

### थकान और कमजोरी विटामिन बी की कमी

थकान और कमजोरी विटामिन बी की कमी से जुड़ा हुआ हो सकता है। दरअसल, अगर आपको लंबे समय तक के लिए थकान महसूस हो रही है या फिर हर समय आप कमजोरी महसूस हो रही है तो ये विटामिन बी की कमी हो सकती है। तो, इन लक्षणों पर नजर रखें और समय रहते डॉक्टर दिखा लें।



# हींग है गुणों की खान

अनियमित जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से पेट से जुड़ी समस्याएं पैदा होती हैं, कब्ज भी उन्हीं में से एक है। कब्ज के मरीजों को मल त्यागने में बेहद कठिनाई होती है। उनका स्टूल जल्दी पास नहीं होता है, इस वजह से वे घंटों टॉयलेट में बैठे रहते हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें मल त्याग करते समय तेज दर्द होने लगता है और बाद में उन्हें खून भी निकलता है। ऐसे में कब्ज की समस्या को बिलकुल भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। अगर आपको भी कब्ज की परेशानी है, तो अपने डाइट में हींग का सेवन शुरू कर दें। चलिए आपको बताते हैं कब्ज में हींग कैसे असरदार है। हींग का इस्तेमाल यूं तो दाल का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है लेकिन यह छोटा दिखने वाला मसाला आपको कब्ज और पेट की कई बीमारियों से छुटकारा दिला सकता है। हींग में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो कब्ज, अपच और पेट में गैस और की समस्या से राहत दिलाने में बेहद कारगर हैं। इसलिए अगर आप पेट से जुड़ी समस्या से पीड़ित हैं, तो

### ऐसे करें हींग का इस्तेमाल

सबसे पहले एक गिलास पानी को गर्म कर लें। अब गर्म पानी में 1 चम्मच हींग मिलाएं। पानी में हींग को अच्छी तरह घोल लें। जब पानी हल्का गुनगुना हो जाए तब इसका सेवन करें।



प्याज को न समझें कम, कोलेस्ट्रॉल को धमनियों से छानकर बाहर निकाल फेकती है, ऐसे सेवन करने से मिलेंगे लाभ

पेट से जुड़ी इन परेशानियों में है कारगर

### पाचन में असरदार

हींग आपकी पाचन क्षमता को मजबूत बनाता है। खाली पेट एक चुटकी हींग खाने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियों में फायदा मिलेगा। अपच या पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप डॉक्टर की सलाह पर हींग का सेवन करते हैं।

### पेट दर्द में कारगर

हींग में मौजूद प्रॉपर्टीज़ ब्लोटिंग, पेट में दर्द और गैस की समस्या को चुटकियों में खत्म करते हैं। कई बार पेट में दर्द गैस या ब्लोटिंग की वजह से होता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए रोजाना चुटकी भर हींग का सेवन खाली पेट करना फायदेमंद माना जाता है।

# बॉडी टेंपरेचर को कैसे करें कंट्रोल

रात में अगर अच्छी नींद न आए तो सुबह चेहरा उतरा हुआ और बीमार सा दिखाई देता है। घर हो या ऑफिस नींद न आने से दिनभर आप थकान महसूस करते हैं। लंबे समय तक नींद पूरी नहीं होने से चिड़चिड़ापन भी आने लगता है। बार-बार नींद टूटने या रात में अच्छी नींद नहीं आने के कई कारण हो सकते हैं। कुछ लोगों को रात में सोते वक्त बहुत गर्मी लगती है तो वहीं कुछ लोग ठंड की वजह से नहीं सो पाते हैं। अब सवाल उठता है कि रात में अचानक ठंड लगने या गर्मी लगने के क्या कारण हो सकते हैं। एक रिसर्च में ये पता चला है कि बॉडी के डिहाइड्रेट होने के कारण शरीर का तापमान बदलता है। शरीर में पानी की कमी होने से नींद में खलल पड़ता है। जानिए कैसे?



### बॉडी टेंपरेचर को कंट्रोल करता है पानी

रात में सोने से पहले पानी पीने की सलाह डॉक्टर्स भी देते हैं। सोने से पानी दवाई के जैसे असर करता है। अगर आप रूम टेंपरेचर के हिसाब से पानी पिएंगे, तो इससे सुबह आप एकदम फ्रेश फील करेंगे। रात में पानी पीने से स्किन ग्लो करती है। इससे पेट साफ होगा और आप दिनभर एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

### रात में सोने से पहले कैसा पानी पीना चाहिए?

अब सवाल आता है कि रात में सोने से पहले कैसा पानी पीना चाहिए? क्या ठंडा पानी अच्छा होता है या गर्म पानी पीने से नींद अच्छी आती है? इसके लिए डॉक्टर रात में गुनगुना पानी पीने की सलाह देते हैं। ठंड के दिनों में आपको हल्का गर्म पानी पीना चाहिए। अगर बहुत तेज गर्मी है तो आप नॉर्मल पानी पी सकते हैं। रात में ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। इससे आपको नींद अच्छी आएगी। पेट और पाचन मजबूत बनेगा। सुबह आपकी त्वचा खिली-खिली और फ्रेश नज़र आएगी।

### रात में गहरी नींद कैसे पाएं?

आजकल लोगों को नींद की समस्या काफी होने लगी है। इसकी वजह फोन, लाइफस्टाइल और खान-पान भी है। अच्छी नींद के लिए जरूरी है कि आप टाइम से सोने की कोशिश करें। जब रात में सोने जाएं तो फोन, लैपटॉप, टीवी से खुद को दूर कर लें। करीब आधा या 1 घंटा पहले इन चीजों से दूर हो जाएं।

## रोहित-विराट के वनडे से सन्यास पर बोले गांगुली

# जो भी अच्छा करेगा, वह खेलेगा



नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। इस बीच खबर आ रही है कि दोनों अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर करियर की आखिरी वनडे सीरीज खेल सकते हैं यानी अब दोनों वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह सकते हैं। इस विषय पर अब पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का बयान आया है। उन्होंने कहा कि, दोनों अगर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहिए। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में किया जा रहा है कि में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद शर्मा और विराट कोहली और टी20 के बाद वनडे से भी संन्यास ले सकते हैं। अक्तूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन 2027 विश्व कप की रणनीति में रोहित और विराट पर विचार नहीं कर रहा है। दोनों को वनडे टीम में बने रहने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना पड़ सकता है।

### दोनों सीमित ओवरों में अद्भुत : गांगुली



सौरव गांगुली ने रोहित और विराट के वनडे से संन्यास पर कहा, 'मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।' उन्होंने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड इवेंट के दौरान कहा, 'यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वह खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकॉर्ड शानदार है, यहां तक कि रोहित शर्मा का भी। दोनों ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में अद्भुत हैं।' भारत का ऑस्ट्रेलिया का वनडे दौरा 19 अक्तूबर से शुरू होगा।

### भारत बहुत मजबूत

सौरव गांगुली ने रोहित –विराट पर बात करते हुए कहा कि वे दोनों वनडे के बेहतरीन खिलाड़ी है। भारतीय टीम का आस्ट्रेलिया दौरा उनके लिए काफी खास होगा जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू वनडे मैच खेले जाएंगे। 2026 कैलेंडर में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेली जानी है। वहीं दुबई में नौ सितंबर से शुरू होने वाले आगामी टी20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। गांगुली ने कहा भारत बहुत मजबूत है। टीम अगर टेस्ट क्रिकेट में मजबूत हैं, तो वनडे और और भी ज्यादा मजबूत है।

**क्रिकेट जगत को लगा बड़ा झटका**

# थैमसिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने यह फैसला ऐसे समय में लिया जब वह पिछले कुछ सालों से टीम से बाहर चल रही थीं। थैमसिन का करियर भले ही आंकड़ों में बड़ा न दिखे लेकिन उनके कुछ प्रदर्शन यादगार रहे, खासकर उनके शुरुआती दिनों में।

थैमसिन न्यूटन ने 2015 में न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। वह एक मध्यम गति की तेज गेंदबाज और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज के रूप में जानी जाती थीं। उन्होंने अपने दूसरे ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की और श्रीलंका के खिलाफ 9 रन देकर 3 विकेट झटके। इससे उन्होंने चयनकर्ताओं और दर्शकों को प्रभावित किया। थैमसिन को न्यूजीलैंड के लिए खेलने का बहुत ज्यादा मौका नहीं मिला। उन्होंने अब तक 10 वनडे और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वनडे में उन्होंने 11 विकेट लिए और 57 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 31 रन देकर 5 विकेट था जो उन्होंने नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ हासिल किया था। वहीं टी20 में उन्होंने 9 विकेट लिए लेकिन लगातार टीम में जगह नहीं बना पाईं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2021 में हुआ था और उसके बाद से वह टीम से बाहर थीं। थैमसिन 2016 टी20 वर्ल्ड कप और 2017 वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं। हालांकि इन टूर्नामेंट्स में उन्हें ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन टीम का हिस्सा बनना उनके करियर का अहम हिस्सा रहा। थैमसिन न्यूटन का घरेलू क्रिकेट करियर काफी सफल रहा। उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन की ओर से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद 2014 से 2018 तक वह कैंटरबरी के लिए खेलती रहीं। बाद में वह दोबारा वेलिंगटन लौटीं और 2023-24 सीजन में वह सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स से जुड़ गईं। थैमसिन ने न्यूजीलैंड की घरेलू वनडे प्रतियोगिता हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड का फाइनल चार बार खेला। वह इस टूर्नामेंट को दो बार जीतने में सफल रहीं-एक बार कैंटरबरी और एक बार वेलिंगटन के साथ। थैमसिन सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मशहूर महिला टी20 लीग बीबीएल (WBBL) में पर्थ स्कॉर्चर्स की ओर से भी खेला। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड की घरेलू महिला रग्बी यूनियन प्रतियोगिता फराह पामर कप में भी हिस्सा ले चुकी हैं। उन्होंने वेलिंगटन प्राइड और हॉक्स बे टुई की ओर से रग्बी खेला और खुद को एक मल्टी-स्पोर्ट एथलीट के रूप में साबित किया। थैमसिन न्यूटन ने 30 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया। वह पिछले चार वर्षों से अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर थीं।

# पोंटिंग के टॉप-5 बल्लेबाजों की लिस्ट से बाहर विराट



नई दिल्ली। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने टेस्ट क्रिकेट में अपने ऑल-टाइम टॉप-5 बल्लेबाज़ों की सूची जारी की है, जिसमें उन्होंने विराट कोहली को शामिल नहीं किया। कोहली, जिन्होंने कई रिकॉर्ड तोड़े और अपने टेस्ट करियर में 210 पारियों में 9230 रन बनाए, इस सूची में कहीं नहीं दिखे। यही नहीं पोंटिंग ने "फैब फोर" से कोहली और स्टीव स्मिथ को बाहर कर दिया और उनकी जगह जो रूट और केन विलियमसन को शामिल किया। पोंटिंग ने कहा, "ब्रायन लारा सबसे हुनरमंद बल्लेबाज थे जिनका मैंने सामना किया और जब मैं कप्तान था, तो उन्होंने मुझे किसी भी खिलाड़ी से ज्यादा बेचैन रातें दीं। सचिन तकनीकी रूप से जितने बेहतर थे, उतने किसी को मैंने नहीं देखा, राहुल द्रविड़ भी उसी स्तर के थे। अब मैं जो रूट को भी इसमें शामिल करूंगा, और केन विलियमसन को भी।' पोंटिंग ने बेन स्टोक्स को चुनने का कारण भी बताया, जबकि इंग्लिश ऑलराउंडर के आंकड़े बहुत चमकदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, "स्टोक्स का मामला अलग है। उनके लिए आँकड़े मायने नहीं रखते। यह उनके पलों के बारे में है, वह एक सिचुएशन प्लेयर हैं। जब हालात सबसे मुश्किल होते हैं, वह अपने सर्वश्रेष्ठ पर होते हैं। अगर आप महान खिलाड़ियों की बात कर रहे हैं, तो आपको उनके खेल पर प्रभाव के बारे में भी सोचना होगा।" पोंटिंग ने रूट के बारे में कहा, "पिछले पांच साल में उन्होंने जो किया है, वह अद्भुत है। मैं खिलाड़ियों को इस आधार पर रैंक करता हूं कि वे कितने लंबे समय तक अपने चरम पर रह सकते हैं। आप 30-40 मैचों में बेहतरीन हो सकते हैं, लेकिन क्या आप यह 150 मैचों तक कर सकते हैं? एक और बड़ा नाम जो पोंटिंग की सूची में नहीं था, वह था दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस।

# दो दशक बाद अंडर-20 महिला फुटबॉल एशिया कप में पहुंचा भारत

यंगून। भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने रविवार को इतिहास रच दिया। भारतीय टीम ने अंतिम क्वालीफाइंग मैच में मेजबान म्यांमार को 1-0 से हराकर दो दशक बाद एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया। इससे पहले भारत ने 2006 में इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। इस मुकाबले में पूजा ने एकमात्र गोल किया। भारत ने सात अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए 2026 में थाइलैंड में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाई।

मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम आक्रामक अंदाज में नजर आई। तीसरे मिनट में नेहा और शिबानी देवी नोंगमेईकपाम ने म्यांमार के गोलपोस्ट को खतरे में डाला, लेकिन गेंद जाल तक नहीं पहुंची। वहीं, म्यांमार ने भी कुछ तेज काउंटर अटैक किए। नौवें मिनट में उनकी फारवर्ड खिलाड़ी सु सु खिन गोल के करीब तक पहुंचीं, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उन्हें रोक दिया। भारत के लिए निर्णायक क्षण 27वें मिनट में आया, जब पूजा ने टीम को बढ़त दिलाई। दाईं ओर से उन्होंने खुद काउंटर अटैक शुरू किया और गेंद को आगे बढ़ाया। यह गेंद नेहा तक पहुंची, जिन्होंने इसे एक ऊंचे पास में वापस पूजा की ओर भेजा। तब तक पूजा गोलपोस्ट के करीब पहुंच चुकी थीं और गेंद को गोललाइन पार कराकर स्कोर 1-0 कर दिया। इस गोल ने भारतीय खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को राहत दी, और टीम ने पहले हॉफ तक इस बढ़त को कायम रखा। दूसरे हाफ में म्यांमार ने घरेलू समर्थकों के जोश से प्रेरित होकर तेज खेल दिखाया। 48वें मिनट में गोलकीपर मोनालिशा देवी ने सु सु खिन के जोरदार शॉट को शानदार ढंग से रोककर भारत की बढ़त बचाई।

## डकेट को आउट करने के बाद बोले थे आकाश

# हमेशा तुम ही नहीं जीतोगे भाई



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए आखिरी टेस्ट मैच में आकाश दीप ने बेन डकेट को आउट कर मेजबानों को करारा झटका दिया था। इसके बाद उन्होंने जिस तरह से इस विकेट को सेलिब्रेट किया था, वह आज भी चर्चा में है। दरअसल, आकाश दीप को बेन डकेट को आउट करने के बाद उनके कंधे पर हाथ रखे देखा गया था। वह उनसे कुछ कह भी रहे थे। अब भारतीय गेंदबाज ने इस बात का खुलासा किया है कि उन्होंने क्या कहा था। यह घटना इंग्लैंड की पहली पारी की है। जैक क्राउली और बेन डकेट ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई जिसे आकाश दीप ने तोड़ा। उन्होंने डकेट को अपना शिकार बनाया जो 38 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बना पाए। इसके बाद आकाश दीप को बेन डकेट से कुछ कहते देखा गया था। रेवस्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में तेज गेंदबाज ने कहा, 'बेन डकेट मेरे सामने 4-5 बार आउट हो चुके थे। उस पारी में वो मेरे खिलाफ पैडल स्वीप शॉट मारकर मेरे लेंथ को खराब करने की कोशिश कर रहा था। ऐसे में मैं भी उसके खिलाफ गेंदबाजी का प्लान कर रहा था। आप भी उस समय समझ नहीं पाते हैं कि उसको किस लेंथ पर गेंद करनी है।' आकाश दीप ने आगे कहा, 'उस समय वो मेरे को कहा था कि इस पारी में तुम मुझे आउट नहीं कर सकते हो, फिर मेरे गेंद पर ही वह आउट हो गया। इसके बाद मैं उसके पास गया और उसके कंधे पर हाथ रखकर मैंने कहा, हमेशा तुम ही नहीं जीतोगे भाई, कभी-कभी मुझे भी जीतना पड़ेगा।' इंग्लैंड दौरे पर बिहार के लाल आकाश दीप ने चमक बिखेरी। उन्होंने तीन मैचों की छह पारियों में कुल 13 विकेट अपने नाम किए।

# क्या सिराज पर बहुत ज्यादा निर्भर है भारत

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर हाल के वर्षों में गेंदबाजी आक्रमण का बड़ा दारोमदार रहा है। आंकड़े इस बात को साफ तौर पर दिखाते हैं कि जब सिराज ने अच्छा प्रदर्शन किया है, टीम इंडिया को जीत मिली है, लेकिन जब उनका असर फीका रहा, नतीजे अक्सर निराशाजनक रहे। सिराज ने अब तक 41 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 22 मुकाबले भारत ने जीते, 14 हारे और 5 ड्रॉ रहे। जीत वाले मैचों में सिराज ने 76 विकेट अपने नाम किए हैं, वह भी सिर्फ 22.3 की औसत से, जो किसी भी तेज गेंदबाज के लिए शानदार आंकड़ा है। इन जीतों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन छह विकेट पर 15 रन रहा है और चार बार उन्होंने पारी में पांच विकेट झटके हैं। इसके उलट, हार वाले मैचों में उनका औसत 46.2 तक पहुंच जाता है और 14 टेस्ट में उन्हें सिर्फ 32 विकेट मिलते हैं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/66 रहा है और कोई भी पांच विकेट का कारनामा नहीं आया। ड्रॉ हुए मैचों में भी उनका औसत (43.1) जीत की तुलना में काफी ऊंचा है, हालांकि यहां उन्होंने 5/60 का बेस्ट दिया है और एक बार पारी में पांच विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ हालिया सीरीज ने भी यह पैटर्न दोहराया। इंग्लैंड दौरे पर सिराज ने कई मौकों पर भारतीय टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।



# 'धोनी से आगे निकल जाएंगे पंत'



नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि अगर ऋषभ पंत भारत के लिए ज्यादा मैच खेलते हैं तो वह टेस्ट मैचों में महेंद्र सिंह धोनी के रनों की संख्या को पीछे छोड़ देंगे। टेस्ट मैचों में भारत के उप-कप्तान पंत फिलहाल मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच में बल्लेबाजी करते हुए दाहिने पैर में लगी चोट से उबर रहे हैं। पंत ने अब तक 47 टेस्ट मैचों में 44.50 की औसत से 3427 रन बनाए हैं। उनके शतकों की संख्या में आठ शतक शामिल हैं, जो धोनी के छह शतकों से दो ज़्यादा हैं, हालांकि धोनी ने 90 टेस्ट मैच खेले हैं। चोपड़ा ने सवाल उठाया है कि क्या यह कहना सही होगा कि पंत भारत के लिए टेस्ट खेलने वाले सबसे महान विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा, 'खेलों और रनों की संख्या के मामले में एमएस धोनी शीर्ष पर हैं। उन्होंने 90 मैच, 144 पारियां खेली हैं जिनमें 38.09 की औसत से 4876 रन बनाए हैं और उनके नाम छह शतक हैं। ऋषभ पंत ने पिछले पांच सालों में छह शतक लगाए हैं।' चोपड़ा ने कहा, 'अगर हम कुल मिलाकर देखें, तो ऋषभ पंत आठ शतक लगा चुके हैं और एमएस धोनी छह शतक लगा चुके हैं। ऋषभ पंत पहले ही (रनों की संख्या के मामले में) दूसरे स्थान पर हैं। वह एमएस धोनी से 1400 रन पीछे हैं और लगभग आधे मैच खेल चुके हैं। अगर वह और खेलेंगे, तो जाहिर है कि वह एमएस धोनी से आगे निकल जाएंगे।' इंग्लैंड के हालिया टेस्ट दौरे की 7 पारियों में पंत ने 68.42 की शानदार औसत से 479 रन बनाए जिसमें लीड्स के हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में लगाए गए दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'अगर हम इंग्लैंड में किसी विकेटकीपर द्वारा बनाए गए सबसे ज़्यादा रनों पर नजर डालें, तो वह इंग्लैंड में 1000 रन बनाने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। उन्होंने चार शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 13 मैचों और 24 पारियों में 1000 से ज़्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैंड में उनकी मूर्तियां बननी शुरू हो सकती हैं।'



# टिम के तूफान में उड़ा साउथ अफ्रीका




नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट का समर सीजन शुरू हो चुका है। साउथ अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। दोनों देशों के बीच 3 मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज की शुरुआत रविवार को हुई। सीरीज का पहला मैच डारबिन में खेला गया, जिसमें टिम डेविड की 83 रनों की तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की टीम ने साउथ अफ्रीका के सामने 179 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर महज 161 रन ही बना सकी। जिसके चलते आस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मैच 17 रनों से जीत लिया। साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन वे टिम डेविड को नहीं रोक पाए। इस वजह से मुश्किल लक्ष्य साउथ अफ्रीका के सामने है। साउथ अफ्रीका की टीम के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। उनका ये फैसला काफी हद तक सही साबित भी होता नजर आ रहा था, क्योंकि 30 रन पर 3 विकेट गिर गए थे। ट्रैविस हेड समेत जोश इंग्लिस और मिचेल मार्श जैसे बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद कैमरोन ग्रीन और टिम डेविड के बीच एक साझेदारी हुई और बाद में टिम डेविड ने अकेले साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों की कुटाई की। यही कारण रहा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम गिरते-पड़ते बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल हुई। एक समय लग रहा था ऑस्ट्रेलिया की टीम 150 रन भी मुश्किल से बना पाएगी, लेकिन टिम डेविड ने कमाल की बल्लेबाजी की और स्कोर 170 के पार पहुंचाने में टीम की मदद की। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम ऑलआउट जरूर हुई, लेकिन पारी की आखिरी गेंद पर आखिरी विकेट गिरा।

# नए फिटनेस टेस्ट में कई बांग्लादेशी क्रिकेटर मानकों पर खरे नहीं उतरे



ढाका। कई बांग्लादेशी क्रिकेटर नए फिटनेस टेस्ट में मानकों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे जबकि नाहिद राणा ने फिटनेस ट्रेनिंग में प्रभावित किया, लेकिन रविवार को नेशनल स्टेडियम में 1600 मीटर दौड़ में कुछ अन्य क्रिकेटर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। इससे पहले, खिलाड़ियों की फिटनेस की निगरानी यो-यो या बीप टेस्ट के जरिए की जाती थी। हालांकि, नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के आने के बाद से, टीम प्रबंधन ने खिलाड़यों की फिटनेस की जांच के लिए 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट का विकल्प चुना है। पता चला है कि तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम और शमीम पटवारी को 1600 मीटर की दौड़ पूरी करने में लगभग आठ मिनट लगे। दूसरी ओर, राणा फिटनेस टेस्ट में भाग लेने वाले 22 क्रिकेटरों में सर्वश्रेष्ठ रहे, जिन्होंने 1600 मीटर की दौड़ केवल 5 मिनट 31 सेकंड में पूरी की। टीम प्रबंधन के एक सदस्य ने रविवार को क्रिकबज को बताया, 'राणा ने शानदार प्रदर्शन किया। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही कुछ क्रिकेटर ऐसे भी थे जो हमारी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए।' नीदरलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज और उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले एशिया कप के लिए कौशल प्रशिक्षण शुरू करने से पहले एक फिटनेस कैंप चल रहा है। पहले समूह में मेहदी हसन मिराज 6 मिनट 1 सेकंड में दौड़ पूरी करके दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके मुशफिकुर रहीम 6 मिनट 10 सेकंड में 1600 मीटर दौड़ पूरी करके तीसरे स्थान पर रहे। 15 क्रिकेटरों वाले दूसरे समूह में तंजीम हसन साकिब ने 5 मिनट 53 सेकंड में 1600 मीटर दौड़ पूरी की। उनके बाद शहादत हुसैन दीपू रहे, जिन्होंने 6 मिनट में दौड़ पूरी की, और परवेज हुसैन इमोन 6 मिनट 13 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# डेविड वार्नर ने लंदन स्पिरिट को दिलाई पहली जीत



लंदन। लंदन स्पिरिट ने शनिवार (9 अगस्त) को वेल्श फायर पर 8 रनों की कड़ी जीत के साथ मेन्स हंड्रेड में अपना खाता खोलने में कामयाबी हासिल की। टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, लंदन स्पिरिट ने अनुभवी डेविड वार्नर की अगुवाई में शानदार वापसी की, जिन्होंने 70 रनों पर नाबाद रहते हुए बल्लेबाजी की। वेल्श फायर के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी रन चेज में नाबाद रहे और अपनी टीम द्वारा बनाए गए आधे से ज्यादा रन बनाए, लेकिन फिर भी वे लड़खड़ा गए। वार्नर पारी की शुरुआत में ही अच्छी फॉर्म में आ गए थे, लेकिन दूसरे छोर पर केन विलियमसन लड़खड़ा गए। आखिरकार उन्होंने मैदान पर छक्का जड़कर अपनी लय तोड़ी, लेकिन जोश हल के आउट होने के कारण ज़्यादा देर तक टिक नहीं पाए। पारी को आधे समय में एक बड़ा झटका तब लगा जब वार्नर और जेमी स्मिथ ने मिलकर क्रिस ग्रीन को तीन छक्के जड़कर आउट कर दिया। यह सिलसिला जारी रहा और स्मिथ ने हल की गेंद पर एक और बड़ा छक्का जड़ा, उसके बाद एक चौका जड़ा, और फिर गेंदबाज ने इस पारी का अंत कर दिया।

इसके बाद एश्टन टर्नर की बारी आई और उन्होंने भी एक उपयोगी छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर वार्नर ने रन बनाना जारी रखा और स्कोर को 160 के पार पहुंचाया, जिसका मतलब था कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए एक ठोस शुरुआत जरूरी थी। हालांकि स्टीव स्मिथ और बेयरस्टो ने अपने पहले मैच में पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुरुआत में ही स्कूप करने की कोशिश में थडर् मैन पर आउट हो गए। दुर्भाग्य से वेल्श फायर के लिए, विकेटों के गिरने के साथ ही रन गति की शुरुआत हो गई। लगातार दूसरे मैच में मध्यक्रम लड़खड़ा गया, जब लंदन स्पिरिट ने ल्यूक वेल्स, टॉम एबेल और टॉम कोहलर-कैडमोर जैसे बल्लेबाजों को आउट कर वेल्श फायर का स्कोर 39/5 कर दिया। कुछ ही गेंदों में स्कोर 55/6 हो गया, क्योंकि मैच का नतीजा साफ दिख रहा था। हालांकि, यह अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी कि वे केवल 8 रनों से हार गए, क्योंकि एक छोर पर उनके साथी खिलाड़ी कम पड़ रहे थे, और बेयरस्टो ने ग्रीन के साथ मिलकर टीम की उम्मीदों को कायम रखा।

इंग्लैंड के इस सलामी बल्लेबाज ने लगातार अंतराल पर बाउंड्री लगाते हुए जीत की दौड़ जारी रखी। जब 10 गेंदों पर 31 रनों की ज़रूरत थी, बेयरस्टो ने जेमी ओवरटन की लगातार दो गेंदों पर छक्के जड़कर लक्ष्य को 8 गेंदों पर 19 रनों तक सीमित कर दिया। हालांकि, ओवरटन ने जोरदार वापसी की और ल्यूक वुड ने उनका साथ देते हुए सुनिश्चित किया कि बाकी गेंदों पर केवल एक छक्का लगे और वेल्श फायर सीजन के अपने पहले अंक हासिल करने से वंचित रह जाए।

# कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को किसी ने नहीं दिया काम

बोलीं-'मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं'



हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं। पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इसी बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं। कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं। जबकि वह तो काम करना चाहती थी। अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है।

### काम देने से हिचकिचा रहे हैं लोग

एक इंटरव्यू में हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो। लेकिन मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं। हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती।'

### मुझे किसी ने नहीं बुलाया

हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, मुझे कॉल करें।' हाल ही में हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ शो 'पति पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनी हैं।

# 'अबीर गुलाल' की रिलीज डेट आई सामने!



वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई को रिलीज होने वाली थी। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म इसी महीने दुनिया भर में रिलीज होगी।

### दुनिया भर में रिलीज होगी फिल्म

हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि फिल्म 'अबीर गुलाल' को अगस्त के आखिर में पूरी दुनिया में रिलीज किया जाएगा। हो सकता है कि यह फिल्म भारत में न रिलीज की जाए।

### फिल्म की रिलीज की तारीख आई सामने


'अबीर गुलाल' दुनिया भर में 29 अगस्त को रिलीज होगी। खबर यह भी है कि फिल्म का नाम बदल दिया जाएगा। अभी इस फिल्म का नाम 'Abir Gulaal' है, लेकिन इस फिल्म का नाम बदलकर 'Aabeer Gulaal' कर दिया जाएगा। फिल्म में वाणी कपूर के साथ पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान हैं। इसका निर्देशन आर्ती एस बागड़ी ने किया है।

### इस वजह से टल गई थी फिल्म की रिलीज

दरअसल,इसी साल अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम में कुछ आतंकियों ने भारत के पर्यटकों पर हमला कर दिया था। इस हमले में लगभग 26 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग जख्मी हो गए थे। इसके बाद पूरे देश में गम व गुस्से की लहर दौड़ गई थी। लोगों ने कथित तौर पर पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान का बहिष्कार किया था।

# सलमान खान से बड़ी फिल्म छीन लेगा ये सुपरस्टार?

## जानिए कौन है वो एक्टर जो बन रहा 'भाईजान' की राह का कांटा



फिल्म इंडस्ट्री से लेकर फैंस तक के 'भाईजान' यानी सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवीज को लेकर चर्चा में हैं. 'सिकंदर' के बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिटने के बाद अब उनका पूरा फोकस अपूर्व लाखिया की वॉर ड्रामा फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' पर है. हाल ही में इसका पहला लुक भी रिलीज किया गया था. वहीं इस फिल्म की शूटिंग के साथ-साथ डायरेक्टर सूरज बड़जात्या के साथ भी उनके नए प्रोजेक्ट का ऐलान हो चुका है, लेकिन इस बीच अब खबर आ रही है कि सलमान खान की राह में एक साउथ सुपरस्टार रोड़ा बन सकता है।

### हरीश शंकर की अगली फिल्म का हीरो कौन होगा?

तेलुगु फिल्म मेकर हरीश शंकर ने पवन कल्याण स्टारर 'उस्ताद भगत सिंह' की शूटिंग लगभग पूरी कर ली है,अब वह निर्माता दिल राजू के साथ एक बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में हैं। खबर है कि इस फिल्म में सलमान खान को लीड रोल के लिए अप्रोच किया गया है,लेकिन मामला यहीं अटक गया, क्योंकि साउथ के 'मास महाराज' रवि तेजा भी इस रेस में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। ऐस में क्या साउथ के सुपरस्टार रवि तेजा 'भाईजान' से ये फिल्म छीन लेंगे?

### रवि तेजा क्यों हैं सबसे मजबूत दावेदार?

दरअसल, हरीश शंकर और रवि तेजा की जोड़ी पहले 'मिस्टर बच्चन' में साथ काम कर चुकी है। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। बावजूद इसके कहा जा रहा है कि दोनों एक बार फिर जबरदस्त हिट देने के लिए साथ आ सकते हैं। वहीं रवि तेजा की अगली फिल्म Mass Jathara इस महीने यानी 27 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है, जिसमें उनके साथ श्रीलीला नजर आएंगी।

# सबको छोड़कर जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहती हैं श्रुति हासन




साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो।' इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है।

### यूजर्स ने क्या दी श्रुति हासन को सलाह

यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।'

एक अन्य यूजर ने श्रुति को पहाड़ों पर जाकर वक्त गुजारने की सलाह दी। वह कहता है, 'नई शुरुआत करें। पहाड़ों पर जाएं। धीरे-धीरे जिएं, भीड़-भाड़ से दूर रहें। अपनी सोल (आत्मा) के लिए आप इससे ज्यादा खूबसूरत काम कुछ नहीं कर सकते हैं।' कुछ यूजर्स ने श्रुति के जैसा ही महसूस करने की बात भी कही है।

# ऋतिक रोशन ने डेढ़ महीने में कर दिया खतरनाक ट्रांसफॉर्मेशन



वॉर 2 के टीजर रिलीज के बाद से ही ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है। फैंस इस अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म को देखने का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं।

### पांच हफ्तों में हासिल की बॉडी

वहीं एक और चीज जिसको लेकर काफी ज्यादा चर्चा हो रही है वो है ऋतिक रोशन की फिजीक की। ऋतिक रोशन की फिजिकल बिजनेस हमेशा से ही आकर्षण का केंद्र रही है। 51 साल की उम्र में, अभिनेता अपनी मज़बूत मांसपेशियों और वॉशबोर्ड एब्स का प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने वॉर 2 के के लिए यह सब सिर्फ 5 हफ्तों में हासिल किया है।

### इंस्टा पर शेयर की पोस्ट

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई एक पोस्ट में, ऋतिक ने बताया कि उन्होंने अपना फिटनेस मिशन पूरा कर लिया है। एक्टर ने लिखा कि अब उनके लिए आराम करने और स्वस्थ होने का समय आ गया है। अभिनेता ने अपनी छुट्टियों के बाद से लेकर शूटिंग के बाद की बॉडी की तुलनात्मक तस्वीरें भी शेयर कीं। उन्होंने दावा किया कि यह ट्रांसफॉर्मेशन अगस्त और अक्टूबर के बीच हुआ।

### अब आराम करने का समय - ऋतिक

ऋतिक ने कैप्शन में लिखा, 5 हफ्ते। शुरुआत से अंत तक। छुट्टियों के बाद से लेकर शूटिंग के बाद तक। मिशन पूरा हुआ। घुटनों, पीठ, टखनों, कंधों, रीढ़ और दिमाग को धन्यवाद। आप लोगों को अच्छी लड़ाई पसंद है। मैं आप सभी से प्यार करता हूं। अब आराम करने, स्वस्थ होने और और भी बेहतर संतुलन बनाने का समय है। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन हिस्सा था अन्य महत्वपूर्ण चीजों,प्रियजनों, दोस्तों, सामाजिक अवसरों, स्कूल पीटीएम और यहां तक कि काम के घंटों को भी 'नहीं' कहना। दूसरा सबसे कठिन हिस्सा था - रात 9 बजे तक बिस्तर पर जाना।

# जॉन अब्राहम ने की मलयालम सिनेमा की तारीफ



मलयालम फिल्में असली और सच्ची कहानियों के लिए मशहूर हैं। मलयालम फिल्ममेकर किसी मशहूर स्टार के बजाए कहानी पर जोर देते हैं। बॉलीवुड कलाकार जॉन अब्राहम पहले से ही इस तरह की चीजों को पसंद करते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि वह मलयालम सिनेमा की तरह फिल्में बनाना पसंद करते हैं। वह मलयालम कलाकार मोहनलाल और ममूटी के फैन हैं।

जॉन अब्राहम ने मलयालम सिनेमा की इस बात के लिए तारीफ की है कि मलयालम सिनेमा उन कहानियों पर फिल्में बनाता है जिन्हें दूसरे लोग मुश्किल से छूते हैं। उन्होंने कहा 'मलयालम इंडस्ट्री बहुत बहादुर है। मुझे लगता है कि देश में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से सबसे अच्छी फिल्में आ रही हैं। अगर आप मुझसे पूछेंगे कि सबसे अच्छा अभिनेता कौन है तो मैं कहूंगा मोहनलाल।'

### जॉन ने की अभिनेता ममूती की तारीफ

जॉन अब्राहम ने फिल्म 'कैथल- द कोर' के अभिनेता ममूती की तारीफ की। उन्होंने कहा 'आप ममूती को देखिए। उन्होंने फिल्म में एक पॉलिटिशियन का किरदार निभाया है। आप देखेंगे कि उन्होंने फिल्म में समलैंगिक का रोल किया है। मेरा मतलब है कि यह बहुत बहादुरी वाला किरदार है, जो उन्होंने फिल्म में निभाया है।'

### मलयालम फिल्में बनाना चाहते हैं जॉन

जॉन अब्राहम ने आगे कहा 'मैं सोच रहा हूं कि मैं मलयालम सिनेमा से कुछ विचार उधार ले सकूं। इसलिए मैंने केरल में एक लेखक रूम बनवाया। ताकि वहां से विचार लें और ऐसी फिल्में देखें जो राष्ट्रीय स्तर पर या सिर्फ मलयालम में बनाई जा सकें। मैं मलयालम फिल्में बनाना चाहता हूं क्योंकि यही सही समय है। हालांकि मैं दूसरी फिल्में भी बनाना चहता हूं।'

# 46 साल की उम्र में सिंगल हैं शमिता शेट्टी



हाल ही में, शमिता शेट्टी का रिलेशनशिप हिस्ट्री द ग्रेट इंडियन कपिल शो में सामने आया, जहां वह अपनी बहन और एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के साथ रक्षाबंधन स्पेशल एपिसोड में नजर आईं। इस मजेदार एपिसोड में शिल्पा ने शमिता को उनकी डेटिंग हिस्ट्री के बारे में चिढ़ाया और मजाक में कहा कि अब टाइम आ गया है कि वह 'किसी ऐसे इंसान को राइट स्वाइप करें जिसके पास दिमाग और बाइसेप्स हों।' शिल्पा के इस मजाक से पता चल गया कि शमिता अभी सिंगल हैं हालांकि उनका नाम कई सेलेब्स के साथ जुड़ा। एक नजर उनकी लव लाइफ पर।

### उदय चोपड़ा से जुड़ा नाम

2000 के दशक की शुरुआत में जब शमिता ने फिल्म 'मोहब्बतें' से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा, तो उनके लव अफेयर की अटकलें लगने लगीं। सबसे शुरुआती और लगातार अफवाहों में से एक उनका नाम एक्टर उदय चोपड़ा के साथ जुड़ा, जो फिल्म में उनके को स्टार थे। हालाँकि पर्दे पर दोनों के बीच की केमिस्ट्री साफ दिखाई देती थी, लेकिन न तो शमिता और न ही उदय ने कभी पर्दे के पीछे अपने रिश्ते के बारे में कोई बात की।

### क्रिकेटर युवराज सिंह के साथ भी उड़ी अफवाह

शमिता से जुड़ा एक और नाम जो मीडिया में अटकलों में आया, वह था हरमन बावेजा। 2012 के आसपास, ऐसी अफवाहें थीं कि दोनों के बीच लव अफेयर हैं। हालांकि, एक बार फिर, दोनों की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया। इतना ही नहीं शमिता का नाम कुछ समय के लिए क्रिकेटर युवराज सिंह के साथ भी जुड़ा।

# मदरहुड जर्नी को एंज्वॉय कर रही हैं कियारा आडवाणी



कियारा आडवाणी का घर और जिंदगी इस वक्त खुशियों से भरी हुई है। 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बेटी के माता-पिता बने। बेटी के जन्म पर कियारा और सिद्धार्थ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था, 'हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी हुई।' हाल ही में कियारा ने अपनी मदरहुड जर्नी को लेकर भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की है।

### कियारा ने पोस्ट में लिखे अपने इमोशन

कियारा आडवाणी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे डायपर बदलती हूं, तुम मेरी दुनिया बदलो। यह एक फेयर ट्रेड है।' इस पोस्ट के जरिए कियारा अपनी मदरहुड जर्नी को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। इस मदरहुड जर्नी में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा भी कियारा का साथ दे रहे हैं। वायरल वीडियो में अक्सर नजर आता है कि वह कियारा का बहुत ज्यादा ध्यान रखते हैं।

### 'वॉर 2' में नजर आएंगी कियारा

कियारा आडवाणी इन दिनों ब्रेक पर हैं, वह बेटी की परवरिश में समय दे रही हैं। लेकिन जल्द ही वह फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के अपोजिट नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग कियारा पहले कर चुकी थीं। फिल्म 'वॉर 2' 14 अगस्त को रिलीज हो रही है। इस साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे।